सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 14 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 162, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स-निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर

खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का माहौल रहा। } 14

सशस्त्र बल हर चुनौती के लिए तैयार : राजनाथ

राजनाथ सिंह ने कहा कि नयी सरकार सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में ध्यान केंद्रित करेगी। } 16

हमारी कार्रवाई माफिया के खिलाफ

सड़क पर नहीं होगी नमाज, बकरीद पर प्रतिबंधित पशु कटे तो होगी कार्रवाई : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी कार्रवाई माफिया के खिलाफ है, गरीब के खिलाफ नहीं। यह कार्रवाई और तेज की जाए। हर गरीब, शोषित, पीड़ित और वंचित के हितों की रक्षा, हमारी जिम्मेदारी है। भूमाफिया हो या कोई अन्य माफिया सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व त्योहारों को देखते हुए सुदृढ़ कानून-व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में गुरुवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तान गणों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक

दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 16 जून को गंगा दशहरा, 17 जून को बकरीद, 18 जून को ज्येष्ठ माह का मंगल का पर्व है और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है, जबकि जुलाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

राज्य कर्मियों को योगी सरकार का तोहफा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। इस कदम से राज्य कर्मचारियों को सेवावृत्ति के अगले दिन होने वाली वेतनवृद्धि का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बृहस्पतिवार को इस संबंध में वित्त विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में वित्त मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि वेतनवृद्धि की ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीबीआई ने रेलवे स्टोर में मारा छापा, धरे गये आरपीएफ दारोगा व रेलकर्मी

स्क्रैप ठेकेदार से रिश्वत लेने का आरोप, हिरासत में गोदाम कर्मी, धरपकड़ के बाद घरों में भी छापेमारी

राजीव जैन

लखनऊ। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को आलमबाग स्थित रेलवे भंडारण विभाग में छापेमारी कर स्क्रैप ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के दारोगा और रेलकर्मी को हिरासत में लिया गया है। यह भी जानकारी मिल रही है कि पकड़े गये कर्मचारियों के आवास पर भी छापेमारी की गई है। हालांकि देर रात तक सीबीआई के अफसरों ने दोनों की हिरासत में लेने की पुष्टि नहीं की है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर रेलवे का आलमबाग में भंडारण स्टोर का गोदाम और ऑफिस है। यहां से रेलवे विभाग के विभिन्न माल की सप्लाई और स्क्रैप की नीलामी करता है। स्क्रैप की नीलामी से संबंधित एक ठेकेदार ने सीबीआई में शिकायत की थी कि नीलामी के बाद स्क्रैप माल की तौल से लेकर गोदाम से स्क्रैप का माल बाहर निकलने तक भंडारण विभाग के कर्मचारी और गोदाम के मुख्य द्वार पर तैनात आरपीएफ के जवान रिश्वत मांगते हैं। इस शिकायत पर सीबीआई की एंटी करप्शन टीम पिछले कुछ दिनों से यहां के कर्मचारी और आरपीएफ के जवानों की निगरानी कर रहे थे। गुरुवार को रोज की भांति

❍ देर रात पूछताछ में मिली अहम जानकारी, कई अन्य भी आ सकते हैं जांच के दायरे में

ठेकेदार स्क्रैप के माल को लेने के लिए रेलवे स्टोर पहुंचा था। इस दौरान स्टोर में स्क्रैप की डिलीवरी देने वाले डीएसके के पद पर तैनात अविरल कुमार ने ठेकेदार से रिश्वत मांगी। जैसे ही ठेकेदार ने रिश्वत की रकम दी, वैसे ही मौके पर सीबीआई ने अवरिल कुमार को रिश्वत के रुपये के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। सूत्रों के मुताबिक इसी बीच भंडारण विभाग के मुख्य द्वार पर तैनात आरपीएफ के मनोज राय को भी सीबीआई ने ठेकेदार से रिश्वत लेते पकड़ा। सीबीआई की टीम ने अविरल कुमार और मनोज को अपनी हिरासत में ले लिया। सीबीआई टीम के प्रभारी ने भंडारण विभाग के डिप्टी के पदार्थ मैनेजर को फोन पर सूचना दी और उसके बाद दोनों को अपने साथ ले गई। जानकारी यह भी मिली है कि गोदाम में छापेमारी के बाद सीबीआई दोनों आरोपियों के घरों पर भी छापा मारा। बताया जा रहा है कि सीबीआई दोनों आरोपियों से देर शाम तक पूछताछ करती रही। उधर गुरुवार को पुनः हुई छापेमारी के दौरान सीबीआई टीम और कुछ रेलकर्मियों के बीच कहासनी भी हुई थी, लेकिन सीबीआई ने किसी की कोई बात नहीं सुनी और दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई। फिलहाल इस कार्रवाई से रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। बता दें कि यह वहीं आलमबाग भंडारण विभाग का गोदाम है। जहां सीबीआई ने कुछ वर्ष पूर्व भी छापेमारी की थी। इससे भंडारण विभाग के डिप्टी चीफ मटेरियल मैनेजर आलोक मिश्रा को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आलोक मिश्रा रेलवे विभाग के वरिष्ठ आईआरएस अफसर हैं। उनके खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की थी।

संक्षेप

अजीत डोभाल पुनः बने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

नयी दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी अजीत डोभाल को पुनः राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक रहेगी। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है,' मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति ने आईपीएस (सेवानिवृत्त) अधिकारी अजीत डोभाल को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

लोकसभा स्पीकर का चयन 26 को

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। सरकार का गठन होने के साथ ही मंत्रियों को उनके मंत्रालय भी सौंप दिए गए हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 18वीं लोकसभा का स्पीकर कौन होगा? इस प्रश्न का उत्तर 26 जून को मिल जाएगा। दरअसल 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है। उधर, इस तरह की भी खबरें हैं कि राजस्थान की कोटा लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले ओम बिड़ला को एक बार फिर से लोकसभा स्पीकर की कमान सौंपी जा सकती है।

नीट-यूजी परीक्षा विवाद में केंद्र का सख्त रुख

❍ 1,563 अभ्यर्थियों को दिये गये कृपांक लिये वापस ❍ 23 जून को फिर देनी होगी परीक्षा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) परीक्षा को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि उसने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक रद्द कर दिए हैं।

केंद्र ने यह भी कहा कि ऐसे अभ्यर्थियों के पास या तो दोबारा परीक्षा देने या नष्ट हुए समय की क्षतिपूर्ति के लिए उन्हें दिए गए कृपांकों को छोड़ने का विकल्प होगा। शीर्ष अदालत ने नीट-यूजी, 2024 के लिए छह जुलाई से शुरू होने वाली काउंसलिंग रोकने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि चिकित्सा महाविद्यालयों और अन्य संस्थानों में सफल उम्मीदवारों का प्रवेश उन याचिकाओं के परिणाम के अधीन होगा, जिनमें प्रश्नपत्र लीक और अन्य कदाचार के आधार पर पांच मई को आयोजित परीक्षा रद्द करने जैसी राहत

मांगी गई है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और जज संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ताओं की शिकायतों पर गौर करने के लिए गठित पैनल की सिफारिश पर 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए कृपांक रद्द करने के फैसले को काफी उचितै बताया।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) अखिल भारतीय प्री-मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करती है। सुनवाई की शुरुआत में केंद्र और एनटीए की ओर से पेश वकील कनु अग्रवाल ने कहा कि शिकायतों का संज्ञान लेने के लिए गठित समिति ने छात्रों की आशंकाओं को दूर करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रश्नपत्र लीक का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप

बेबुनियाद हैं। यह बहुत ही प्रामाणिक संस्था है। यह उच्च शिक्षा स्तर पर परीक्षाओं के अलावा हर साल 50 लाख से अधिक स्कूली छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करती है।

उनका बयान ऐसे दिन आया है जब एनटीए ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि नीट-यूजी (2024) के I,563 अभ्यर्थियों को कृपांक (ग्रेस मार्क) देने के फैसले को निरस्त कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को पुनः परीक्षा देने का विकल्प मिलेगा। प्रधान ने कहा कि यदि ये छात्र पुनः परीक्षा नहीं देना चाहते तो परिणाम में उसके मूल अंकों को शामिल किया जाएगा जिसमें कृपांक जुड़े नहीं होंगे। पहले दिए गए कृपांक एनटीए की मर्जी से नहीं थे, बल्कि उच्चतम न्यायालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

हिमाचल ने रोका दिल्ली का पानी

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश ने उच्चतम न्यायालय में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए उच्चतम न्यायालय से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा, इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा चूंकि यूवाईआरबी पहले ही दिल्ली को मानवीय आधार पर पानी की ...शेष पृष्ठ 14 पर

कुवैत से जल्द वापस आयेंगे मृतकों के शव

घायल भारतीयों से मिले विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह

एजेंसी

दुबई/कुवैत सिटी। कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किये जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए लगभग 40 भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह बृहस्पतिवार को कुवैत पहुंचे।

दक्षिणी शहर मंगाफ में सात मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में कम से कम 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा,' माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग लगने की विनाशकारी घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए ...शेष पृष्ठ 14 पर

येदियुरप्पा के खिलाफ गैर जमानती वारंट

बेंगलुरु। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामले की जांच कर रहे अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने पहले उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था। उन्होंने (येदियुरप्पा) सीआईडी के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है। पुलिस के अनुसार, येदियुरप्पा पर एक 17 वर्षीय किशोरी की मां ...शेष पृष्ठ 14 पर

मकान में लगी आग, पांच की मौत

सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति व्यक्त की संवेदना

जिला संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले के लोनी इलाके में एक मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र स्थित एक मकान में आग लग गई। आग मकान की नीचे की मंजिल में लगी और ऊपर मौजूद लोग उसमें फंस गए।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझायी। कुमार ने बताया कि इस घटना में दो बच्चों समेत कुल पांच लोगों की मृत्यु हो गई तथा कुछ अन्य लोग झुलसकर घायल भी हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि

मरने वालों में नाजरा (26), उसकी बेटी इकरा (सात), सैफुल रहमान (35), परवीन (28) और मोहम्मद फैज (सात माह) शामिल हैं। आग लगने के कारणों के बारे में कुमार ने बताया कि कुछ लोगों का कहना है कि घर के अंदर भारी मात्रा में फोम रखा हुआ था और शॉर्ट सर्किट से अचानक लगी आग फोम की वजह से पूरे घर में फैल गई, जिससे वहां मौजूद लोग बाहर नहीं निकल सके। उन्होंने बताया कि घटना के असल ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ सिंचाई विभाग ने छोटी गण्डक नदी को किया पुनर्जीवित (पृष्ठ-02)
❍ जिलों में नागरिक सुरक्षा के भरे जायेंगे रिक्त पद (पृष्ठ-02)
❍ विकसित अर्थव्यवस्था के लिए कर करनी होंगी दरें (पृष्ठ-14)
❍ भ्रामक विज्ञापन के लिए एडुटैप पर जुर्माना (पृष्ठ-14)
❍ 22 जून को होगी जीएसटी परिषद की बैठक (पृष्ठ-14)

विशेष खबर जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए इटली की यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

जी7 में एआई, ऊर्जा, अफ्रीका व भूमध्यसागरीय क्षेत्र होंगे मुख्य मुद्दे

एजेंसी

नयी दिल्ली। जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए इटली की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सम्मेलन में कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत यूरोपीय देश रवाना होने से पहले एक बयान में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आउटरीच सत्र में ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया के आलीशान रिसॉर्ट में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में युद्ध और गाजा में संघर्ष के मुद्दों के छाये रहने की उम्मीद है। मोदी ने कहा प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर मैं 14 जून को जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली के अपुलिया क्षेत्र की यात्रा कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद उनकी पहली यात्रा जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की है। मोदी ने कहा आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित

किया जाएगा। उन्होंने कहा यह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन और आगामी जी7 शिखर सम्मेलन के परिणामों के बीच अधिक तालमेल लाने और ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर होगा।

मोदी इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की भारत की दो यात्राओं ने हमारे द्विपक्षीय एजेंडे को गति और गहराई देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा हम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और हिंद-प्रशांत एवं भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री के शिखर सम्मेलन से इतर कई द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है। उन्होंने कहा मैं शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य नेताओं से मिलने को लेकर भी उत्सुक हूं। जी7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा और जापान शामिल हैं। इटली जी7 (सात देशों के समूह) शिखर सम्मेलन की वर्तमान में अध्यक्षता और मेजबानी कर रहा है। इटली ने अपनी अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली की रक्षा करने पर जोर दिया है। इटली के अनुसार, यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रामक युद्ध ने उसके सिद्धांतों को कमजोर कर दिया है और दुनिया भर में कई संकटों के साथ बढ़ती अस्थिरता को जन्म दिया है। उसका कहना है कि जी7 मध्य पूर्व में संघर्ष और वैश्विक एजेंडे के लिए इसके परिणामों को समान महत्व देगा।

दिल्ली और उत्तर भारत में जारी रहेगा लू का कहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली में सुबह आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 37 प्रतिशत दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और लू चलने की संभावना जताई है। विभाग ने कभी-कभी तेज हवाएं चलने का अनुमान भी लगाया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 181 रहा, जो कि खराब श्रेणी में है। शून्य से 50 के बीच में वायु गुणवत्ता सूचकांक होने को अच्छा माना जाता है। वहीं, 51 से 100 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम माना जाता है। 201 से 300 के बीच के वायु गुणवत्ता सूचकांक को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक अभी खराब श्रेणी में है।

C M Y K

संक्षेप

कुवैत अग्निकांड हादसे में भारतीयों की मौत पर मायावती ने जताया दुख

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने कुवैत अग्निकांड हादसे में भारतीयों की मौत पर दुख जताया तथा केंद्र सरकार से पीड़ितों के परिजन की पूरी मदद करने की मांग की है। मायावती ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कुवैत अग्निकांड हादसे में, 41 भारतीयों की मौत होना अत्यंत दुःखद है। मरने वालों के परिवार के प्रति गहरी संवेदना है तथा घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करती हूं। केन्द्र सरकार, उनके परिवार वालों की पूरी मदद करें। गौरतलब है कि बुधवार को कुवैत में मंगाफ शहर की एक इमारत में आग लगने से करीब 40 भारतीयों सहित 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य लोग घायल हो गए।

उच्चतम न्यायालय में 29 से विशेष लोक अदालत

लखनऊ। सदस्य सचिव संजय सिंह प्रथम ने बताया कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

रिवाल्विंग फण्ड की धनराशि हुई दोगुनी

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों व क्रियाकलापों को बढ़ावा देने व उन्हें प्रोत्साहित करने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे स्वयं सहायता समूहों की आमदनी में और अधिक इजाफा हो सके तथा ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी होने के साथ-साथ अपने परिवार को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक रूप से समृद्ध व सक्षम बना सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवॉल्विंग फण्ड व सामुदायिक निवेश निधि बढ़ाये जाने से न केवल समूहों के क्रियाकलापों की गति तेज होगी, बल्कि समूहों की दीदियों का समाज में सम्मान भी बढ़ेगा।

सिंचाई विभाग ने छोटी गण्डक नदी को किया पुनर्जीवित

राप्ती नदी से गोरखपुर तथा देवरिया के कुल 33 ग्रामों की लगभग 60000 की आबादी को किया गया लाभान्वित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा गुर्रा नदी के ढाल को कम करके ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी में निरन्तर प्रवाह बनाकर गोरखपुर के 27 ग्राम तथा देवरिया के 6 ग्रामों सहित कुल 33 ग्रामों की लगभग 60000 की आबादी तथा पशु, पक्षियों को लाभान्वित करने के साथ भूगर्भ जल को भी बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वहीं इसके साथ ही गुर्रा नदी से बाढ़ के समय बाढ़ से होने वाली क्षति को कम करके गोरखपुर के 20 ग्राम एवं देवरिया के 6 ग्रामों सहित कुल 26 ग्रामों की 35000 आबादी को सुरक्षित करने के सराहनीय कार्य किया गया है।

- गोरखपुर के दो तहसीलों एवं देवरिया के एक तहसील को सिंचाई विभाग के प्रयास से राप्ती नदी के द्वारा ग्रीष्म ऋतु में मिला पानी
- गुर्रा नदी से बाढ़ के समय होने वाली क्षति को कम करके गोरखपुर तथा देवरिया की 35000 आबादी को सुरक्षित करने का प्रयास

स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि गुर्रा नदी का उद्गम स्थल गोरखपुर में प्रवाहित राप्ती नदी से ग्राम रूदाइन मझगंवा, तहसील बांसगांव एवं ग्राम सेमरौना, तहसील चौरी चौरा है। उद्गम स्थल से गुर्रा नदी का ढाल राप्ती नदी के ढाल से अधिक होने के कारण बाढ़ एवं ग्रीष्म ऋतु में पानी का बहाव समानुपातिक नहीं होने से बाढ़ अवधि में गुर्रा नदी से भारी तबाही की सम्भावना बनी रहती थी, वहीं दूसरी ओर ग्रीष्म ऋतु में राप्ती नदी के सूख जाने के कारण आबादी एवं पशु पक्षियों एवं जीव-जन्तुओं को कृषि कार्य एवं पीने का पानी नहीं मिलने से जन-जीवन प्रभावित होता था। स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि इसके साथ ही सिंचाई विभाग की पहल पर छोटी गंडक नदी को भी पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास किये गये, जिसके क्रम में नदी के सेक्शन की पुनर्स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया गया है।



नदी को मूल स्वरूप में लाने की प्रक्रिया के दौरान ही भूजल स्तर नदी में आने लगा और सिंचाई विभाग द्वारा की गई पहल कारगर व सफल साबित हुई। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि छोटी गण्डक एक घुमावदार भूजल आधारित नदी है जो नेपाल राष्ट्र के परसौनी नवलपरासी से उद्गमित होकर भारत राष्ट्र में लक्ष्मीपुर खुर्द ग्राम सभा महराजगंज उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती है। यह नदी महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया जिलों में 250 किमी की लम्बाई में बहती हुई अनन्तः बिहार राज्य के सीवान जिले के गोठानी के पास घाघरा नदी में मिल जाती है।

छोटी गण्डक के भारत राष्ट्र में प्रवेश करने के उपरान्त प्रारम्भ के लगभग 10 किमी लम्बाई में अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका था। जिसके कारण नदी सेक्सन में पूर्णतः सिल्टेड व संकुचित होकर कृषि कार्य किया जाने लगा। इस नदी को पुनजीवित करने के लिये कार्य तेजी से किया गया है।

जिलों में नागरिक सुरक्षा के भरे जायेंगे रिक्त पद

नागरिक सुरक्षा के कार्यों को जनता के बीच ले जायें, सुरक्षा इकाई का हो गठन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नागरिक सुरक्षा में 516 सरकारी पद हैं, जिनमें से अभी 170 भरें हैं तथा 346 पद खाली हैं, जिनसे संबंधित अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेज दिया गया है। होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने इस पर शीघ्र प्रभावी कार्यवाही कराये जाने के लिए निर्देशित किया।

होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने गुरुवार नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नागरिक सुरक्षा के कार्यों को जनोपयोगी ढंग से उपयोग में लाये जाने के लिए उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारियों के माध्यम से जिलों में नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स को जन कार्यों में अधिक भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया जाय साथ ही समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स के जनहित के कार्यों से आम जनता को अवगत कराने के लिए समुचित प्रयास किये जायें जिससे जनता में नागरिक सुरक्षा के कार्यों के प्रति सम्मान का भाव जागृत हो। प्रजापति ने होमगार्ड सेवा को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने के लिए सार्थक प्रयास किये जाने के निर्देश दिये साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि होमगार्ड्स को अधिकतम ड्यूटी आवंटित किये जाने के लिए नियमानुसार रोस्टर का निर्धारण कर उसका अनुपालन किया जाये। प्रजापति ने नागरिक सुरक्षा विभाग एवं होमगार्ड विभाग को समृद्ध व सुदृढ़ बनाये जाने पर विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक 15 जिलों में नागरिक सुरक्षा की इकाई कार्य कर रही है तथा शेष 60 जिलों में नागरिक सुरक्षा के वालंटियर्स तैनात किये जाने का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है। इस पर मंत्री ने कहा कि शासन भेजे गये प्रस्ताव को व्यक्तिगत सम्पर्क कर शीघ्र अनुमोदित कराया जाए और साथ ही विभाग के कार्यों यथा प्राकृतिक आपदा, आकस्मिक घटनायें, स्थानीय आयोजनों के साथ ही विभागों के जिला स्तरीय कार्यों आदि में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए पर्याप्त धन की उपलब्धता की गणना करते हुए बजट का पुनरीक्षण किया जाए।

- होमगार्ड्स को अधिकतम ड्यूटी आवंटित किया जाये : धर्मवीर प्रजापति

उन्होंने कहा कि बख्शी का तालाब स्थित विभागीय ट्रेनिंग सेंटर को और अधिक विकसित तथा क्रियाशील किये जाने के लिए यथा आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर का उनके द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जायेगा।

सूबे में निर्मित होगा एक और प्रशिक्षण केन्द्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। एमएसएमईए रेशम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने निर्देश दिया कि रेशम की खेती से जुड़े हुए किसानों को प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश में एक और नया प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए स्थान का चयन कर लिया जाए।

रेशम उद्योग मंत्री ने यह निर्देश गुरुवार को खादी भवन में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से रेशम विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि रेशम कीट पालकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है, जितना अधिक प्रशिक्षण दिया जाएगा इस खेती से जुड़े कृषकों को उतना ही अधिक लाभ होगा। इसके लिए कृषकों को समय-समय पर कर्नाटक भेज कर प्रशिक्षण कराया जाए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में रेशम किसानों के प्रशिक्षण के लिए उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में प्रशिक्षण केंद्र पहले से स्थापित है, जहां पर गर्मी के मौसम में प्रशिक्षण कार्य बाधित होता है। सचान ने कहा कि रेशम की खेती से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ते हुए इसके उत्पादन तथा उत्पादकता को और अधिक बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में रेशम उत्पादन की दर अपेक्षानुरूप नहीं है, प्रदेश में रेशम के उत्पादन में प्रतिवर्ष 50 से 60 टन की वृद्धि लायी जाये। प्रदेश में रेशम की मांग एवं उत्पादन के अंतर को कम करने के लिए एनजीओ और एफपीओ को जोड़ा जाए, परियोजना को केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं भारत सरकार से स्वीकृत भी कराया जाए।

सुरक्षा सफाई का खास इंतजाम हो

लखनऊ। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने अपर मुख्य सचिव गृह एवं अपर मुख्य सचिव नगर विकास से 17 जून को मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा के पवित्र त्यौहार के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ सफाई के इंतजाम कराने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा की नमाज के समय ईदगाह एवं मस्जिदों में काफी भीड़ होती है।

लोक कलाकारों का उत्पीड़न एवं शोषण बर्दाश्त नहीं : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि प्रदेश की लोक संगीत हमारी संस्कृति की अनमोल धरोहर है। इसलिए लोक संगीत एवं कलाकारों को संरक्षित करना जरूरी है। लोक संगीत को संरक्षण देने की उदासीनता के कारण ही बहुत सी लोक कलाएं एवं संगीत विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी हैं। गत वर्ष कलाकारों के मानदेय भुगतान में काफी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसके लिए एक जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कलाकारों का शोषण और उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जायेगा। प्रत्येक पंजीकृत कलाकार को साल में तीन कार्यक्रम आवंटित किये जायेंगे।

कार्यक्रम से पूर्व उनके पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत अग्रिम तथा शेष धनराशि कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सीधे उनके खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की कोई सुव्यवस्थित संस्कृति नीति नहीं थी। लोक कलाओं तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा समृद्ध विरासत को बचाये रखने के लिए संस्कृति नीति का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इसके लिए विभिन्न संस्थाओं के विशेषज्ञों के सुझाव प्राप्त किये गये हैं। प्रदेश के संस्कृति विभाग लोक कलाओं को संरक्षण देने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक कारगर कार्ययोजना एक सप्ताह के अंदर बनाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश की संस्कृति का अमिट संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि लोक संगीत तथा इससे जुड़े कलाकारों को रोजी-रोटी की व्यवस्था के लिए अब तक 1500 ग्राम सभाओं को वाद्ययंत्र के सेट वितरित किए गए हैं। अवशेष ग्राम सभाओं को भी इस योजना से आच्छादित किया जायेगा। जयवीर सिंह ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा युवाओं को जोड़ने के लिए देशभर की प्रतिष्ठित संस्थाओं से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने सभी समझौता ज्ञापनों की समीक्षा करते हुए कहा कि समझौता ज्ञापन का परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समझौते की विभिन्न गतिविधियां लगातार चलनी चाहिए। इसके साथ ही वित्तीय अनुशासन का पालन भी किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी समझौता ज्ञापनों की अब तक की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री ने संस्कृति विभाग के अधीन आने वाली सभी संस्थाओं तथा अकादमियों का बिन्दुवार समीक्षा की, उन्होंने निर्देश दिए कि खाली पदों को शीघ्र भरा जाए। इसके साथ ही संस्थान अपने माध्यम से ऐसे नवाचार तथा गतिविधियों पर जोर दें, जिससे उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पर्यटक आ सकें। उन्होंने कहा कि घरेलू पर्यटकों के आवक में प्रदेश पहले स्थान पर है। एक पर्यटक छः लोगों को रोजगार देता है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। इसको देखते हुए सभी अकादमी एवं संस्थान पर्यटक गतिविधियों को बढ़ावा दें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के समय उत्तर प्रदेश संस्कृति प्रोत्साहन परिषद के नामित सदस्यों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि हर संस्थान और अकादमी के भवन एवं अन्य निर्माण भव्य और दिव्य दिखाई दे इसके लिए भी कार्ययोजना तैयार की जाए। पर्यटन मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मूर्ति निर्माण की अद्यतन स्थिति की भी गहन समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि 34 में से 22 मूर्तियां अब तक तैयार की गईं हैं। शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज चौहान, भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महर्षि वाल्मिकी तथा महाराजा दक्ष प्रजापति की प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। इसके अलावा पं. दीनदयाल उपाध्याय, महायोगी गोरखनाथ, महाराणा प्रताप, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तैयार हो गई है। बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निमार्णाधीन योजनाओं, विभिन्न कार्ययोजनाओं के ड्राफ्ट तथा भवनों के सौन्दर्यीकरण का कार्य माननीय मंत्री के निर्देशो के अनुरूप पूरा किया जाए। इसके साथ ही समयबद्धता एवं वित्तीय अनुशासन का हर स्तर पर पालन किया जाए।

11 सांसदों की 'सांसदी' पर लटकी है तलवार

7 सांसद इंडिया अलायंस और 3 एनडीए के

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में अप्रत्याशित नतीजे देखने को मिले। भाजपा 2014 और 2019 का प्रदर्शन नहीं दोहरा पाई जबकि हाथ का साथ लेकर सपा की साइकिल रफ्तार से दौड़ी। सपा ने 37 सीटें जीतीं जबकि भाजपा 33 पर सिमट गई। कांग्रेस 6 और रालोद के खाते में 2 सीटें गईं। लेकिन इनमें से 11 ऐसे एमपी हैं, जिनकी सांसदी पर तलवार लटकी हुई है। इन नेताओं पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, अगर इनमें दो साल से ज्यादा सजा हुई तो इनकी सदस्यता खत्म हो सकती है।

इन 11 सांसदों में 7 इंडिया अलायंस जबकि 3 एनडीए के हैं। इसमें गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा (सपा), सुल्तानपुर से रामभुआल निषाद (सपा), चंदौली से वीरेंद्र सिंह (सपा), बस्ती से राम प्रसाद चौधरी (सपा), आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव (सपा), हाथरस से अनूप प्रधान (बीजेपी), फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर (बीजेपी), बिजनौर से चंदन चौहान (रालोद), बागपत राजकुमार सांगवान (रालोद), सहारनपुर से इमरान मसूद और नगीना से चंद्रशेखर आजाद का नाम शामिल है। अफजाल अंसारी को गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा हो चुकी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगाई थी। जिसके बाद वह चुनाव लड़ पाए। इस मामले में जुलाई में सुनवाई होगी। अगर उनकी सजा बरकरार रहती है तो सदस्यता जा सकती है। हालांकि उनके पास सुप्रीम कोर्ट में जाने का विकल्प रहेगा। धर्मेंद्र यादव के खिलाफ 2023 में एक केस में आरोप तय हो चुके हैं, अगर इसमें दो साल की सजा होती है तो उनकी सांसदी जा सकती है। नगीना सांसद चंद्रशेखर के खिलाफ 36 केस दर्ज हैं। चार मामलों में आरोप तय हो चुके हैं। अगर इनमें दो साल से ज्यादा की सजा हुई तो सदस्यता जा सकती है। जौनपुर से सांसद बने बाबू सिंह कुशवाहा पर भी एनआरएचएम घोटाला समेत कई मामले दर्ज हैं। इनमें 8 में आरोप तय हो चुके हैं। चंदौली सपा सांसद वीरेंद्र सिंह पर भी गंभीर धाराओं में 3 केस दर्ज हैं। इमरान मसूद पर भी मनी लॉन्ड्रिंग समेत 8 केस दर्ज हैं। हाथरस सपा सांसद अनूप प्रधान पर भी गंभीर धारा में केस दर्ज है। चंदन चौहान और राजकुमार सांगवान पर भी आपराधिक केस दर्ज हैं लेकिन इनमें आरोप तय नहीं हुए हैं।

क्या है नियम

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 8 (3) के तहत अगर किसी सांसद को दो या दो साल से ज्यादा की सजा होती है तो उसकी सदस्यता जा सकती है। साथ ही वह 6 साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य हो जाएगा।

सभी स्कूलों, मैदानों,पार्कों में हो योगाभ्यास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने निर्देश दिया है कि योग दिवस का आयोजन सिर्फ राजभवन तक न होकर प्रदेश के प्रत्येक स्कूल, खुले मैदानों, पार्कों आदि में वृहद रूप से कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रमुख सचिव आयुष विभाग लीना जौहरी से खास तौर पर प्रत्येक जनपद में इस आयोजन को वृहद रूप में कराने को कहा।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन में 21 जून को होने वाले योग दिवस आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि गर्भवती माताओं को तथा आंगनवाड़ी के बच्चों को भी योग सिखाने की व्यवस्था हो, जिससे स्वस्थ संतान के साथ-साथ बच्चों में भी योग की आदत विकसित हो।

इसी क्रम में राज्यपाल ने प्रकृति और मौसम के साथ जुड़कर योगाभ्यास कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा खुले मैदानों में योगाभ्यास के दौरान यदि वर्षा होती है तो मौसम के अनुकूल सहज आसनों का योग किया जाए, लेकिन योगाभ्यास प्राकृतिक वातावरण में ही किया जाए। राज्यपाल ने झुग्गी-बस्तियों के निवासियों, भिक्षावृत्ति से पृथक होकर मुख्य जीवनधारा से जुड़े उम्मीद संस्था की महिलाओं और बच्चों को भी योग में जोड़ने को कहा। उन्होंने मंडलायुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब को निर्देश दिया कि इन बस्तियों के निवासी लोगों को योग से अवश्य जोड़ें तथा उन्हें योग की सामग्री यथा टी-शर्ट, मैट आदि भी उपलब्ध करवाएं। बैठक में राज्यपाल ने यूपी सरकार से भी अपेक्षा की कि प्रदेश के सभी मंत्रीगण अलग-अलग स्थलों पर जाकर योग कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व करें तथा लोगों में योग के प्रति जागरूकता और रूचि का प्रसार करें। राज्यपाल ने बैठक में जन सहयोग से योग के जनसंकल्प पर जोर दिया और कहा कि योग का प्रमुख उद्देश्य स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने बताया कि 15 जून से योग सप्ताह प्रारम्भ हो जाएगा, जिसका समापन 21 जून को योग दिवस के दिन होगा। योग की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल की मंशानुरूप अधिक प्राकृतिक योग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

एमपी को यूपी जमरार बांध से पीने का पानी देगा यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। पत्र में नदी से पानी की मांग की थी। इस पर त्वरित निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाधान कर दिया। मुख्यमंत्री ने व्यापक जनहित को देखते हुए टीकमगढ़ के निवासियों के लिए इस माह जमरार बांध से 0.72 एमसीएम जल उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी कर दिए।

एक तरफ दिल्ली में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास से टीकमगढ़ शहर की पेयजल व्यवस्था का समाधान हो गया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जमरार बांध (ललितपुर, यूपी) से 1.00 एमसीएम जल प्रदान किए जाने पर सहमति हो गई है। डॉ. मोहन यादव ने टीकमगढ़ में सुचारू पेयजल प्रदान करने के प्रशासन को निर्देश दिए थे। इस क्रम में उन्होंने अपनी ओर से उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ में पेयजल समस्या उत्पन्न होने की जानकारी मिलते ही त्वरित कदम उठाए और उत्तर प्रदेश सरकार से संपर्क किया था। इस मामले को लेकर सीएम मोहन यादव ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र में लिखा था कि टीकमगढ़ नगर में जलापूर्ति जामनी नदी से की जाती है। ग्रीष्म ऋतु में जामनी नदी में पानी का प्रवाह कम हो जाने से और जामनी नदी के अप स्ट्रीम में उत्तर प्रदेश में जामनी बांध और भौराट बांध के निर्माण के कारण टीकमगढ़ शहर में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। टीकमगढ़ शहर के पेयजल संकट का जमरार बांध से 1.00 एमसीएम पानी प्रदान किए जाने की स्थिति में समाधान संभव है। अनुरोध है कि टीकमगढ़ शहर के पेयजल के लिए उत्तरप्रदेश में ललितपुर जिले में स्थित जमरार बांध से 1.00 एमसीएम जल उपलब्ध कराने के निर्देश जारी कर टीकमगढ़ शहर एवं प्रदेश की जनता को अनुग्रहित करें। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पत्र पर संज्ञान लिया और इस तरह टीकमगढ़ के लगभग दो लाख निवासियों को अब पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भेजे पत्र के जवाब में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि व्यापक जनहित को देखते हुए टीकमगढ़ के निवासियों के लिए इस माह जमरार बांध से 0.72 एमसीएम जल उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जामनी बांध वर्ष 1973 में निर्मित हुआ था और भौरट बांध वर्तमान में निर्माणाधीन है। इन बांधों के कारण जामनी नदी के माध्यम से जाने वाला पानी अवरूद्ध नहीं हुआ है। टीकमगढ़ के बरीघाट स्टापडेम की जल भंडारण क्षमता पेयजल आपूर्ति के मान से कम है, इसलिए उत्तरप्रदेश सरकार ने जमरार बांध से टीकमगढ़ के नागरिकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था का निर्णय लिया है।

अकबरनगर में बुलडोजर ने चौथे दिन ढहा दिये 137 पक्के निर्माण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अकबरनगर को भूमाफिया और घुसपैठियों से क्षेत्र को खाली कराने के लिए योगी सरकार की ओर से की जा रही कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। योगी सरकार का बुलडोजर एक बार फिर गरजा और

- अंतिम चरण में है ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, अब तक 449 निर्माण जमींदोज
- भूमाफिया, घुसपैठियों व अराजकता के खिलाफ चल रहा योगी का बुलडोजर

बिना किसी हंगामे के 137 अवैध निर्माण तोड़े गए।

अकबर नगर द्वितीय में 83 और अकबर नगर प्रथम में 54 निर्माणों को जमींदोज कर दिया गया। अब तक कुल 449 निर्माणों को ढहा दिया गया। योगी सरकार यहां भूमाफिया, घुसपैठियों, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की ओर से कब्जा कर बनाए गए अवैध मकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का ध्वस्तीकरण कर इस क्षेत्र को इको टूरिज्म का हब बनाने जा रही है। लखनऊ के चिडियाघर को भी इसी क्षेत्र में पुनर्स्थापित किए जाने की योजना है। यही नहीं, योगी सरकार ने यहां विस्थापित परिवारों का भी ध्यान रखते हुए अब तक 1800 से ज्यादा निवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवनों का भी आवंटन कर दिया है। सपा सरकार और भूमाफिया की सांठगांठ के जरिए कुकरैल नदी के अस्तित्व को खतरे में डालकर यहां व्यापक पैमाने पर अवैध निर्माण किया गया था। अपने फायदे के लिए सपा पोषित भूमाफिया ने कुकरैल नदी पर घुसपैठियों, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को अवैध तरीके से बसा दिया था, जिसके चलते यह पूरा इलाका अपराध और जरायम का प्रमुख अड्डा बन गया। यहां से प्रदेश में अराजकता और सुरक्षा से खिलवाड़ करने के लिए साजिश रची जाती थी। यही नहीं, नियम कायदों को ताक पर रखकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। हालांकि, सीएम

योगी ने इस क्षेत्र के पुनरोद्धार का बीड़ा उठाया और लोकसभा चुनावों से पहले ही इस पूरे इलाके को खाली करवा कर कुकरैल नदी को पुनर्जीवित कर इस क्षेत्र को इको टूरिज्म का हब बनाने का निर्णय लिया था। अब उस पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर कुकरैल नदी व बंधे के बीच बसाई गई अकबरनगर की अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया जा रहा है। इसके लिए योगी सरकार ने हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में कुकरैल नदी के अस्तित्व को वापस लौटाने के लिए लड़ाई लड़ी। इस दौरान कोर्ट ने भी योगी सरकार के निर्णय को सही माना। साथ ही अकबरनगर में अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण कार्रवाई को जारी रखने का आदेश दिया।

कुकरैल में विकसित होगी देश की पहली नाइट सफारी, चिड़ियाघर भी होगा शिफ्ट

कुकरैल नदी की जमीन पर रहीमनगर, अकबरनगर और भीखमपुर से अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। कुकरैल वन क्षेत्र को ईको टूरिज्म का हब बनाने जा रही है। यहां देश की पहली नाइट सफारी विकसित होने जा रही है। नाइट सफारी के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। यह परियोजना 855.07 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाएगी। इसका डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत ही लखनऊ का चिड़ियाघर भी इसी क्षेत्र में शिफ्ट किया जाएगा। वर्तमान में पूरे विश्व में मात्र चार नाइट सफारी संचालित है। कुकरैल नाइट सफारी पार्क देश की पहली नाइट सफारी होगी। इसके निर्माण होने से यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आएगी, जिससे विदेशी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रेल, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैण्ड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंड की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे। नाइट सफारी में कुल 42 इनक्लोजर में 54 प्रजातियों के जानवरों को रखा जाएगा। नाइट सफारी की अधिकतम धारण क्षमता 8000 व्यक्ति प्रति रात्रि होगी। पर्यटकों द्वारा नाइट सफारी पार्क का अवलोकन 5.5 किमी ट्राम-वे तथा 1.92 किमी का पाथ-वे के माध्यम से किया जाएगा। नाइट सफारी में एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेन्दुआ, हायना आदि आकर्षण का केंद्र होंगे। कुकरैल नदी के दोनों तरफ सुंदर पार्क विकसित किए जाएंगे। एडवेंचर एक्टिविटी भी होंगी।

गोमती की सहायक नदी है कुकरैल

1904 में प्रकाशित लखनऊ के गजेटियर के अनुसार कुकरैल महोना में अस्ती गांव के उत्तर से निकलती है और शहर के ठीक नीचे भीखमपुर के पास गोमती नदी में मिल जाती है। गजेटियर के अनुसार कुकरैल का पानी, अपने शुद्धता के लिए प्रसिद्ध हुआ करता था। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर वेंकटेश दत्ता की मानें तो गोमती के अस्तित्व के लिए अविरल निर्मल कुकरैल नदी आवश्यक है। प्रो.दत्ता बताते हैं कि कुकरैल नदी, गोमती की सहायक नदी है। यह मध्य लखनऊ शहर से गुजरते समय बड़ी मात्रा में पानी लाती है। 1962 में तटबंध के निर्माण से पहले, कुकरैल नदी बैराज के नीचे की ओर (जहां वर्तमान ताज होटल और अंबेडकर पार्क स्थित है) गोमती से मिलती थी। लेकिन तटबंध के निर्माण के बाद नदी का यह हिस्सा नदी की मुख्यधारा से कट गया। कुकरैल के रिपेरियन बफर को बांधो, नालों और अनियोजित शहरीकरण से काफी नुकसान हुआ है, इसे बिना नुकसान पहुंचाए जहां तक हो सके, रिस्टोर करने की जरूरत है।

पशु आश्रय केंद्र का सीडीओ ने किया निरीक्षण

लखनऊ। विकासखंड गोसाईगंज के बहरौली गांव स्थित पशु आश्रय केंद्र का लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार जैन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सारी व्यवस्था चाक चौबंद पाई गई। बीडीओ ने सबसे पहले स्वास्थ्य केंद्र बहरौली पहुंचे और यहां की व्यवस्था जांचने के बाद उन्होंने पानी टंकी का निरीक्षण किया। इसके बाद यह भी देखा कि घर-घर टोटी से पानी आ रहा है या नहीं। इसके बाद पशु आश्रय केंद्र पहुंचे। यहां पर खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार गप्पू, पवन पांडे सहित गांव के तमाम सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। केंद्र में चारा पानी की समुचित व्यवस्था पाई गई लू से बचाव के लिए पशुओं को ठंडा पानी से नहलाने की व्यवस्था भी केंद्र में पाई गई। गर्म हवा के वार से बचाव के लिए बड़े बड़े तिरपाल की व्यवस्था भी उपलब्ध थी। लगभग 224 पशु मौजूद थे। खिलाने के लिए अच्छा नमक खीरा जैसी चीज भी उपलब्ध थी। सीडीओ ने अपने हाथों से पशुओं को गुड़ खिलाया। गोदाम में पर्याप्त भूसा पाया गया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि गांव में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

कर्मचारियों के उपचार पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया हो सरल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत्त व कार्यरत कर्मचारियों के चिकित्सा एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित पत्रावलियों में विलंब किए जाने पर आपत्ति जताई है। संघ की ओर से महापौर व नगर आयुक्त को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र के जरिए संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा है कि कर्मचारियों के विशेष परिस्थितियों में कराए जाने वाले आकस्मिक इलाज के समय ली जाने वाली विभागीय सहमति एवं उसके उपरांत इलाज के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के परीक्षण के बाद भी पत्रावलियों में आपत्तियां लगा दी जा रही है। इससे कर्मचारियों में रोष है। नगर निगम प्रशासन, महापौर से अनुरोध किया है कि वृद्धावस्था एवं विशेष परिस्थितियों में कराए गए इलाज एवं उपचार पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति के संबंध में मानवीय आधार अपनाते हुए इलाज की सहमति एवं इलाज पर हुए खर्च के भुगतान प्रक्रिया को सरल किया जाए जिससे किसी भी प्रकार से कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से कोई परेशानी न उठानी पड़े। कर्मचारियों का इलाज भी सुचारू से समय पर हो सके।

अकबरनगर में घरेलू कनेक्शन कम, कामर्शियल ज्यादा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजली कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ता का पैसा नियमतह पैसा जमा करना पड़ता है। 10 किलोवाट से ज्यादा कामर्शियल कनेक्शन लेने पर प्रतिमाह बिलिंग कराकर पैसा जमा कराया जाता है। फिर सवाल यह उठता है कि अकबरनगर में मकान और दुकान गिरने के बाद भी लाखो रुपये बकाया है जिसका हिसाब आनलाईन दिख रहा है। अकबरनगर में कामर्शियल कनेक्शन 263 और घरेलू बिजली कनेक्शन 732 है जिसमे 93 कामर्शियल कनेक्शन का 6 लाख से अधिक बकाया है। वहीं घरेलू बिजली कनेक्शन 461 लोगों को 8 लाख से अधिक का बकाया है। महानगर एक्सीएन ने बताया कि जिन्होंने भी बिजली कनेक्शन लिया था और पैसा नही जमा किया है उनसे प्रधानमंत्री आवास में जाने के बाद वसुल किया जायेगा। वहीं अकबरनगर मे रहने वाले सुहैल ने बताया कि 6 लाख से अधिक रुपये जमाकर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया था यह पता होता कि मकान और दुकान ही नही रहेगा तो इतना पैसा नही खर्च करता। सहैल ने बताया कि अब ट्रांसफार्मर भी विभाग नही ले रहा है।

ऐसे में ट्रांसफार्मर बिजली विभाग उतारने भी नही दे रहा है। अकबरनगर में रहने वाले रबीना ने बताया कि बीते छह माह से घर में नही रह रहे है क्योकि नगर निगम ने नोटिस दिया था ऐसे में बिजली कनेक्शन का 80 हजार से ज्यादा बिल बकाया है अब ऐसे में कहा से पैसा जमा करे। रबीना ने बताया कि बिजली विभाग बार-बार नोटिस भेज रहा है। लेसा ट्रांसगोमती ट्रांस गोमती के मुख्य अभियंता ने बताया कि बकाया पैसा ट्रे जरी के माध्यम से वसुला जायेगा।

24 घंटे में ढके जायेंगे खुले मैनहोल

लखनऊ। शहरों में खुले मेनहोल्स और डक्ट अब 24 घंटे में ढके जाएंगे। इसके बाद भी दुर्घटना होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसकी निगरानी के लिए कमेटियां बनाई जाएंगी जो कि हर हफ्ते निरीक्षण करेगी। सीवर सफाई के दौरान उसके अंदर और आसपास घूम्रपान या चिंगारी पैदा करने वाले उपकरण पर प्रतिबंध होगा। स्थानीय निकाय निदेशक डा. नितिन बंसल ने हाईकोर्ट के आदेश पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दिया है। एसओपी के मुताबिक नगर निगमों में जोनल अधिकारी की अध्यक्षता में हर जोन में एक तकनीकी समिति बनेगी। इसमें सहायक अभियंता या अवर अभियंता जलकल सदस्य सचिव होंगे। जोनल सेनेटरी ऑफिसर सदस्य होंगे। इसी तरह नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में प्रभारी स्थानीय निकाय अध्यक्ष होंगे। अधिशासी अधिकारी, संबंधित पालिका परिषद व नगर पंचायतों में सदस्य सचिव होंगे। समिति निरीक्षण करेगी और रियल टाइम फोटोग्राफ्स कराएगी।

आज 7 घण्टे बिजली कनेक्शन लेना बंद रहेगा

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 19 जिलों में शुक्रवार शांम 6 बजे से 7 घण्टे के लिए सर्वर बंद रहने के कारण बिजली बिल, बिजली कनेक्शन सहित बिजली से जुड़ा कार्य नही कर सकते है। एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने बताया कि सर्वर में कुछ सुधार के लिए यह किया जा रहा है।

नगर निगम में जीआईएस सर्वे समाधान दिवस आज

लखनऊ। नगर निगम में शुक्रवार को जीआईएस सर्वे की शिकायतों के समाधान के लिए कैंप आयोजित किया जाएगा। इसमें उन लोगों के हाउस टैक्स सुधारे जाएंगे जिनके मकान का टैक्स सर्वे में ज्यादा आ गया है। सर्वे करने वाली एजेंसी की मनमानी की वजह से भवन स्वामियों का मकान टैक्स बढ़ गया। नगर निगम अब इसमें सुधार के लिए कैंप लगा रहा है। अब तक बड़ी संख्या में लोगों के हाउस टैक्स में हुई गड़बड़ी को सुधारा जा चुका है। शुक्रवार को कैंप सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12: 30 तक चलेगा। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह खुद कैंप में बैठकर लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। नगर निगम के सभी जोनों के जोनल अधिकारी, टैक्स इंस्पेक्टर तथा कर अधीक्षक भी कैंप में मौजूद रहेंगे।

निर्देशों का पालन न करने पर एआरएम और बुकिंग लिपिक निलंबित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने गुरुवार को एटा डिपो अलीगढ़ क्षेत्र में कार्यरत सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार यादव को अधीनस्थों पर पर्यवेक्षकीय नियंत्रण शिथिल रखने, मार्ग चेकिंग कराने में शिथिलता बरतने, निगम की छवि को धूमिल करने, वित्तीय क्षति पहुंचाने, अपने दायित्वो, कर्त्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता बरतने एवं मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेशों, निदेर्शों का अनुपालन न करने, कराने के गंभीर आरोपों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। उन्होंने कहा कि शासन एवं माननीय परिवहन मंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है। ज्ञातव्य है कि एटा डिपो की वाहन संख्या यूपी-81बीटी 6057 का अलीगढ़ से एटा वापस आते समय सहीद पार्क स्थल, रेलवे पुल पर बस का निरीक्षण किये जाने पर कुल 41 यात्री एवं एक बच्चा में से साढ़े इक्कीस यात्री बिना टिकट पाये गये। बिना टिकट यात्रियों से किराये की धनराशि परिचालक द्वारा पूर्व में ही वसूल लिया गया था और यात्रियों को कागज पर हाथ से लिखकर टिकट दे दिए गए। एक अन्य कार्रवाई में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयागराज द्वारा जीरो रोड डिपो प्रयागराज में कार्यरत कमला शंकर यादव, बुकिंग लिपिक के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए निलम्बित कर दिया गया है। ज्ञातव्य है कि बुकिंग लिपिक द्वारा चालकों से रिश्वत लेकर ड्यूटी लगाने संबंधी वीडियो वायरल हुआ था। बुकिंग लिपिक के इस कृत्य से निगम की छवि धूमिल हुई है एवं उनके द्वारा अपने पद कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन उचित ढंग से नहीं किया गया।

सिटी बस में संविदा पर भर्ती होंगे अधिकारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब की अध्यक्षता में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की अनुबंध के आधार पर लखनऊ में संचालित पीएमआई इलेक्ट्रिक बसों को सुचारू रूप से संचालित किये जाने के लिए बैठक हुई।

जिसमें लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के बस बेड़े में सुधार एवं संविदा के आधार पर अधिकारियों की नियुक्ति पर भी विचार विमर्श किया गया। पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, मेर्सस ग्रीन सेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के भुगतान की दरों के पुर्ननिर्धारण, संचालित बसों के भुगतान, बिलों से विभिन्न मानकों के अनुसार कटौती, पेनाल्टी के मद में कटौती एवं बसों का निर्धारित मानकों के अनुसार आन रोड किये जाने के संबंध में निर्णय लिये गये। मंडलायुक्त को संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 107 सीएनजी बसें एवं 140 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है। उन्होंने संचालित बसों के फिटनेस व मेंटेनेंस की जांच निर्धारित समयावधि में कराते रहने के निर्देश दिए। संचालित बसों के रूटों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते रहें। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि किसी प्रकार का भुगतान 15 दिन से ज्यादा लंबित रहने पर संबंधित अधिकारीयो के वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। जयदीप वर्मा, संयुक्त निदेशक, नगरीय परिवहन निदेशालय, आरके त्रिपाठी, प्रबन्ध निदेशक, मुख्य वित्त अधिकारी, प्रबन्धक चार्टर्ड एकाउंटेट, तत्कालीन सहायक क्षेत्रिय प्रबंधक, दुबग्गा एवं कम्पनी सेक्रेटरी, एलसीटीएसएल एवं मेसर्स पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन सेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों मौजूद रहे।

हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर तीन दिवसीय गंजिंग कार्निवल आज से

लखनऊ। मेट्रो त्योहारी सीजन की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए 14 जून से 16 जून तक 3-दिवसीय समर गंजिंग कार्निवल का आयोजन कर रहा है। मेगा कार्निवल में हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांट, प्लांट आदि में पूरी तरह से 'भारत में निर्मित' स्वदेशी वस्तुओं का प्रदर्शन/बिक्री होगी। प्रदर्शनी के साथ-साथ लखनऊ मेट्रो के यात्री हजरतगंज मेट्रो स्टेशन और चारबाग मेट्रो स्टेशन पर आयोजित दो पुस्तक मेलों का भी दौरा कर सकते हैं। प्रदर्शनी मं प्रमुख तौर पर कार्निवल शुक्रवार को शुरू होगा और 16 जून 2024 को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर समाप्त होगा। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक सेल्फी स्टैंड भी बनाया जाएगा। *लोग सुबह 11 बजे से रात 8 बजे के बीच स्टॉल पर जा सकते हैं। बीइंग बुकिश बुक फेयर ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक बुक स्टॉल लगाया है और इसका समापन 08 अगस्त 2024 को होगा। 5 जून से 15 जुलाई तक चारबाग मेट्रो स्टेशन पर बुकफ्लिक्स बुकफेयर का आयोजन किया गया है।

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आज

लखनऊ। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को सुबह ग्यारह बजे होगी। इस दौरान कार्यकारिणी के मौजूदा छह सदस्यों को रिटायर किया जाएगा। इनकी जगह छह नए सदस्य चुने जाएंगे। जिन छह को रिटायर किया जाएगा, उनका नाम लॉटरी से निकाला जाएगा। नगर निगम की कार्यकारिणी में कुल 12 सदस्य होते हैं। इसमें मौजूदा समय में भाजपा के रंजीत सिंह, गिरीश गुप्ता, शैलेन्द्र वर्मा, सौरभ मोनू, रानी कनौजिया, पीयूष दीवान, अनूप कमल, हरिश्चन्द्र लोधी, उमेश सनवाल, सपा के सुरेन्द्र वाल्मीकि और लइक आगा सदस्य हैं। इनमें छह सदस्य लॉटरी के जरिए चुनकर रिटायर किए जाएंगे। भाजपा नगर इकाई नए सदस्यों के नामों को लेकर शाम तक मंथन में लगी थी। मेयर के साथ भी कई दौर की वार्ता हुई।

लम्बित समस्याओं के समाधान को लेकर रणनीति तय करेगा महासंघ

लखनऊ। प्रदेश के निकाय कर्मचारियों की लम्बित प्रकरणों पर कोई सुनवाई न होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। उ.प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ लम्बित समस्याओ के समाधान के लिए निर्णायक बैठक कर प्रदेश व्यापी आन्दोलन की रणनीति तैयार करेगा। महासंघ के अध्यक्ष शशि मिश्रा ने बताया कि महासंघ की ओर से गत दिनों को प्रमुख सचिव नगर विकास को निकाय कर्मचारियों की लम्बित प्रकरणों पर समय रहते बैठक कर निर्णय कराए जाने का पत्र प्रेषित किया गया था, मगर आज इतना समय व्यतीत होने के बाद प्रदेश सरकार एवं शासन स्तर पर कोई भी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। पिछले वर्ष 2017 से निकाय कर्मचारियों की पूर्व प्रेषित मांग पत्र की सभी समस्याओं का समाधान लंबित हैं जिनका समाधान नहीं किया जा रहा है।

अखिलेश ने आउटसोर्सिंग को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पुलिस विभाग के कुछ पदों पर आउटसोर्सिंग से भर्ती के लिए जारी सर्कुलर को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गुरुवार को हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने पुलिस व्यवस्था के प्रति लापरवाही भरा नजरिया अपना रखा है।

जिसकी वजह से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि एक-के-बाद-एक कार्यवाहक डीजीपी के बाद अब कुछ पुलिस सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर विचार किया जा रहा है। ठेके पर पुलिस होगी तो, न ही उसकी कोई जवाबदेही होगी, न ही गोपनीय और संवेदनशील सूचनाओं को बाहर जाने से रोका जा सकेगा। भाजपा सरकार जवाब दे कि जब पुलिस का अपना भर्ती बोर्ड है तो बाकायदा सीधी स्थायी नियुक्ति से सरकार भाग क्यों रही है?

उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में भर्ती के इच्छुक युवाओं की ये आशंका है कि इसके पीछे आउटसोर्सिंग का माध्यम बनने वाली कंपनियों से काम के बदले पैसा लेने की योजना हो सकती है क्योंकि सरकारी विभाग से तो इस तरह पिछले दरवाजे से पैसा वसूली संभव नहीं है। अपने आरोप के आधार के रूप में वो कोरोना वैक्सीन बनाने वाली प्राइवेट कंपनी का उदाहरण दे रहे हैं, जिसे भाजपा ने नियम विरूद्ध जाते हुए, वैक्सीन बनाने वाली एक सरकारी कंपनी के होते हुए भी, वैक्सीन बनाने का ठेका दिया और उससे चंदा वसूली की। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक से आक्रोशित युवाओं में इस तरह की पुलिस सेवा की आउटसोर्सिंग की खबर से और भी उबाल आ गया है। आउटसोर्सिंग का ये विचार तत्काल त्यागा जाए और उप्र के युवाओं को नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सीधी नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से नौकरी दी जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा कहीं किसी दिन सरकार को ही आउटसोर्स न कर दे। केंद्र की भाजपा सरकार ने सेना की भर्ती में नौजवानों का भविष्य अग्निवीर योजना को लाकर बर्बाद कर दिया है। पुलिस विभाग पर है। इस सरकार की नीयत ठीक नहीं है। यह नौजवानों को धोखा दे रही है।

वृंदावन व अवध बिहार में भूखंडों के लिए पंजीकरण खोलेगा आवास विकास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद वृन्दावन व अवध विहार में आवासीय भूखण्डों की नई योजना ला रहा है। यहां दो महीने में भूखण्डों के लिए पंजीकरण शुरू करने की तैयारी है। वृन्दावन योजना में 80 एकड़ में योजना विकसित हो रही है। एक हजार से ज्यादा भूखण्डों के लिए पंजीकरण खोलने की तैयारी है। आवास विकास परिषद लम्बे समय बाद इतनी संख्या में भूखण्डों का पंजीकरण खोलने जा रहा है। अवध विहार तथा वृन्दावन योजनाओं में भूखण्डों की दरें निर्धारित करने को लेकर बैठक भी हो गई है। अवध विहार के सेक्टर 10 तथा वृन्दावन योजना के सेक्टर 20 में योजना आएगी। भूखण्ड 150 से लेकर 300 वर्गमीटर तक के होंगे। इनकी कीमत 35000 से लेकर 37000 रुपये वर्गमीटर होने की उम्मीद है।

कठौता झील में चौबीस घंटे सामान्य होगा जलस्तर

लखनऊ। जलकल महाप्रबंधक मनोज आर्या ने शुक्रवार को कठौता झील, भगौली रेगुलेटर एवं जुग्गौर रेगुलेटर का निरीक्षण किया। झील का निरीक्षण करने के पश्चात जलकल महाप्रबंधक भगौली रेगुलेटर 104.15 किमी पर पहुंचे। जहां पर पानी को छोड़ा जा चुका था। मौके पर मौजूद अधिशासी अभियन्ता रमेश चंद्रा ने जलकल महाप्रबंधक को बताया कि आज देर रात तक पानी जुग्गौर रेगुलेटर 149.00 किमी पर पहुंच जाएगा। जुग्गौर रेगुलेटर पर पानी को समुद्र तल से 550 मीटर तक पॉन्डिंग करके लेवल को बराबर किया जाएगा जिसके पश्चात ही पानी पंपिंग के लिए पर्याप्त मात्रा में पहुंचेगा। पानी के स्तर को बराबर करने की प्रक्रिया में 24 से 36 घंटे का वक्त लगेगा। जिसके पश्चात पानी को कठौता झील में पंप किया जाएगा जिसके बाद पानी की सप्लाई क्षेत्रों में सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर जलकल महाप्रबंधक मनोज आर्या संग प्रभारी अधिशासी अभियन्ता रमेश चंद्रा, प्रभारी सहायक अभियंता पूजा पल्लवी, पंपिंग स्टेशन सुप्रीटेंडेंट विवेकानंद द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www. etender.up.nic.in पर डाउनलोड/ देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 27.06.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 28.06.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई - मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code- PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने /विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् हैः- **1. ई - निविदा संख्या 06 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** प्रभारी निरीक्षक प्रवर्तन दल, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **2. ई - निविदा संख्या 07 एच (एफ)(कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **3. ई - निविदा संख्या 08 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अधीन सहायक अभियन्ता (मीटर) विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला, रूदौली को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **4. ई - निविदा संख्या 09 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अधीन सहायक अभियन्ता (परीक्षण) विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला, संरक्षण को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य । ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **5. ई - निविदा संख्या 10 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन गय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य । ई निविदा प्रपत्र शुल्क रु.1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **6. ई-निविदा संख्या 11 एच (एफ) (कार्य) /2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-कुमारगंज को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''

(पत्रांक 6274 / दि. 13.06.2024)

महत्वपूर्ण नंबर

वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन

हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस

मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

आग में फंसे आठ लोगों की दमकल कर्मियों ने बचायी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमतीनगर थाना अंतर्गत सहारा अस्पताल के पीछे गुरुवार सुबह संदिग्ध हालात में झोपड़ियों में आग लग गई। आग की लपट और धुआं निकलता देख झुग्गियों में रहने वाले लोगों ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। इसके अलावा पारा थाना के नरपत खेड़ा देवपुर के खानापारा की लकड़ी की फैक्ट्री में आग लग गई। इस अग्निकांड में फैक्ट्री में रखा फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया। सीएफओ (मुख्य शमन अधिकारी) मंगेश कुमार के मुताबिक गुरूवार की सुबह दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर सहारा अस्पताल के पास बनी मलिन बस्ती में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद गोमतीनगर फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गई। एफएसओ गोमतीनगर ने बताया कि मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बस्ती में रहने वाले लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। करीब 20 मिनट में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। इस अग्निकांड में आठ झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गई। फिलहाल, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं, पारा थाना अंतर्गत खानापारा में सुबह करीब तीन बजे फर्नीचर गोदाम में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही आलमबाग, चौक और सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दमकल की एक-एक गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद दमकलकर्मी राहत कार्य में जुट गए। करीब दो घंटे बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया है। एफएसओ आलमबाग ने बताया कि संजय शर्मा के मकान में बने बेसमेंट में मो.इरफान ने किराए पर फर्नीचर को गोदाम खोला था।

चौकी इंचार्ज की सक्रियता से आग पर पाया काबू: घर में खाना बनाने के दौरान गुरूवार की सुबह घरेलू सिलेंडर में खाना बनाने के दौरान आग लग गई। जिससे हड़कम्प मच गया। जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज की सक्रियता से लोगों ने आग पर काबू पा लिया। आलमबाग के गढी कनौरा चौकी इंचार्ज रविन्द्र कसाना ने बताया कि गढी कनौरा में सुरेश परिवार संग रहते हैं। गुरूवार सुबह उनकी पत्नी घर में गैस सिलेंडर में खाना बना रही थी। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। लोगों ने आग बुझाने के साथ उन्हें फोन पर जानकारी दी। मौके पर पहुचं कर लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। इस आग लगने के दौरान कोई भी हताहत नहीं हुआ है।

गैस रिफिलिंग के दौरान हुए धमाके में युवक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। तालकटोरा थाना अंतर्गत राजाजीपुरम में बुधवार को गैस रिफिलिंग के दौरान तेज धमाके की आवाज में फायर एक्सटिंग्विंशर (अग्निशमन यंत्र) फट गया। इसकी जद में आने से युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। प्रथम दृष्टया में सामने आया कि किराए के घर में अवैध तरीके से बनाए गोदाम में गैस रिफिलिंग की जाती थी। जहां पर बिना सेफ्टी के स्टाफ से गैस भरवाई जा रही थी। मडियांव कोतवाली अंतर्गत फैजुल्लागंज निवासी हर्षित यादव (32) डी ब्लॉक राजाजीपुरम में केएस सेफ्टी प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में नौकरी करता था। यह गोदाम राजाजीपुरम डी-ब्लॉक आर्यावर्त बैंक के सामने एक घर में चल रहा था। यहां पर अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग की जाती थी। पुलिस के मुताबिक कंपनी मालिक विनोद त्रिवेदी के बेटे कुलदीप व संदीप गैस रिफिलिंग की देखरेख करते हैं। बुधवार को संदीप त्रिवेदी कर्मचारियों से गैस रिफिलिंग करवा रहा था। इसी दौरान शाम करीब पांच बजे तेज धमाके की आवाज से फायर एक्सटिंग्विशर फट गया। इसकी जद में आने से हर्षित व संदीप जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी हर्षित यादव को निजी अस्पताल में पहुंचाया गया लेकिन हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान हर्षित ने दम तोड़ दिया। एसीपी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कंपनी के पास लाइलेंस मिला है। बाकी गोदाम में किस तरीके से काम होता था। सुरक्षा मानकों को लेकर भी जांच की जाएगी। सुरक्षा मानको को लेकर दमकल विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। इंस्पेक्टर तालकटोरा ने बताया कि पूरे मामले की जांच-कर तफ्तीश की जा रही है।

पचीस हजार का इनामी गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने पच्चीस हजार रुपए के पुरस्कार घोषित और हिस्ट्रीशीटर शैलेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू को सुल्तानपुर जिले के थाना चादा ईशीपुरपुल अण्डर पास से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया शैलेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू अंबेडकर नगर के थाना भीटी के बनगाँव का रहने वाला है। यूपी एसटीएफ ने बताया कि बीते काफी दिनों से फरार पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधों में लिप्त होने की जानकारी मिली थी। इस पर टीमों को सक्रिय किया गया था। एसटीएफ अयोध्या की टीम ने जनपद सुलतानपुर में 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित शैलेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू को गिरफ्तार कर लिया। शैलेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू थाना भीटी जनपद अम्बेडकरनगर का हिस्ट्रीशीटर है इसके विरुद्ध 25 हजार का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल - बदल कर छिपकर रह रहा था।

भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष से वसूली का प्रयास

- सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल करने का आरोप
- हजरतगंज कोतवाली में मोबाइल नंबर के आधार पर पांच पर रिपोर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हजरतगंज कोतवाली में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रधानाचार्य ने अज्ञात लोगों पर वसूली के लिये दबाव बनाने का मामला दर्ज कराया है। उनका कहना है कि उनके खिलाफ निराधार आरोप लगाकर किये गये प्रदर्शन के वीडियो और फोटो अनजान नंबर से वायरल कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार चत्री ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया अराजक तत्वों ने 18 अप्रैल 2024 को बिशप डायसिस ऑफ लखनऊ के मुख्य कार्यालय स्थित सिविल लाइन प्रयागराज के सामने धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान उनपर निराधार आरोप लगाये गये थे। प्रदर्शन का वीडियो व फोटो कई नंबरों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल किये गये। उक्त लोगों का उद्देश्य दबाव बनाकर वसूली करना है। अभी भी कई नंबरों से यह वीडियो व फोटो वायरल किये जा रहे हैं। इससे उनकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही वह मानसिक तनाव में हैं। उपाध्यक्ष ने आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया मोबाइल नंबरों के आधार पर जेएसएम विल्सन, अशोक कुमार सिंह, दीपक विलियम समेत छह के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पूर्व पार्षद के शव का अंतिम संस्कार करने के स्थान को लेकर विरोध

लखनऊ। मड़ियांव क्षेत्र में पूर्व पार्षद के अंतिम संस्कार के स्थान को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गये। परिजन गांव के ही खेत में अंतिम संस्कार करना चाहते थे। स्थानीय लोगों ने आबादी का क्षेत्र बता विरोध किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। मृतक के परिजन नाराज हो गए। आखिरकार खेत में ही अंतिम संस्कार किया। थाना क्षेत्र के सेमरा गौढ़ी निवासी पूर्व पार्षद राम किशोर वर्मा (50) की बुधवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। पत्नी रन्नो देवी व परिजन अपने खेत में अंतिम संस्कार करना चाहते थे। इसके लिये पास अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। आबादी वाला क्षेत्र होने से कुछ लोगों ने विरोध किया तो परिवार नहीं माना। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझने का प्रयास किया तो मृतक के परिजन पुलिस से ही नोंकझोंक करने लगे। काफी देर बहस के बाद परिजनों खेत में ही अंतिम संस्कार किया। फिलहाल शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया मामले में कोई प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

नोंकझोंक का वीडियो वायरल: पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी और परिजनों के साथ नोंकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। इसमें परिजन नारेबाजी कर रहे हैं। पार्षद के समर्थन में एकत्रित भीड़ ने नारे लगाए। इसके बाद मनमानी कर शव का खेत में अंतिम संस्कार कर दिया।

एयरपोर्ट पर वित्त विभाग के अधिकारी को चौकी इंचार्ज ने प्रोटोकॉल देने से किया मना

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को एयरपोर्ट चौकी प्रभारी ने प्रदेश के वित्त विभाग में तैनात एक वरिष्ठ अधिकारी को वीआईपी प्रोटोकल देने से मना कर दिया। जिससे वह नाराज हो गये और चौकी प्रभारी को हिदायत दे डाली। एयरपोर्ट एवं पुलिस सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार के वित्त विभाग में तैनात संस्थागत वित्त एवं बाह्य सहायतित परियोजना के महानिदेशक शिव सिंह यादव किसी काम से बुधवार को चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। सूत्रों की माने तो इस दौरान वह एयरपोर्ट पर वीआईपी प्रोटोकाल चाहते थे।

दो दारोगा लाइन हाजिर

लखनऊ। चिनहट कोतवाली मे तैनात दो दरोगा को गुरुवार को लाइन हाजिर किया गया है। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि एसएसआई चिनहट कोतवाली श्रीराम गौतम और कमता चौकी इंचार्ज अलोक पाण्डेय को लाइन हाजिर किया गया है।

छेड़छाड़ को लेकर चले ईंट-पत्थर

लखनऊ। जानकीपुरम में छेड़खानी के विवाद में गुरुवार शाम दो पक्षों में विवाद दो गया। दोनों पक्षों की ओर से एक दर्जन से अधिक लोगों ने ईंट-पत्थर चलाये, जिसमें दो लोग घायल जानकीपुरम स्थित तिवारीपुर गांव के पास एक महिला गुरुवार सुबह घर के बाहर लगे पौधों में पानी डाल रही थी। महिला के मुताबिक इसी दौरान कुछ दूरी पर रहने वाले दो युवक बाइक से निकले। इन लोगों ने अभद्र टिप्पणी की। विरोध पर रुक गये और छेड़छाड़ की। महिला का शोर सुनकर आस पास के लोग आ गये और युवकों से भिड़ गये। इस पर युवकों ने फोन कर साथियों को बुला लिया। कुछ देर में दोनों पक्ष से कई लोग जुट गये। ये लोग एक दूसरे पर पथराव करने लगे। इसमें तीन लोग अयाज, अकरम और आशीष रावत के सिर में चोट आ गई।

कुर्सी रोड पर नकली खाद फैक्ट्री पर छापा, तीन गिरफ्तार

लखनऊ। एसटीएफ और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने इटौंजा-कुर्सी रोड पर कुम्हरावां ग्राम पंचायत के कन्हईपुर गांव चल रही नकली खाद बनाने की फैक्ट्री पर छापेमारी की। जहां से संदिग्ध उर्वरक, सूक्ष्य तत्व, सल्फर समेत अन्य खाद व उपकरण बरामद किया गया। टीम ने फैक्ट्री व गोदाम को सीज कर दिया है। जांच के लिए उर्वरकों के 6 सैंपल प्रयोगशाला भेजे गए। फैक्ट्री से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को एसटीएफ टीम के उपाधीक्षक अवनीश्वर चंद श्रीवास्तव और जिला कृषि अधिकारी तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में टीम ने बीकेटी के इटौंजा कुर्सी रोड पर कन्हईपुर गांव के एक मकान पर छापा मारा।

घटिया एलटी केबिल लगाने पर नपे 4 बिजली अफसर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। घटिया एलटी केबिल लगाने में देर रात बिजली विभाग के चार अफसर निलंबित कर दिये गये। निलंबित होने वलों में गाजियाबाद का अधिशासी अभियंता शेर सिंह, मुरादाबाद विद्युत भंडार एठ रोहतास जंगपांगी, मुरादाबाद विद्युत भंडार के अए मनोज, मुरादाबाद विद्युत भंडार का अधीक्षक अमित कुमार हैं।

प्लाट दिलाने का झांसा देकर 35 लाख हड़पे

लखनऊ। हजरतगंज कोतवाली में दम्पति के खिलाफ 35 लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अखिलेश वर्मा की पहचान दारुलशफा निवासी अमित निषाद से है। अखिलेश के मुताबिक कुछ वक्त पूर्व अमित की पत्नी जूही, बेटे अजीत ने सुशांत गोल्फ सिटी में प्लॉट बिकने की जानकारी दी। बताया कि अच्छी लोकेशन पर जमीन मिल जाएगी। अखिलेश के साथ दोस्त आलोक, शांतनु भी जमीन खरीदने को तैयार हो गए। अखिलेश और उसके दोस्तों की मुलाकात जूही ने शिवकुमार से कराई। सौदा तय होने पर अखिलेश और दोस्तों ने 35 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बचे रुपये रजिस्ट्री के वक्त देने की बात तय हुई। काफी दिनों तक रजिस्ट्री नहीं होने पर पीड़ितों ने तकादा करना शुरू किया। इस पर दुराचार का केस दर्ज कराने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि अमित निषाद, उसकी पत्नी जूही और बेटे अजीत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीकेटी और इंटौजा में हुये सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। बीकेटी थाने के दारोगा शेषमणि मिश्रा ने बताया कि सौ शैय्या अस्पताल के वार्डब्वाय राजकुमार ने महिला के शव मिलने की सूचना दी थी। जांच के दौरान पता चला कि बीते बुधवार की शाम में मामपुर बाना क्रासिंग के पास महिला उम्र करीब 30 वर्ष को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसे घायल हालत में एंबुलेंस की मदद से 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसे चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। उधर बंथरा के पुराही खेड़ा निवासी सुधीर यादव (32) एक कैंटीन में काम करता था। बुधवार को रात करीब 10 बजे ड्यूटी करके घर वापस जा रहे था। इस दौरान बिजनौर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुधीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक सुधीर यादव अपनी पत्नी कंचन और दो बेटियां प्रज्ञा और सृष्टि के साथ बंथरा में रहता था।

छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान: कल्ली पश्चिम में पिता ने टीवी देखने पर डांटा तो बेटी ने फांसी लगा ली। शव फंदे से लटका देख परिवार वालों के होश उड़ गए। परीक्षा में कम नंबर आने पर पिता ने टीवी बंद पर पढ़ाई करने के लिए कहा था। वह कक्षा नौ की छात्रा थी। पीजीआई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कल्ली पश्चिम निवासी सत्येन्द्र उर्फ बाबा पत्नी ममता गौतम के साथ मिलकर सिलाई सेंटर चलाते हैं। सत्येन्द्र के मुताबिक बेटी पूर्णिमा गौतम (13) हैवतमऊ स्थित ब्राइट कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी। पूर्णिमा के इस बार काफी कम नंबर आए थे। वह थर्ड डिवीजन नंबर से पास हुई थी। बुधवार देर शाम टीवी देखने पर पूर्णिमा को डांट दिया था। इसके बाद पड़ोस में रहने वाली मौसी के घर चली गई। कुछ देर बाद वह घर लौटकर आई और उसने जूस पिया। इसके बाद पूर्णिमा अपने कमरे में चली गई। गुरुवार को सुबह काफी देर तक सो कर न उठने पर पत्नी ममता बेटी को जगाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान: निगोहां क्षेत्र के हरिकुवर खेड़ा गांव में बीस वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी? । रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र कसरावॉ गांव निवासी संजय ने बताया उनका 20 वर्षीय बेटा विकास अपने नाना मोहन के घर हरिकुवरखेड़ा, निगोहां में रहकर एक निजी टाइल्स फैक्ट्री में काम करता था। बुधवार को नाना अपनी रिश्तेदारी में चले गये थे। घर मे मामा नीरज व मामी थी। गुरुवार सुबह उसका शव फंदे से लटकता मिला। मृतक के परिवार में मां व एक भाई व बहन है।

गोमती नदी में डूबकर युवक की मौत: घैला पुल के पास मछली पकड़ने गए युवक की गोमती डूबकर मौत हो गई। परिवार वाले उसे खोजते हुए पहुंचे तो वहां चप्पल पड़ी थी। गोताखोरों ने खोजबीन कर शव निकाला। परिवारवालों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। जानकीपुरम निवासी फैहमी ने बताया कि भाई अमान अहमद (22) बुधवार दोपहर में घैला पुल के पास गोमती में मछली पकड़ने गया था। रात तक वापस न आने पर तलाश की पर कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह वापस घैला पुल के पास दोबारा खोजने गए तो नदी किनारे अमान की चप्पल पड़ी मिली। उसे देखकर गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने काफी मशक्कत कर अमान को खोजकर गोमती से बाहर निकाला पर तब तक जान जा चुकी थी। मृतक अविवाहित था।

एएनएम से लूट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

मोहनलालगंज। बिन्दौवा गांव के पास ई रिक्शा सवार एएनएम से हुयी लूट की घटना का गुरूवार को पुलिस ने खुलासा करते हुये तीन बदमाशो को घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।

दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर डीसीपी तेज स्वरूप सिंह ने एडीसीपी शंशाक सिंह व एसीपी राधा रमण सिंह ने बताया कि मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बिन्दौवा गांव के पास 7जून को ई रिक्शा सवार एएनएम राजकुमारी निवासी शाह मोहम्मदपुर अपैया थाना नगराम से एक बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाश रुपये ,मोवाइल व जेवरात रखा पर्स छीनकर भाग निकले थे। इंस्पेक्टर आलोक राव के नेतृत्व में पुलिस व क्राइम टीमो को लगाया गया था। हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज चेक करने पर बदमाशो की बाइक का नम्बर ट्रैस हो गया था। जिसके बाद बाइक नम्बर से पता निकलवार लूट की घटना को अजांम देने वाले बदमाशो के निगोहां के शेरपुर लवल गांव स्थित घरों पर पुलिस टीमो ने दाबिश देकर तीनों बदमाशो को गिरफ्तार किया।

पुछताछ में तीनो बदमाशो ने अपना नाम उमेश साहू व सुमित मौर्या निवासीगण शेरपुर लवल थाना निगोहां व रोहित साहू निवासी बल्ला साईखेड़ा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी बताया। बदमाशो के पास से घटना में प्रयुक्त हीरो स्पेलेंडर बाइक व तीन मोबाइल फोन, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल बरामद की। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने लूट की घटना के सफल अनावरण में अहम भूमिका निभाने वाले उपनिरीक्षक अनूप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक उमेश कुमार सिंह, सर्विलांस टीम के प्रभारी अजीत कुमार पांडे समेत पूरी टीम की पीठ थपथपाते हुये 20हजार रुपए के नगद पुरुस्कार से पुरस्कृत किया।

काम नहीं मिला तो की थी लूट: इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया एएनएम के साथ लूट करने वाले बदमाश प्रोफेशनल नही थे। तीनों 7जून की सुबह एक बाइक से मजदूरी करने के लिये निकले? थे। पीजीआई के तेलीबाग में स्थित शनिदेव मंदिर चौराहे पर गये थे। जहां कोई काम ना मिलने पर बाइक से वापसी के समय श्मशान घाट के पास एक युवक का मोबाइल छीनकर भगा निकले थे। जिसके बाद घर लौटते समय समय ई रिक्शा पर बैठी एएनएम के हाथ से जेवरात व मोबाइल फोन रखा पर्स छीनकर भाग निकले थे। इंस्पेक्टर ने बताया दो लूट की घटनाओं को अजांम देने के बाद तीनो बदमाशो बाइक घर पर खड़ी कर अपने घरो पर बिना कुछ बताये निगोहां रेलवे स्टेशन पर आकर ट्रेन पकड़ कर मिजार्पुर में माता के दर्शन करने चले गये थे।

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली" ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :– निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण : 08–2024–कालोनी, कार्य का नाम– 03 वर्ष की अवधि के लिए गोरखपुर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित विभिन्न निर्माताओं के विभिन्न क्षमता के डी.जी. सेटों का संचालन और वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध। अनुमानित लागत ₹ : 92,78,820.00, बयाने की राशि ₹ : 1,85,600.00, ई–निविदा फार्म का मूल्य – शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से – 36 माह। ● आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 02.07.2024 समय 15.00 बजे तक। ● इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुख्य विद्युत इंजीनियर/प्लानिंग/मुजाधि/विद्युत - 63 पू.उ.रे./गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 26.06.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 27.06.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने /विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत हैः- **1. ई- निविदा संख्या 04 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, लालबाग पर पैनल स्थापित कर ऊजीर्कृत करने का कार्य । ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2000.00 **2- ई-निविदा संख्या 05 एच (एफ) (कार्य)/2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, सिविल लाइन, नियांवा, देवकाली, चिर्रा, निर्मोचनघाट एवं राम की पौड़ी पर कुल 14 अदद बैटरी अन्य कर स्थापित करने कर कार्य। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''

(पत्रांक 6243 / दि. 12.06.2024)

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 सुदामापुरी, सीतापुर -: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :- अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य को कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी निविदाकारों से निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है । निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है । निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण/संशोधित तिथि/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी। **1- अल्पकालीन निविदा संख्या 44 / विविमंसी / 2024-25** विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण उपखण्ड - सिधौली, सिधौली ग्रामीण, मछरेहटा एवं कमलापुर के अन्तर्गत सड़क किनारे लगे विद्युत पोलों के आकस्मिक दुर्घटना / वाहनों द्वारा क्षतिग्रस्त होने के पश्चात पोलों एवं लाइनों के मरम्मत के कार्य तथा भंयकर आंधी तूफान में क्षतिग्रस्त होने वाले पोलों एवं लाइनों के सुदृढ़ीकरण का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 05,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः-01.07.2024 निविदा खुलने की तिथिः-02.07.2024। **2- अल्पकालीन निविदा संख्या 45 / विविमंसी / 2024-25** विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में छोटे-छोटे पूर्ण जमा योजना के सरकारी ट्यूबल, अमृत योजना के पानी टंकी के विद्युत कनेक्शन एवं जमा योजना के अन्तर्गत अन्य कार्य को कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 10,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः-01.07.2024 निविदा खुलने की तिथिः 02.07.2024। **3-अल्पकालीन निविदा संख्या 46 / विविमंसी / 2024-25** अधिशसी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - बिसवाँ के कार्यों हेतु एक नग डीजल चलित वाहन मय ड्राइवर उपलब्ध कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 3,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः-01.07.2024 निविदा खुलने की तिथिः-02.07.2024। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. सीतापुर।**

''राष्टहित में बिजली बचाएं, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगाएं''

(पत्रांक 1571 / दि. 12.06.2024)

किसी भी प्रोफेशन में सबसे पहले मैं हार्डवर्क और पैशन देखता हूं : पुनीत पाठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सोनी टीवी का डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 के साथ वापस आ रहा है। बता दें अभी तक शो के तीन सीजन आ चुके हैं जिनमें गीता कपूर, मलाईका अरोरा, सोनाली बेंद्रे, और टेरेंस लुईस जज के तौर पर नजर आये थे। सीजन 4 के जजेज की अनाउंसमेंट अभी नहीं हुई है. शो के लिए अलग अलग शहरों में मई से हीं ऑडिशन शुरू हो गए थे। मुंबई के ऑडिशन के दौरन शो से जुड़े कुछ कंटेस्टेंट जो शो के लिए फाइनल हो चुके हैं, वो मौजूद थे। बता दें इस सीजन में डांसर और कोरियोग्राफर पुनीत भी मौजूद होंगे लेकिन एक जज या कोरियोग्राफर के तौर पर नहीं, बल्कि पुनीत शो में होने वाले सभी स्टंट को सुपरवाईज करेंगे, इसलिए इस बार पुनीत ऑन कैमरा नहीं दिखेंगे। पुनीत ने डांस शो व अपने करियर को लेकर वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत की।

आपने कई सारे शो जज किये हैं, एक डांसर को सेलेक्ट करने से पहले आप उसमें क्या खूबियाँ देखते हैं ?

सिर्फ डांसर हीं नहीं किसी भी प्रोफेशन में सबसे पहले मै हार्डवर्क और पैशन देखता हूं, और इसके अलावा पेशेंस देखता हूं। आज के बच्चों में पेशेंस में बिल्कुल भी नहीं है। आज रील की दुनिया है सबको सबकुछ फास्ट चाहिए। पेशेंस, पैशन और हार्डवर्क यही चीजें देख कर हम बच्चों को सेलेक्ट करते हैं।

लोगों का ये मानना है कि ऑडिशन स्क्रिप्टेड होते हैं, क्या कहना चाहेंगे ?

मै खुद इस ऑडिशन के प्रोसेस से गुजरा हूं, मै खुद उस लाइन में खड़ा हुआ हूँ। जिन लोगों का भी ये मानना है कि देकर लेकर रियलिटी शो में लोग आते हैं, ये सभी बातें झूठी हैं. ऐसे अफवाहें शायद वो लोग फैलाते हैं जो सेलेक्ट नहीं हो पाते हैं। एक टीम होती है जो साल भर बैठ कर टैलेंट को ढूंढ कर निकालना, वो टीम ऐसे टैलेंट को ढूंढ कर निकालती है और उसके बाद हम उनके वीडियोज देखते हैं लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि वो सेलेक्ट हो गए और इसका ये मलतब भी नहीं है कि हमलोग चीटिंग करने के लिए लोगों को लाइन में खड़ा करते हैं, ऐसा कुछ भी नहीं होता है। एक फॉर्मेट होता है जहाँ हम तीन से चार बार ऑडिशन लेते हैं उसके बाद हीं कंटेस्टेंट को सेलेक्ट करते हैं और ये फॉर्मेट हम सभी फॉलो करते हैं। अगर कभी भी कोई इन्सान किसी कंटेस्टेंट को ये बोले कि वो प्रोडक्शन से है और पैसे लेकर वो उस बच्चे को कम्पटीशन में आगे लेकर जायेगा इसका मतलब ये है कि वो इन्सान हीं गलत है। आप उसकी कंप्लेन करो।

जब कोई कंटेस्टेंट सेलेक्ट नहीं होते हैं, तो कई बार वो इमोशनल हो जाते हैं तो उस चीज को आपलोग किस तरह से फेस करते हैं ?

ऐसा कई बार होता है लेकिन सच का घूंट तो पीना हीं पड़ता है। ऐसे हीं रिजेक्ट होकर कई लोग आगे बढ़ते हैं। लाइफ में हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। मै जिस कुर्सी पर बैठा हूं मुझे उसके साथ न्याय करना पड़ेगा और इसलिए जब किसी का डांस अच्छा नहीं है तो उसे ये बोलना पड़ेगा। आज डांस में कम्पटीशन बहुत हीं अच्छी और स्ट्रॉन्ग हो चुकी है। हर रियलिटी शो में सभी डांसर्स बहुत हीं अच्छे हैं। ये कम्पटीशन बहुत हीं टफ है अगर किसी दस कंटेस्टेंट को हाँ मिला है तो हजारो लाखो कंटेस्टेंट को ना भी मिला है।

इस शो से आप सभी की क्या उम्मीदें हैं ?

डांस रियलिटी शो से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गयी हैं। पिछले कुछ सालों में डांस का लेवल बहुत ज्यादा हाई हो चूका है, मुझे लगता है मै नसीब वाला हूँ जो मै इस समय इस कम्पटीशन का हिस्सा नहीं हूं। अभी का जो डांस है वो इंटरनेशनल लेवल का चूका है। इस शो से हमारी भी काफी उम्मीदें हैं क्योंकि जैसा शो का नाम है इंडियाज बेस्ट डांसर वैसा हीं इसका काम है, यहाँ पर बेस्ट डांसर्स आते हैं। शो बहुत हीं अच्छा है जहाँ टैलेंटेड डांसर्स आते हैं और बेहतरीन एक्ट करते हैं, इसी को देखते हुए इससे उम्मीदें भी ज्यादा हैं। अभी तक सबकुछ बहुत अच्छा रहा है। बहुत हीं बेहतरीन आर्टिस्ट आये हैं और हमारी उम्मीदों पर खरा उतरें हैं।

क्या एक एक्टर तौर पर आप किसी फिल्म में दिखाई देंगे ?

एक एक्टर के तौर पर तो कुछ नहीं है लेकिन एक डायरेक्टर और एक कोरियोग्राफर के तौर पर काफी काम चालू है। जैसे अभी राजकुमार राव की जो फिल्म आई थी श्रीकांत उसकी डायरेक्शन और कोरियोग्राफी मैंने हीं की थी। ऐसे बहुत सारे काम किये हैं जो कैमरे के पीछे हैं क्योंकि मुझे कैमरे के पीछे रह कर काम करना ज्यादा पसंद है। इस शो के अलावा और टेलीविजन शोज और मूवीज में मैं बिहाइंड द कैमरा काम कर रहा हूँ। काफी सारे म्यूजिक वीडियोज को डायरेक्ट, प्रोड्यूस और कोरियोग्राफ कर रहा हूँ। सारेगामा के साथ तीन म्यूजिक विडियोज किये हैं वो भी आनेवाले हैं। भगवान की कृपा से चीजें अच्छी जा रही हैं।

खतरों के खिलाड़ी के विजेता बनने के बाद आपने उस शो के कितने सीजन फॉलो किये ?

खतरों के खिलाड़ी मेरे लाइफ का बेस्ट एक्सपीरियंस रहा है। मै वहां अपना बेस्ट देने गया था, इसके कारण और लोगों के प्यार कारण मै जीत गया। मै सभी लोगों का बहुत बहुत शुक्रिया अदा करता हूं। उसके बाद मैंने पूरा तो नहीं लेकिन थोड़ा बहुत शो के सीजन्स को फॉलो किया है। इस साल भी काफी लोग गए हैं और मुझे जहाँ तक पता है इस साल कोई भी डांसिंग बैकग्राउंड से नहीं गया है।

अगर आपको बिग बॉस करने का मौका मिले तो आप जाना चाहेंगे ?

मुझे हर साल ऑफर आते हैं बिग बॉस से और मै मना कर देता हूं, क्योंकि मुझे लगता है मेरे करियर के इस जोन में मै बिग बॉस के लिए रेडी नहीं हूँ। मुझे लगता है अभी मुझे बिग बॉस में जाने की जरुरत नहीं है। मुझे शो बहुत पसंद है, मै देखता भी हूँ और उस शो की कई बार कोरियोग्राफी भी करता हूँ। मेरे काफी सारे दोस्त भी उस शो में गए हैं जैसे निशांत, अली, जैस्मिन, रुबीना, गौहर, और भी कई सारे लोग हैं जिनको मै जानता हूँ वो इस शो का हिस्सा रह चुके हैं।

क्या आपके धर्मेश, और राघव की जोड़ी इस शो में देखने को मिलेगी ?

डांस प्लस में हम साथ दिखते थे लेकिन इस बार राघव बिजी था, धर्मेश को शो करना नहीं था। अगर आप किसी मूवी में हमें साथ देखना चाहते हैं तो ये बात रेमो सर के ऊपर डिपेंड करती है। रेमो सर ने कहा है कि उन्होंने एबीसीडी 3 की स्क्रिप्टिंग शुरू कर दी है, और अगर रेमो सर को लगता है कि मै, राघव, और धर्मेश उस फिल्म में फिट बैठते हैं तो हमें बहुत खुशी होगी। उम्मीद है कि ऐसा हो जाये।

सुख-समृद्धि का त्यौहार धूमावती जयंती आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हर साल धूमावती जयंती का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस पर्व को धूमावती महाविद्या जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन देवी धूमावती पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। यह त्यौहार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 14 जून 2024, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन देवी धूमावती की पूजा की जाती है और उनका आशीर्वाद लिया जाता है। सनातन धर्म के लोगों के लिए इस तिथि का बहुत महत्व है, क्योंकि कहा जाता है कि इस दिन माता धूमावती की पूजा करने से जीवन में चल रही सभी परेशानियों से छुटकारा मिलता है। हिंदू पवित्र ग्रंथों के अनुसार, देवी धूमावती को 10 महाविद्याओं में से सातवीं और देवी दुर्गा का सबसे उग्र रूप माना जाता है। मां का रूप जितना उग्र है, उनका हृदय उतना ही कोमल है।

धूमावती जयंती पूजा विधि: मान्यता है कि इस दिन देवी धूमावती की पूजा करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। ऐसे में इस दिन सूर्योदय से पहले उठना चाहिए। जो लोग व्रत रखना चाहते हैं, उन्हें देवी मां के सामने व्रत का संकल्प लें। देवी की मूर्ति को एक वेदी पर स्थापित करें। पंचामृत, गंगाजल और शुद्ध जल से देवी का अभिषेक करें। देवी मां को कुमकुम का तिलक लगाएं। उन्हें श्रृंगार का सामान और वस्त्र अर्पित करें। देवी मां को अगरबत्ती, फूल और अन्य चीजें समर्पित करें। मां के सामने घी का दीपक जलाएं। उन्हें फल, मिठाई आदि अर्पित करें। मां के वैदिक मंत्रों का जाप करें। आरती के साथ पूजा समाप्त करें। पूजा के दौरान तामसिक वस्तुओं का प्रयोग न करें। इस दिन काले कपड़े में काले तिल लपेटकर चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

मासिक दुर्गाष्टमी आज, मां भवानी की होगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, मां दुर्गा के लिए हर महीने मासिक दुर्गाष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस दिन व्रत करने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर जातक पर अपना आशीर्वाद बनाएं रखती हैं। आइए, जानते हैं कि इस बार मासिक दुर्गाष्टमी का पर्व कब मनाया जाएगा और इस दिन किस तरह माता रानी की पूजा करनी चाहिए। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 13 जून 2024 को रात्रि 8 बजकर 03 मिनट पर प्रारंभ होगी। यह तिथि 14 जून को रात 10 बजकर 33 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में मासिक दुर्गाष्टमी का व्रत उदया तिथि के अनुसार, 14 जून, शुक्रवार को रखा जाएगा।

मासिक दुर्गाष्टमी की पूजा विधि: मासिक दुर्गाष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इसके बाद मां दुर्गा का ध्यान करें और व्रत का संकल्प लें। मंदिर की साफ-सफाई के बाद एक चौकी पर साफ लाल कपड़ा बिछाएं। इसके बाद मां दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। लाल रंग मां दुर्गा का पसंदीदा रंग माना जाता है। ऐसे में सोलह श्रृंगार का सामान, लाल चुनरी, लाल फूल आदि चढ़ाएं। अंत में मां दुर्गा की आरती और उनके मंत्रों का जाप करें। सभी लोगों में प्रसाद बांट दें।

मासिक दुर्गाष्टमी का धार्मिक महत्व: शास्त्रों के अनुसार, देवी दुर्गा की रचना त्रिमूर्ति यानी भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश द्वारा की गई थी। शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन देवी दुर्गा को उनके अंतर शक्ति का अहसास हुआ था। इस त्योहार पर साधक देवी की पूजा करते हैं और उनसे दिव्य सुरक्षा, समृद्धि, सफलता, खुशी और शांति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नवरात्र के दौरान आने वाली दुर्गा अष्टमी को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

बच्चों ने सीखी क्रॉफ्टिंग और चित्रकारी

लखनऊ। श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ द्वारा 05 से 15 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास हेतु आयोजित समर कैम्प के पंचम दिवस परम आदरणीया अचिन्त्य रुपिणी माताजी (धर्मपत्नी श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी, मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ) द्वारा बच्चों ने ड्राइंग, क्राफ्ट बनाना सीखा, विभिन्न खेलों के माध्यम से अध्यात्म एवं सनातन संस्कृति की शिक्षा दी गयी एवं बच्चों ने पगड़ी बनाना सीखा ' साथ ही साथ इस्कॉन का सुप्रसिद्ध नृत्य एवं कीर्तन हुआ।

भातखंडे विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन शुरू

लखनऊ। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए 14 से 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन होंगे। इच्छुक विद्यार्थी शिक्षा सत्र 2024-25 में किसी भी डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रभारी कुलसचिव डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों को 500 रुपए और महिला, एससी, एसटी, दिव्यांगजन व ईडब्लूएस विद्यार्थियों को 300 रुपए का शुल्क अदा करना होगा।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रॉक 142/ ई.ई.-6/ एल.जे.एस./24-25 दिनाँक 13/06/2024

अति अल्प कालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि. 20/06/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 20/06/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर.सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Repairing of 04 Nos submersible pump at different places of Kashmiri Mohall Ward, Lko	2100.00	Rs. 150	07 दिवस
2	Repairing of 03 Nos submersible pump at different places of Kashmiri Mohall Ward, Lko	2100.00	Rs. 150	07 दिवस
3	Repairing of 05 Nos submersible pump at different places of Gadhi Peer Khan, Ward, Lko.	2400.00	Rs. 150	07 दिवस
4	Repairing of 08 Nos submersible pump at different places of Maulana Kalbey Abid-1 Ward Lko.	3900.00	Rs. 200	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का सॅल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी०एस०टी० में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6
जलकल विभाग, लखनऊ

सोई सेवक प्रियतम मम सोई, मम अनुशासन मानय जोई...

● मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से दो दिवसीय रामायण सत्संग आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मानव उत्थान सेवा समिति के तत्त्वावधान में सदगुरू देव सतपाल महाराज के प्रेरणाश्रोत दो दिवसीय रामायण सत्संग सार कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही भव्य रूप में गुरुवार को प्रारम्भ हुआ। समिति के लखनऊ शाखा के अंतर्गत विकासनगर के सेक्टर 06 में स्थिति रामकथा पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को लखनऊ आश्रम की प्रभारी स्वरुपा बाई के कर कमलों द्वारा किया गया। सत्संग पण्डाल में बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित प्रेमी भगवतभक्तों व श्रोता गणों के समच्छ भजन गायक मण्डली द्वारा भाव पूर्ण भजनों की प्रस्तुति से समस्त जनमानस भावविभोर हो उठा। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम अनेक तीर्थों से भृमण करते हुऐ संस्था के बबलेश ने प्रभु श्री राम जी ने अयोध्या वासियों से कहा सोई सेवक प्रीतम मम सोई, मम अनुशासन मानय जोई। प्रभु राम कहते हैं कि जो भी मेरे द्वारा बताये गये अनुशासन का अनुपालन करेगा वही, मेरा सबसे बड़ा सेवक और मुझे सबसे अधिक प्रिय होगा। हानि लाभ जीवन मरण यश अपयश विधि हाथ।

उत्तराखंड से पधारी सोन बाई ने सरल रूप में राम चरित मानस के इस दोहे का अर्थ को समझया की प्रभु राम जी के वन गमन के बाद मन से दुखी श्रीभरत जी को वशिष्ठ मुनि जी बहुत ही गम्भीर एवम दुखी मन से समझाते हैं कि, है भरत, होनहार बहुत ही प्रबल (शक्तिशाली) होता है, जो होना है, वह होकर ही रहेगा, क्योंकि, जीवन मे नुकसान और फायदा, जनम और मरण, कीर्ति व लांछन ये सभी विधाता द्वारा रचित हैं, इन्हें जब होना है, होकर ही रहेंगें। हरिद्वार से लखनऊ आश्रम उजला बाई ने अपने विचार रखते हुये बताया कि प्रभु राम ने माता शबरी को नवधा भक्ति के बारे में एक एक कर सभी नवों भक्ति को बहुत सरल शब्दों में कैसे समझाया। बीच बीच में बाई जी द्वारा सारगर्भित भजन भी सुनाये गये। कार्यक्रम के अंत मे देश के अनेक तीर्थों व स्थानों में सत्संग का प्रचार-प्रसार करती हुई लखनऊ आश्रम पधारी स्वरूपा बाई ने राम कथा सार पर विस्तृत रूप से अपने विचार रखते हुये रामायण के इस प्रसंग के बारे में बताया। प्रभु राम जी ने गंगा पार जाने के लिए, केवट से नाव लाने के लिए आदेश न देकर बल्कि केवट से नाव मांगा, जो कि केवट के प्रति सम्मान है। माँगी नाव न केवट आना, कहहि तुम्हार मरम मैं जाना। अर्थात जिस मर्म को साथ मे रही माता सीता जी व भाई लछ्मण जी न जान सके, उसे केवट कह रहा है कि हे प्रभु में आप के मर्म को जनता हूँ। इस गूढ़ मर्म को पूज्य बाई ने बहुत सुंदर ढँग से अपने शब्दों में समझाया। इस प्रकार राम चरित मानस के अनेक उदाहरणों की प्रस्तुति की गई। अंत मे आरती एवम भोजन प्रसाद के बाद प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यालय नगर पंचायत मार्टीनगंज- आजमगढ़

पत्रांक- 121/न.पं.मा./2024-25 दिनांक- 13-06-2024

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मार्टीनगंज, जनपद-आजमगढ़ सीमान्तर्गत कुल- 20 तालाबों / पोखरों के नीलामी की कार्यवाही दिनांक 18.07.2024 को समय 12.00 बजे दिन में निकाय में होगी। इच्छुक व्यक्ति शर्तनामे के अनुसार पोखरे के नीलामी में भाग लेने के लिये मु0 20,000.00 से नगद अग्रिम जमानत धनराशि जमा करने के पश्चात ही नीलामी में बोली बोलने के अधिकारी होंगे। नीलामी के तहत उच्चतम बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकारी अध्यक्ष नगर पंचायत में निहित होगा नीलामी सम्बन्धित शर्तों / नियमों की जानकारी नगर पंचायत कार्यालय के कार्यदिवस में किसी भी समय अवलोकन किया जा सकता है। नीलामी किये जाने वाले तालाबों का विवरण निम्नवत है-

क्र.सं.	स्थान	तालाब संख्या	रकबा
1	निकासीपुर ताल	575मी0	4.0860 हेक्टेयर
2	सुरहन ताल	2001 (ग)	2.7440 हेक्टेयर
3	सुरहन ताल	2013 (ख)	5.3910 हेक्टेयर
4	निकासीपुर पोखरी	502	0.3000 हेक्टेयर
5	निकासीपुर पोखरी	560	0.3040 हेक्टेयर
6	निकासीपुर पोखरी	81	0.3420 हेक्टेयर
7	महुजा नेवादा ताल	1174 (ग)	36.7330 हेक्टेयर
8	महुजा नेवादा पोखरी	1560	0.5240 हेक्टेयर
9	महुजा नेवादा पोखरी	1504	0.7090 हेक्टेयर
10	महुजा नेवादा पोखरी	781	0.4370 हेक्टेयर
11	बनगांव पोखरी	927	0.6200 हेक्टेयर
12	बनगांव पोखरी	925	0.6920 हेक्टेयर
13	बनगांव पोखरी	921 (ख)	0.4920 हेक्टेयर
14	बेलवाना पोखरी	716	0.5510 हेक्टेयर
15	बेलवाना पोखरी	438	0.6340 हेक्टेयर
16	बेलवाना पोखरी	588	0.4620 हेक्टेयर
17	बेलवाना पोखरी	1819	0.4810 हेक्टेयर
18	बेलवाना पोखरी	1818	0.5480 हेक्टेयर
19	बेलवाना पोखरी	1821	0.4010 हेक्टेयर
20	बेलवाना पोखरी	1731	0.3140 हेक्टेयर

(आशीष कुमार राय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मार्टीनगंज
आजमगढ़

(अपूर्वा सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत मार्टीनगंज
आजमगढ़

आध्यात्मिक ज्ञान से दूर होगा मानसिक तनाव

लखनऊ। बिना दवा और संतुलित आहार से रोगों के निदान के लिए आध्यात्मिक स्वास्थ्य शिविर में गुरुवार को डा. गोपाल शास्त्री ने कहा कि विकास के इस दौर में अस्पताल भी खुल रहे हैं और मरीज भी बढ़ रहे हैं। लोगों में मानसिक चिंता भी बढ़ रही है। इन सब का इलाज आध्यात्मिक ज्ञान है। मानसिक तनाव दूर करने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान ही एकमात्र इलाज है। ऐसे में हम सभी को आध्यात्मिक ज्ञान से स्वास्थ्य को सुधारने के लिए कार्य करना चाहिए। 17 जून तक वीआइपी रोड स्थित संत आसूदाराम शिव शांति आश्रम में चलने वाले शिविर में श्यामा दीदी ने संतुलित आहार और कच्चे भोजन के फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के संयोजक प्रदीप अग्रवाल व रवि अरोड़ा ने बताया कि शिविर हर दिन सुबह 8.30 बजे से पांच बजे तक चलता है।

वास्तुकला प्रदर्शनी छात्रों की प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। वास्तुकला एवं योजना संकाय, एकेटीयू ने गुरुवार को बी.आर्क द्वितीय वर्ष की वास्तुकला प्रदर्शनी संग्रह संकाय के दोशी भवन में लगाई गयी। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रख्यात वास्तुकार अशोक कुमार और सबीना सिंह (मुख्य वास्तुकार पीडब्लूडी) ने किया। यह प्रदर्शनी डीन प्रोफेसर वंदना सहगल और विभागाध्यक्ष प्रो रितु गुलाटी के मार्गदर्शन में वास्तुशिल्प प्रतिभा और रचनात्मकता का एक उत्सव है। प्रोफेसर रितु गुलाटी ने कहा कि प्रदर्शित सभी कृतियां विभिन्न क्षेत्रों में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों के कार्यों को प्रदर्शित करता है, जो हमारे संस्थान के भीतर विकसित विविध और गतिशील कलात्मक परिदृश्य की झलक पेश करता है।

प्रदर्शनी का शुभारम्भ संकाय के दोशी भवन के मुख्य द्वार पर लगे फीता को काटते हुए मुख्य अतिथि ने किया। प्रदर्शनी में सर्वप्रथम आर्ट्स एंड ग्राफिक के वर्क (पेंटिंग्स, मॉडल्स, म्यूरल्स आदि) और वास्तुकला डिजाइन, भवन निर्माण, आर्ट्स एंड ग्राफिक कलाकृतिया, वर्नाक्युलर, वास्तुकला इतिहास, सर्विस फोटोग्राफी, डिजिटल मीडिया और अन्य में फैले मनोरम कार्यों की एक श्रृंखला में खुद को आकर्षित कर रहा था मुख्य अतिथि और उपस्थित लोगों ने देखा और छात्रों और संकाय प्राध्यापकों प्रदर्शित कार्यों के बारे में बात की और सराहना की। विचारोत्तेजक इंस्टॉलेशन से लेकर विचारोत्तेजक चित्रों तक, प्रत्येक भाग हमारे उभरते पेशेवरों वास्तुकला के छात्रों के अद्वितीय दृष्टिकोण और असीमित कल्पना को दशार्ता है। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी देखने के बाद कहा कि ²यह प्रदर्शनी वास्तुकला के छात्रों की असाधारण प्रतिभा और समर्पण के प्रमाण के रूप में कार्य करती है, ²। प्रदर्शनी के कोऑर्डिनेटर दिव्यांशी श्रीवास्तव व कुशाग्र हैं। यह सभी संकायों के प्रतिबद्ध प्राध्यापकों के प्रयास का परिणाम है जिसका परिणाम स्पष्ट है। यह छात्रों को समुदाय के साथ अपने रचनात्मक दृष्टिकोण को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है और कलात्मक अभिव्यक्ति और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। व्यक्तिगत कार्यों को प्रदर्शित करने के अलावा, प्रदर्शनी में इंटरैक्टिव इंस्टॉलेशन, लाइव प्रदर्शन और दर्शकों के जुड़ाव के अवसर भी शामिल हैं। आगंतुकों को महत्वाकांक्षी पेशेवरों के साथ सीधे जुड़ने, उनकी रचनात्मक प्रक्रिया और प्रेरणाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने का मौका मिलेगा। हम अपने छात्रों की कड़ी मेहनत और कलात्मक विकास की पराकाष्ठा का जश्न मनाने में हमारे साथ शामिल होने के लिए आर्किटेक्ट्स, छात्रों, संकाय और जनता को आमंत्रित करते हैं। ²यह प्रदर्शनी कला को प्रेरित करने, कला के प्रति आकर्षित करने और एकजुट करने की शक्ति का एक प्रमाण है।

पांच दिन तक जारी रहेगा हीटवेव का कहर, 20 के बाद बदलेगा मौसम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी समेत प्रदेश में अगले 5 दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। सूबे में हीटवेव का कहर जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। 17 जून के बाद पूर्वांचल के तराई वाले इलाकों में हवा का रुख बदलेगा, पछुवा के बजाए पुरवाई बहेगी और बादलों का डेरा पड़ेगा।

17 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने, 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी व तूफान के आसार बन रहे हैं। लेकिन 20 जून के आसपास सूबे में हल्की बारिश होने की संभावनाा है और लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। गुरुवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्से लू व तपन की चपेट में रहे। राज्य का सबसे गरम स्थान 47.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा गौतमबुद्नगर में 46.7, कानपुर देहात में 46.6, आगरा में 46.5, प्रयागराज में 46.4, मथुरा-वृंदावन में 46.3, सोनभद्र में 45.8, वाराणसी में 45.2 डिग्री और लखनऊ में 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार आगरा के मौसमी आंकड़ों के 50 वर्षों के इतिहास में बीते बुधवार की रात सबसे गरम रात रही। बुधवार की रात आगरा में तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि पिछले 50 वर्ष के इतिहास (1974-2024) में सबसे अधिक रहा। इससे पहले 13 जून 2018 को आगरा में रात का तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस तथा पांच जून 2017 को आगरा में रात का तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आंचलिक मौसम विज्ञान के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी व दक्षिणी हिस्सों में ग्रीष्म लहर का प्रकोप बना रहेगा। उन्होंने बताया कि 16 जून से पूर्वांचल में बादलों का डेरा पड़ेगा और 17 जून से आंधी-बारिश का सिलसिला शुरू होने की उम्मीद है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि अगले चार दिनों के बाद दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की बंगाल की खाड़ी से चलने वाली शाखा उड़ीसा व छत्तीसगढ़ की तरफ बढ़ने के लिए अनुकूल स्थितियां बन रही हैं। उसके बाद यह बिहार की तरफ बढ़ा तो फिर उत्तर प्रदेश में मानसून के आगमन की सम्भावना बनेगी। उन्होंने बताया कि 16 जून के बाद प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट का क्रम शुरू होगा और लू का प्रकोप भी खत्म होगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद दानिश का कहना है कि अगले 5 दिनों तक सूबे में हीटवेव का असर रहेगा। उसके बाद यूपी के पूर्वी हिस्से में हल्की बारिश होने के आसार दिखाई दे रहे हैं हालांकि मानसून की स्थिति अभी नहीं बनी है। क्योंकि मानसून अभी बीच में ही रुका हुआ है। ऐसे में मानसून को लेकर कुछ भी कहना संभव नहीं है। डॉ. दानिश कहते हैं कि वे ऑफ बंगाल में लो दबाव का स्थिति बनी हुई है जिसकी वजह से मानसून अभी बीच में ही रुका हुआ है। उनका कहना है कि मानसून तब एक्टिव होगा, जब पूर्वी हवा चलेगी और मानसून के बादल उत्तर प्रदेश में पहुंच जाएंगे। इसके बाद पूर्वी यूपी और आसपास के इलाकों में बारिश होने की संभावना बढ़ जाएगी। फिलहाल पूर्वी यूपी में 20 जून तक हल्की बारिश होने की संभावना है।

अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता में वाची सिंह विजेता

सीतापुर। गुरुवार की सुबह से ही गर्म मौसम अपना असर दिखाने लगा। लोगो की जब नींद खुली, तो उमस ने हर किसी को परेशान कर रखा था। सुबह से ही धूप लोगों को सताने लगी। दिन चढ़ने के साथ ही मौसम का मिजाज तल्ख होता चला गया। दिन चढने के साथ उमस ने लोगों को परेशान करके रख दिया। गर्म मौसम से बचने के लिए लोगों ने नदी, नहर व तालाबों की शरण ली। इस दौरान स्वीमिंग पूल में भी भीड़ रही।

लाभार्थीपरक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों को मिलना सुनिश्चित किया जाये : डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। खराब हुये नलकूपों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि उनको जल्द से जल्द ठीक करा दिया जाये, जहां पर विद्युत की समस्या उसकी सूची तैयार करते हुये विद्युत विभाग को प्रेषित की जाये ताकि किसानों को सिंचाई हेतु कोई समस्या न हो। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को निर्देश दिये कि जहां पर टेल की सफाई नही हुयी है, उसकी सूची तैयार करते हुये टेलों की सफाई करा दी जाये। जिलाधिकारी ने निमाणाधीन सड़कों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि स्वीकृत हुयी सड़कों का कार्य जल्द ही पूर्ण किया जाये तथा जहां किसी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो उससे अवगत कराया जाये। नैमिषारण्य में बनायी जा रही पंचकोसीय व चैरासी कोसीय सड़कों को प्राथमिकता के आधार पूर्ण करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि जो भी विशेष मरम्मत वाली सड़के है उनको को भी समय रहते ठीक करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि बाढ़ वाले क्षेत्रों में जो भी कार्य अपूर्ण हैं उनको बाढ़ से पूर्व ठीक कराया जाये। पीएमजेएसवाई के अन्तर्गत बनायी जा रही सड़कों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि सड़को की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा जो भी कार्य शेष रह गये है उनको पूर्ण किया जाये। सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि जहां पर जिस विभाग से संबंधित सड़क आ रही है तो उसके लिये एन0ओ0सी0 उस विभाग से प्राप्त कर लें। मुख्यमंत्री आवास योजना हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कराते हुये पात्रों को इस योजना का लाभ प्रदान किया जाये। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि रिक्त उचित दर की दुकानों का आवंटन जल्द ही कर दिया जाये। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि वृद्धावस्था पेंशनरों के लिये गांवों में कैम्पों का आयोजन कर पात्रों को पेंशन से लाभान्वित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रसव के दौरान आरोग्य हॉस्पिटल में जच्चा की मौत

महोली /सीतापुर। कोतवाली इलाके के ग्राम डुडावल बीहट गौड़ निवासी सिंधुराज ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। सिंधुराज का आरोप है कि गत 23 मई को वह अपनी पत्नी सबनम राज को प्रसव पीड़ा होने पर आरोग्यं हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर ले गया। आरोप है कि वहां डॉक्टर नैनिका पांडेय ने बताया उनकी सारी जांच होगी। जांच करने के बाद डॉक्टरों ने कहा ऑपरेशन किया जाएगा। 24 मई को ऑपरेशन होने के बाद, रात में वहां के स्टाफ ने कहा मरीज की हालत गंभीर है। अस्पताल का स्टाफ ने ही मेरी पत्नी को जनता हॉस्पिटल नवीन चैक में भर्ती कराया। जहां पर आईसीयू वार्ड में रखा गया। तकरीबन आधा घंटे के बाद जनता हॉस्पिटल के संचालक ने मरीज को अस्पताल के बाहर निकाल कर अपने आप एंबुलेंस बुलाकर हमारे मरीज को लखनऊ भेज दिया। रास्ते में जब मरीज की कंडीशन देखी, तब शरीर ठंडा पड़ने लगा। इसके बाद हिंद हॉस्पिटल में दिखाए, वहां के डॉक्टरों ने कहा कि इनकी तो काफी देर पहले मौत हो चुकी है।

ऐप्जा संगठन ने वार्षिक गोष्ठी का किया गया आयोजन

महमूदाबाद/सीतापुर। नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में ऐप्जा संगठन की वार्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संगठन की तहसील इकाई का वार्षिक पुनर्गठन किया गया। संगठन के चीफ को-ऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के नेतृत्व में हुई बैठक में तहसील इकाई द्वारा लगभग एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। बैठक में संगठन की तहसील कार्यकारिणी द्वारा कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की तहसील स्तर पर जो जिम्मेदारी पत्रकार साथियों के हितों, विकास, न्याय के लिए उनको सौंपी गई है उसको पूरे मनोयोग से पूरा करेंगे। किसी भी जनपद में अब पत्रकार साथियों का जनप्रतिनिधि व शासन-प्रशासन द्वारा उत्पीड़न, पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमों में फंसाने आदि मुद्दों पर हिंसात्मक तरीके से विरोध किया जाएगा व उनको न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकारिता क्षेत्र में आ रही अड़चनों पर बिंदुवार विचारों का भी आदान प्रदान हुआ। तत्पश्चात आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन, महमूदाबाद इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अनुज जैन को संरक्षक, प्रदीप सिंह को अध्यक्ष, अर्पित शुक्ल को महामंत्री, दिलीप मिश्रा व अनुज शुक्ला को उपाध्यक्ष, धीरज नाग को संगठन मंत्री, रामगोपाल शर्मा को मीडिया प्रभारी, मनोज पासवान को सचिव व रामनिवास गुप्त को सर्व सम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर नूरेन, आनन्द श्रीवास्तव, सुशील अवस्थी, सुनीता गौतम, वली चैधरी व, तेजभान, निर्मल सहित लगभग बीस पत्रकार उपस्थित रहे, जिनमे से कई पत्रकारों ने सदस्यता भी ग्रहण की।

सही इलाज न होने पर छोटी बीमारी बन जाती है खतरनाकः डॉ. सलवा

अयोध्या। नाक, नाक व गले की बीमारियों से जूझ रहे पीड़ितों को अब अच्छे डॉक्टर की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। विशेषज्ञ डॉ. सलवा सलाम शनिवार शाम 6 बजे से तथा रविवार सुबह 09 बजे से डॉ अब्दुस सलाम के अवध ऑर्थो सेंटर पर अपनी सेवाएं देंगी। बातचीत में डॉक्टर सलवा ने बताया कि नाक, कान, गले की बीमारियों को लेकर तमाम मरीज भटकते रहते हैं।

साइबर ठगी का शिकार हुए आठ लोगों के नौ लाख 30 हजार रुपये कराये वापस

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। साइबर क्राइम का शिकार हुए आठ लोगों की धनराशि उनके बचत खाते के माध्यम से उन्हें प्राप्त हो गई है। अन्य कई पीड़ितों की धनराशि को उनके बचत खाते में वापस भेजने की तैयारी चल रही है। इस पूरे अभियान में साइबर क्राइम निरीक्षक रन्धा सिंह यादव का

- पीड़ित परिवारों में साइबर क्राइम पुलिस के प्रयासों से खुशी का माहौल

सराहनीय योगदान रहा। साइबर क्राइम का शिकार हुए इन लोगों की शिकायत के बाद उनकी धनराशि को एनसीआरपी पोर्टल से धनराशि होल्ड करा दी गई थी जिसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पीड़ितों को लौटा दी गई है। साइबर क्राइम का शिकार हुए इन लोगों ने साइबर क्राइम थाने में अपने साथ हुई ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके अलावा पीड़ितों ने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत की थी। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीण रंजन के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से धनराशि होल्ड करा दी गई थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पीड़ितों के खाते में धनराशि वापस भेजी दी गई है। इनमें हर्ष श्रीवास्तव को 73,999 रुपये, शशांक मिश्र को 35,300, मुरारी लाल को 25242.08, दीपिका सिंह को 214051, गौरव गंगवार को 4,88,000, सार्थक अग्रवाल को 68,800, सुमित कुमार श्रीवस्तव को 1999, राजकमल रस्तोगी को 22,826 रुपये उनके खाते में लौटाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि अवेशष धनराशि भी पीड़ितों के खाते में जल्द ही वापस कराए जाने की प्रक्रिया चल रही है। खातों में रुपये वापस लौटने से साइबर ठगी का शिकार बने लोगों में खुशी का माहौल है। एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन ने बताया कि साइबर अपराधियों की पहचान करके उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी शख्स साइबर ठगी का शिकार होता है तो वह शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल दर्ज कराएं जिससे उसकी रकम होल्ड कराई जा सके। इसमें साइबर क्राइम निरीक्षक रन्धा सिंह यादव, निरीक्षक विशाल संगारी, एसआई राजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्य आरक्षी अनुराग पाण्डेय, नीतू दिवाकर, अंकुर चैधरी, अर्जुन यादव, सुमित राधव, पुनीत कुमार, पुनीत पंवार, गौरव कुमार, अनिल सिंह का योगदान रहा।

भागवत कथा सुनने को जुट रहे भक्त, कलाकारों ने किया झांकियों का प्रदर्शन

सीतापुर। लहरपुर इलाके के धौरहरा गांव में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ, विराट संत सम्मेलन व रासलीला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। इस दौरान वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने शिव विवाह व शिव तांडव की सुंदर लीलाओं का मंचन किया। कलाकारों ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियों का सजीव प्रदर्शन किया। भगवान के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन कर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। यज्ञाचार्य राधा मोहन अवस्थी ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलिकाल में जो ब्रह्म सुख की अनुभूति करा दे, वह श्रीमद् भागवत कथा है। कथा व्यास ने कहा कि कथा श्रवण मात्र करने से ही जीव के जन्म जन्मांतर के पाप एक पल में नष्ट हो जाते हैं। अगर जीव भक्ति भाव से सत्संग व कथा का श्रवण करें तो भक्ति के साथ-साथ उसे ज्ञान और वैराग्य दोनों की प्राप्ति हो जाती है। कथा व्यास ने कहा कि इस कलयुग में तो केवल श्रीराम नाम संकीर्तन ही भवसागर को पार करने का एकमात्र आधार है। उन्होंने कहा कि कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा। अर्थात केवल भगवान नाम का सुमिरन से ही जीव इस संसार रूपी सरोवर से पार हो जाता है। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। कथा व्यास पंडित अखिलेश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए, सती अनसुइया की कथा का रसपान कराया। इस अवसर पर वैदिक आचार्य शिवराम मिश्रा, सुरनायक बाजपेई, पंडित संदीप पाण्डेय, पंडित श्याम शुक्ला, चंद्रशेखर दीक्षित, सूर्यप्रसाद, आशाराम, उमेश कुमार, शैलेंद्र, अंकित दीक्षित आदि मौजूद रहे।

ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

रुदौली-अयोध्या। अयोध्या लखनऊ रेल खंड पर बृहस्पतिवार की सुबह पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुलेमान पुर गांव के समीप रेलवे लाइन के किनारे शौच को गए ग्रामीणों ने एक युवक शव झाड़ियों में पड़ा हुआ देखा ।घटना की जानकारी पटरंगा पुलिस को दी गई जो मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया जिसकी पहचान के लिए आस पास के लोगों से पूछ ताछ की गई लेकिन कोई पता नहीं चल सका है।

परम्परा और गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्य बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारीः गौरांग राठी

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। ईदुज्जुहा,बकरीद, त्यौहार शान्तिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरूओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न धर्मगुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों ने ईदुज्जुहा (बकरीद) से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों,समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों आदि को निर्देशित करते हुए कहा कि कुबार्नी एवं अन्य परम्पराएं जो पूर्व में होती हुई चली आ रही है उन्ही के अनुसार ईदुज्जुहा का त्यौहार मनाया जाए तथा कुबार्नी बन्द स्थानों पर ही की जाए। नगरीय,ग्रामीण क्षेत्रों तथा ईदगाहों के आस-पास विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करायी जाये तथा बिजली व पेयजल आपूर्ति हेतु पर्याप्त इंतेजाम किए जाएं। अपशिष्ट प्रबन्धन की समुचित व्यवस्था की जाए। कूड़ा गाड़ी के पीछे एक अन्य गाड़ी अवश्य रखी जाए ताकि अपशिष्ट पदार्थ गिरने की दशा में तुरन्त उठाया जा सके। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पर्याप्त इंतेजाम सुनिश्चित कराए जाएं। डीएम ने कहा कि त्यौहार के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझ कर करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट को प्रसारित करने से बचें। किसी भी प्रकार की अफवाह को लेकर भ्रमित न हों तथा आपसी शांति एवं सौहार्द को बनाए रखें। उन्होंने सभी जनपदवासियों को ईदुज्जुहा (बकरीद) की अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग संयम, मानवता, संवेदनशीलता, शालीनता, प्रेम, भाई-चारा, सौहार्द एवं परम्पराओं का पालन करते हुए तथा किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना को आहत किये बगैर त्यौहार को पूरे उत्साह के साथ मनाएं। आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के लिए उन्नाव का इतिहास हमेशा से अच्छा रहा है और इस परम्परा एवं गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्य बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने समस्त क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ईदुज्जुहा (बकरीद) के त्यौहार के दृष्टिगत सतर्क रहें और अराजकतत्वों पर पैनी नजर बनाए रखें। किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरन्त आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर हमारे कन्ट्रोल रूम के नम्बर पर भी सम्पर्क कर सकते है, जिससे सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या पर तत्काल कार्यवाही की जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेमप्रकाश मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशू गुप्ता, एडीएम(वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, समस्त उप जिलाधिकारी,क्षेत्राधिकारी गण, अन्य अधिकारी गण सहित विभिन्न समुदायों एवं सामाजिक संगठनों के संभ्रान्त लोग मौजूद रहे।

राम किंकर पांडेय बने राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय संरक्षक

सीतापुर। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू की उपस्थिति में ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पांडे को राष्ट्रीय संरक्षक नियुक्त किया गया। विकास हिन्दू ने कहा कि राम किंकर के आने से संगठन में नयी ऊर्जा आएगी। इनके सामाजिक जीवन के अनुभवों से हमे काफी कुछ सीखने को मिलेगा। राष्ट्रीय संरक्षक नियुक्त होने के उपरांत राम किंकर पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना हिंदुत्व और राष्ट्रहित में कार्य कर रही हैं, इसका राष्ट्रीय संरक्षक होना मेरे लिए गौरव की बात हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू की कार्यशैली से मैं काफी प्रभावित हूँ। उनके कार्य की जितनी प्रशंसा की जाय कम हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है मैं उसपर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। राम किंकर ने कहा कि मैं संगठन के समस्त पदाधिकारियों को आश्वासन देता हूं कि संगठन के जो भी राष्ट्रहित और सामाजिक कार्य मेरे समक्ष आयेंगे उन्हें में तन मन धन से पूर्ण करने का कार्य करूँगा और संगठन की प्रगति के लिए पूरएवं जिम्मेदारी राष्ट्रीय टीम और प्रादेशिक टीम के द्वारा दी जाएगी ।

डंपर की टक्कर से ईरिक्शा चालक घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के कालीमिट्टी दबौली मार्ग पर डंपर की टक्कर से ई रिक्शा चालक घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से सी एच सी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गाँव दुगवां निवासी अखिलेश उर्फ अर्जुन (32) ई रिक्शा लेकर दबौली से कालीमिट्टी की तरफ आ रहा था। कालीमिट्टी दबौली मार्ग पर गाँव सरहा के सामने कालीमिट्टी से दबौली जा रहे डंपर ने सीधे टक्कर मार दी। जिससे चालक अखिलेश घायल हो गया। ई रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। डंपर चालक भाग गया। घायल को सी एच सी लाया गया ,जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ग्राम गंगुआ खेड़ा पैसरा निवासी रमाकांत बाइक से फतेहपुर चैरासी किसी काम से आ रहा था तभी रास्ते में अनियंत्रित बाइक खेतों में लगे कंटीले तारों में उलझ गई। जिससे रमाकांत गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे आसपास के लोगों तथा परिजनों ने सी एच सी में भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया गया।

मारपीट के मामले में दिया गया शिकायतीपत्र

पाटन, उन्नाव। पुरानी रंजिश के चलते धान की बेड में भैंस जाने की झूठी कहानी रच कर पीड़ित के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकरण कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम पखरा खुर्द में को पीड़ित बचान पुत्र राम शिवलोचन कुशवाहा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गुरुवार को सुबह समय लगभग 8:00 बजे विपक्षी राजेश पुत्र राजाराम ने बचान की भैंस द्वारा धान की बेड चर लेने का झूठा आरोप लगाकर उसके साथ जमकर मारपीट की मारपीट की इस घटना में बचान को सर सहित शरीर के कई अंगों में गंभीर चोटे आई हैं जबकि बताया गया कि लगभग 1 वर्ष पूर्व आरोपी राजेश के छोटे भाई सुजीत की पत्नी कोमल ने पीड़ित वचान के साथ विवाह कर लिया था उक्त रंजिश को लेकर सुजीत व उसका भाई राजेश पीड़ित से रंजीत मानता था जिसको लेकर पूर्व में भी आरोप प्रत्यारोप लगाकर मारा पीटा था। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडे ने बताया कि पीड़ित का डॉक्टरी कराकर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

मजार पर चादर पोशी व जवाबी कव्वाली का आयोजन

पाटन उन्नाव। हजरत बिस्मिल्ला शाह उर्फ आलम गीर शाह रहमत उल्ला अलैह का 39 व उर्स समारोह विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी बाबा की मजार पर चादर पोशी व जवाबी कव्वाली के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान व कार्यक्रम के आयोजन माजिद हुसैन आलम गिरी हस्सानी मैं बताया कि कर्क में नाजिर कादरी कव्वाल दिल्ली व आमिर सादरी कव्वाल दिल्ली शिरकत ले रहे हैं। ग्राम प्रधान ने बाबा के इस कार्यक्रम में लोगों से पहुंचकर बाबा का दीदार करने व सिन्नी पाने का आग्रह किया।

गंगा नदी में डूबी बच्ची का शव गोताखोर टीम ने खोज निकाला

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में बहन के साथ दो दिन पहले मवेशी चराने गई बच्ची अचानक गंगा नदी के गहरे पानी में डूब गयी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची की खोजबीन की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। जानकारी परिजनों ने पुलिस ने दी लेकिन अंधेरा होने से सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद बुधवार को भी बच्ची की गंगा में खोजबीन जारी रही। गुरुवार को गोताखोरों ने गंगा में डूबी किशोरी का शव बरामद किया है पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार कटरी गदनपुर आहार गांव के मजरा भिखारी पुरवा निवासी सियाराम की 12 वर्षीय बेटी सिमरन अपनी बड़ी बहन मानसी व गांव के अन्य बच्चों के साथ बीते मंगलवार को मवेशी चराने गयी थी। इसी बीच सभी बच्चे गंगा नदी में नहाने लगे। अचानक सिमरन गहरे पानी में चली गयी। उसे बचाने का प्रयास बड़ी बहन व अन्य बच्चों ने किया लेकिन वे सफल नहीं हुये। इसके बाद बच्चों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने किशोरी की करीब दो सौ मीटर तक गंगा में खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने बताया कि सिमरन कक्षा 6 की छात्रा है। बुधवार को भी पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन करायी लेकिन उसका पता नहीं चल सका। गुरुवार को खोजबीन के दौरान शव उतराता मिला शव मिलने के बाद मां शीला का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं अन्य परिजन भी बेहाल हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बच्ची के गंगा में डूबने की सूचना मिली थी। गोताखोरों की मदद से बच्ची की तलाश करवाई गई है शव मिलने के बाद पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शिक्षक को शैक्षिक व साहित्यिक सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

लहरपुर/सीतापुर। स्थानीय अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय शेख टोला पर बृहस्पतिवार को शिक्षकों और सहित्यकारों ने शिक्षक को शैक्षिक व साहित्यिक सेवाओं के लिए किया सम्मानित। ज्ञातव्य है कि कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा गालिब एकादमी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में स्थानीय विकासखंड के ग्राम शादी फत्ते पुर स्थित जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक और साहित्यकार जुबेर वारिस को उनकी शैक्षिक और साहित्यक सेवाओं के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, गालिब एकादमी नई दिल्ली के द्वारा जुबेर वारिस को सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र के शिक्षकों और साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें सम्मानित किया। बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल लहरपुर के अध्यक्ष हाजी रियाज अहमद एवं हिन्दी साहित्य परिषद के अध्यक्ष संतोष कश्यप ने जुबेर वारिस को फूल माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मौजूद हाजी रियाज अहमद ने कहा कि, संसार की तमाम कलाओं में साहित्य सबसे प्रभावी और दिल की गहराईयों तक उतरने वाली कला है, इससे रचनाकार को आत्म संतुष्टि तो मिलती ही है, साथ ही साथ सामाजिक चुनौतियों से बेहतर तरीके से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर शिक्षक और शायर अनवर बिसवानी ने कहा कि, शिक्षक और साहित्यकार दोनों बेहतर समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए हर दौर में इनका महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जुबेर वारिस ने अपने प्रयासों से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता जेड आर रहमानी, समाज सेवी मोहम्मद हसीन अंसारी डाक्टर अफजल लहरपुरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिक्षक रामचन्द्र वर्मा , राजेश कुमार वर्मा, मोहम्मद असद सिद्दीकी, अर्पित त्रिवेदी, मुशीर अहमद, गुड्डू अंसारी, महफूज खां, मोहम्मद रईस अंसारी, मुबीन लहरपुरी , गुलजार खैराबादी आदि उपस्थित थे।

मंदिर दर्शन कर घर लौट रही महिला से दुष्कर्म

मिल्कीपुर-अयोध्या। खण्डासा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने रिश्तेदार के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देते हुए दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने आरोप लगाया है कि वह बीते 10 जून को मंदिर दर्शन करने गई थी। वही पर कुमारगंज थाना अंतर्गत पुलिस चैकी देवगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी एक रिश्तेदार से मुलाकात हुई। रिश्तेदार ने बातचीत करने के बाद घर छोड़ने के बहाने अपनी मोटर साइकिल पर बैठा लिया और खण्डासा क्षेत्र के टिकटी जंगल स्थित पूरन दास कुटी के पास ले गया और गलत काम करते हुए शरीर में कई जगहें पर दांत से काट लिया। पीड़ित महिला ने आरोपी के कैद से छूटने के बाद घटना के संबंध में खण्डासा पुलिस को तहरीर दी।

संक्षेप

प्रेमी संग युवती रफू चक्कर

बांदा। कालिंजर थाना के माखनपुर गांव से 20 वर्षीय युवती को बहलाकर पड़ोसी गांव का युवक भगा ले गया। पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध थाना कालिंजर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। माखनपुर गांव निवासी बउरा प्रसाद नामदेव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीते 4 जून को सब लोग खेत पर थे और घर में पुत्री सविता 20 अकेली थी। सूना मौका पाकर पड़ोसी पयारी गांव निवासी दीपक थाना धरमपुर मध्य प्रदेश बहलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टक्कर मार कर घायल करने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिर्चवारा में रहने वाले नाथूराम पुत्र मोहनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहू गोदावरी 10 जून को रात करीब सवा नौ बजे घर से बुलाऊआ जाने के लिए जा रही थी। इसी बीच ललितपुर- महरौनी मार्ग स्थित आयुर्वैदिक अस्पताल मिर्चवारा के पास पहुंची ही थी कि तभी रामानन्द पुत्र रामकिशन ने अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एफ. 4331 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी बहू घायल हो गयी और काफी चोटें आयीं। उसे लोगों ने फोन पर इस घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा और घायल बहू को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया, जहां हालत नाजुक होने पर उसकी बहू को झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मोटर साइकिल चालक के खिलाफ धारा 279, 338 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

दो युवकों के शव मिलने से मचा हड़कंप

महोबा। कबरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलीपुरा गांव के पास झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक के पास दो अज्ञात युवकों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया है। अभी दोनों शवों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शिनाख्त में करवाने का प्रयत्न कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई थाना क्षेत्र के अलीपुरा गांव के पास झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक 1279ए 1280 रेलवे पोल के पास दो अज्ञात युवकों के क्षत विक्षत शव मिलेए जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर विच्छेदन के लिए भेज दिया है तथा आगे की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

भारतीय मजदूर संघ ने की नवनिर्वाचित सांसद से मुलाकात

फतेहगंज पश्चिमी-बरेली। भारतीय मजदूर संघ बरेली का एक प्रतिनिधि मण्डल आर पी सिंह, प्यारे लाल प्रजापति तथा अरविंद गंगवार, विभाग प्रमुख के नेतृत्व में नवनिर्वाचित बरेली के सांसद छात्रपाल गंगवार से मिला, जीत की बधाई देते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। सांसद गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आए रबर फैक्ट्री के कर्मचारियों की समस्याओं से प्यारे लाल प्रजापति ने विस्तार से जानकारी दी। सांसद से कर्मचारियों के 24 वर्षों के बकाया वेतन भुगतान में सहयोग देने की अपील की गई।

पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाये कुर्बानी : डीएम

जिला संवाददाता(vol)

महोबा। आगामी गंगा दशहरा व बकरीद के त्यौहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। जिसमे जनपद के धार्मिक गुरुओंए प्रबुद्धजनों एवं संभ्रान्त नागरिकों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने का आह्वान किया गया। आगामी गंगा दशहरा व बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांतिए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहोंए मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुबार्नी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदए नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव करना सुनिश्चित करेंगेए जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुबार्नी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंगए नमक तथा चुना डालकर समुचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगेए जिससे किसी भी प्रकार की संक्रमण फैलने न पाए। उन्होंने कहा कि समस्त उपजिलाधिकारीए क्षेत्राधिकारीए प्रभारी निरीक्षकए थाना अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुबार्नी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाएए किसी भी दशा में खुले में कोई कुबार्नी नहीं की जाएगी। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी। इसके अनुपालन में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर लूज व जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त चिकित्सा केंद्रो पर आवश्यक दावाओं की उपलब्धता व चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति के साथ ही एंबुलेंस की भी उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंए इन कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारीए प्रभारी निरीक्षकए थाना अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखेंए जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक सवेंदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहीं कोई अप्रिय घटना की सम्भावना हो तो हमारे सज्ञान में लायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाशए अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लामए अपर पुलिस अधीक्षक सत्यमए उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंहए उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसादए उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अब घर बैठे लें सेवाओं का लाभ, करें सेवामित्र पोर्टल का उपयोग

ललितपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने जनपद के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सेवायोजन विभाग के द्वारा डोर-टू-डोर सेवायें उपलब्ध कराने हेतु सेवामित्र पोर्टल को विकसित किया गया है। अब वह सेवामित्र पोर्टल से सर्विस बुकिंग कर विभिन्न सुविधाओं का घर बैठे लाभ ले सकते है।

उन्होंने बताया कि टैक्सी, कार की सेवायें, आई.टी.हार्डवेयर एण्ड सर्विसेज (जैसे कम्प्यूटर, प्रिन्टर रिपेयर सर्विसेज) की सेवायें, ए.सी. सर्विस एण्ड रिपेयरिंग की सेवायें, आर.ओ. सर्विस, रिपेयर एण्ड वाटर प्यूरीफायर की सेवायें, मेनपॉवर की सेवायें, प्लम्बिंग से सम्बन्धित सेवायें, कैटरिंग की सेवायें इत्यादि सेवायें उपलब्ध हैं। समस्त जनपदवासी एवं कार्यालयाध्यक्ष उपरोक्त सेवाओं को सेवामित्र पोर्टल की वेबसाइट पर या गूगल प्लेस्टोर से एप को डाउनलोड कर अथवा सेवामित्र कॉल-सेन्टर के टोल फ्री नं0 155330 पर सीधे बुकिंग कर सकते हैं। पोर्टल एवं बुकिंग से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नं. 9415945057 या कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

ललितपुर। विगत रात करीब साढ़े सात बजे जमीनी विवाद को लेकर निकटवर्ती ग्राम कुंआतला में रहने वाले दो पक्षों में जोरदार विवाद हो गया। प्रकरण को लेकर दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीरों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

एक पक्ष की ओर से पुष्पेन्द्र पुत्र दुर्जन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के खुशीलाल, कैलाश, मेहरबान पुत्रगण गोरेलाल, नारान व भगवान पुत्रगण हजारी, पहलवान व राजाराम पुत्रगण कुंवरजू, भगवान व दामोदर पुत्रगण राजाराम, संदीप पुत्र कैलाश, अरविन्द व मनोहर पुत्रगण पहलवान, पहलवान पुत्र कुंवर जू, कीरत व लालसिंह पुत्रगण प्रेम ने एकराय होकर जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पुष्पेन्द्र की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 147, 323, 504 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मनोहर पुत्र पहलवान ने बताया कि बीती 10 जून की रात करीब 8 बजे वह अपने घर पर था। इसी बीच गांव के करन, पुष्पेन्द्र, सुनील पुत्रगण दुर्जन, रवीन्द्र पुत्र गंभीर, गौरव पुत्र करन, गजरानी पत्नी दुर्जन, विनीता पत्नी करन उसके घर के बाहर सरकारी रोड को उखाड़ रहे थे, जिसका विरोध किया तो उक्त लोगों द्वारा गालियां दी। बताया कि मौके पर अरविन्द पुत्र पहलवान, कैलाश पुत्र गोरेलाल, दामोदर पुत्र राजाराम, भगवानदास पुत्र हजारीलाल, खुशीलाल पुत्र गोरेलाल आये और घटना को देखकर बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसे सिर में, अरविन्द को हाथ में, कैलाश को सिर में चोटें आयीं हैं। पुलिस ने मनोहर की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 147, 504, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

फंदे से लटका मिला सिपाही की पत्नी का शव

अयोध्या। कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के मीरापुर डेराबीबी में किराये के मकान में रह रही सिपाही की नवविवाहिता पत्नी का शव बुधवार को कमरे में फंदे से लटका मिला है। औरैया निवासी प्रशांत अवस्थी कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के बूथ नंबर चार पर बुधवार की सुबह 10 बजे ड्यूटी के लिए निकले थे। किराये के मकान में उनकी पत्नी भूमि अवस्थी (21) मौजूद थीं। दोपहर 12 बजे सिपाही घर पहुंचा तो उसका शव फंदे से लटका मिला।

हथियारों से लैस होकर खेत पर जबरन कब्जे का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। शहर के मोहल्ला बड़ापुरा में रहने वाले जगदीश कुशवाहा पुत्र देवकी नन्दन कुशवाहा ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष वाद दायर करते हुये अवगत कराया कि 17 नवम्बर 2023 को उसने अपने भाईयों में अशोक, जयराम के साथ अपनी आराजियों जो कि ग्राम दुर्जनपुरा में स्थित है पर पानी दे रहा था।

शाम करीब 4 बजे सुरेन्द्र उर्फ भैया यादव, सुन्दर सिंह यादव पुत्रगण महाराज सिंह यादव, अजय राजा पुत्र सुम्मेर सिंह, अजय यादव पुत्र सुन्दर सिंह, केशकुंवर पत्नी सुन्दर सिंह निवासीगण मोहल्ला घुसयाना और उनके रिश्तेदार रामकुमार यादव पुत्र महादेव निवासी ग्राम बानौली थाना जखौरा, कस्बा बार निवासी यशपाल, राज राजा पुत्र चन्दन सिंह निवासी रामनगर, शिवम लक्षकार उर्फ शिवम पठान निवासी नई बस्ती, अभय यादव निवासी भोजला झांसी अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी संख्या यू.पी. 94 एन 0495 में सवार होकर हथियारों से लैस होकर आये और उसके भाईयों को घेर लिया। आरोप है कि लाठियों, डण्डा, कुल्हाड़ी व हॉकियों से लैस होकर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये कहा कि इस खेत की रजिस्ट्री हम लोगों को कर दो नहीं तो जिन्दा गाड़ देंगे। जब उसके भाईयों ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। बताया कि पीड़ित की पत्नी नीतू ने जब हाथ जोड़कर प्राणों की भीख मांगी। इस दौरान दबंगों ने उसके खेत में जबरन ट्रैक्टर चलाकर सरसों फेंक कर कब्जा कर लिया। बताया कि उक्त सभी लोग आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं और इनके विरूद्ध लूट, डकैती, हत्या और गैंगस्टर एक्ट जैसे जघन्य मामले दर्ज हैं। पीड़ित ने बताया कि वह मामले की शिकायत करने कोतवाली पहुंचे तो उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी, वहीं पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र भेजा गया, लेकिन उस पर भी कार्यवाही नहीं हुयी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 327, 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

रक्त बहुत ही महत्वपूर्ण है इसका करें सदुपयोग: डी. नाथ

ललितपुर। मेडिकल कालेज की ओर से बताया गया कि ब्लड ट्रांसफ्यूजन विषयक पर रक्त केन्द्र एवं पैथालॉजी विभाग मेडिकल कालेज के साझा प्रयास से सी.एम.ई, व्याख्यान माला आयोजित किया गया। अध्यक्षता मेडीकल कालेज प्रधानाचार्य ने की। प्रथम वक्ता के रूप में डा.मिली अग्रवाल ने बताया कि होल ब्लड से ब्लड के कंपोनेंट कैसे बनाए जाते हैं तथा उसे किस तापमान पे कितने दिनों तक रखना चाहिए। रक्त केन्द्र की सहायक आचार्य डा.प्रिया जैन ने बताया कि मरीज में रक्त की मात्रा हिमोग्लोबिन के कम से कम कितना प्रतिशत होना चाहिए जब हम मरीज को रक्त चढ़ते हैं। मरीज में प्लेटलेट्स की संख्या कम होने पर किस प्रकार प्लेटलेट्स चढ़ाना है विस्तर से समझाया गया। पैथोलॉजी विभाग की सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा.श्रृष्टि सोनी ने बताया कि रक्त केन्द्र से रक्त ससमय चिकित्सकों द्वारा मरीजों के हित में प्रयोग करना चाहिए तथा मरीज को यथा संभव आवश्यक कंप्लीट ब्लड या ब्लड कंपोनेंट ही चढ़ाना चहिए।

● मेडिकल कॉलेज में ब्लड ट्रांसफ्यूजन विषयक व्याख्यान माला संपन्न

मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डी0 नाथ ने कहा कि रक्त बहुत ही महत्वपूर्ण है इसका सदुपयोग करें। व्यक्ति बहुत ही भावुकता के साथ रक्त दान करता है। मैं सभी चिकित्सकों से अनुरोध करता हूं मरीज को आवश्यकता के आधार पर ही ब्लड़ चढ़ाना चाहिए यदि आवश्यकता हो तभी ब्लड या ब्लड कंपोनेंट चढ़ाएं क्योंकि रक्त अमूल्य है। प्राचार्य ने जनपद ललितपुर के आम जनमानस से अपील की है कि वह आज विश्व रक्त दाता दिवस के पावन पर्व पर मेडिकल कॉलेज के रक्त केन्द्र में आयोजित रक्त दान शिविर में प्रतिभाग करते हुए अधिक से अधिक में सांख्या में रक्त दान करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, सभी संकाय सदस्य, जनता अस्पताल ललितपुर के चिकित्सक, एच बी एम अस्पताल ललितपुर के चिकित्सक, सीनियर एवं जुनियर रेजिडेंट चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

आग से लाखों की गृहस्थी जलकर राख

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के रेहुंटा गांव में गुरूवार की दोपहर अचानक दो भाईयों के मकानों में आग लग गई जिससे लाखो की ग्रहस्थी जलकर राख हो गयी। पड़ोसियों ने आग का धुआं उठता देख ननकू पाल को बताया। तब तक भाई जगदीश पाल के मकान में भी आग लग गई और लगभग चार लाख रुपए का सामान जल गया। ननकू पाल व जगदीश पाल ने बताया कि दोपहर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। ग्राम प्रधान ओमकार निषाद, रामफल व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पास के हैंड पंप व निजी सबमर्सिबल से आग पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन आग बुझती न देख ग्राम प्रधान ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्रा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है। हल्का लेखपाल को भेजकर जांच के बाद शासन की गाइडलाइन के तहत आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

लाखों के जेवर, नकदी लेकर विवाहिता प्रेमी संग चंपत

बांदा। बीते बुधवार की रात विवाहित महिला घर के परिजनों को चकमा देकर गांव के ही पड़ोसी प्रेमी के साथ लगभग दो लाख रुपये नगद व लाखों के सोने चांदी के आभूषण लेकर गायब हो गई। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो उन्होंने घर में सामान बिखरा पाया और महिला की तलाश शुरू कर दी। जानकारी मिली कि कैंपर चालक ने महिला व प्रेमी को अतर्रा रेलवे स्टेशन पहुंचाया है। इसमें ई-रिक्शा चालक की भी संदिग्धता बताई जा रही है। ससुर ने बहू के खिलाफ शिकायती पत्र नरैनी कोतवाली पुलिस को दिया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिजनों ने बताया कि विवाहित अपने घर में बुधवार को सास, ससुर, पति को खाना खिलाकर कमरे में सोने चली गई। परिजन भी अपने कमरे में सोने चले गए। परिजनों का आरोप है कि महिला ने खाने में नींद की गोलियां मिलाई थीं जिससे सबकी सुबह देर तक नींद लगी रही और महिला गायब हो गयी। परिजनों का आरोप है कि विवाहित की दो देवरानियां हैं। तीसरे देवर की शादी होनी है। घर में सभी देवरानियों के चांदी-सोने के आभूषण एवं घर पर रखा दो लाख नगद लेकर प्रेमी युवक के साथ भाग गई। ससुर खालिक ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। महिला की बरामदगी के बाद ही स्थिति की सही जानकारी हो सकेगी।

अधिक खनन पर 13 लाख 75 हजार का जुर्माना

बांदा। जिले में लाल सोने का अवैध खनन व परिवहन लगातार जारी है। शिकायतें मिलने के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कई बालू खदानों के विरूद्ध कार्रवाई कराई है। खप्टिहा कला गांव के बालू खंड-2 रकबा 39.53 एकड़ श्रीराम इंटरप्राइजेज संजीव साहू सिद्धेश्वर नगर, आईटीआई झांसी के नाम स्वीकृत है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन पट्टा क्षेत्र की जांच की गयी।

● कई खदानों में हो रहा अवैध खनन

जांच में मिला कि पट्टाधारक ने स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर 1528 घन मीटर बालू का अवैध खनन व परिवहन किया है। पट्टा धारक के इस कृत्य पर 13 लाख 75 हजार 200 रुपये के जुमार्ने की नोटिस जारी की गयी है। जून में अब तक अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग के आरोप में 22 वाहनों को पकड़कर पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है। इन वाहनों से 8 लाख 85 हजार 600 रुपये राजस्व वसूला गया है। बताते चलें कि जिलाधिकारी के सख्त रूख के बावजूद लोकसभा चुनाव के दौरान जिले की लगभग एक दर्जन से अधिक बालू खदानों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन व परिवहन किया गया है और अब भी मुख्यालय से सटे कनवारा खंड 5 व मरौली में बड़े पैमाने पर खजिन विभाग की सरपरस्ती पर खनन जारी है।

योग कार्यक्रम को लेकर बैठक डीएम ने दिए व्यवस्था के निर्देश

बांदा। जिले में आगामी 15 से 21 जून तक योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बैठक की। उन्होने निर्देश दिए कि ह्यह्ययोग स्वयं एवं समाज के लिएह्लह्ल की थीम पर कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम ग्राम, ब्लाक, तहसील व जिला स्तर में आयोजित किया जाएगा। उन्होने योग कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि 15 जून को प्रातः 6 बजे से अवस्थी पार्क तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बृहद कार्यक्रम पुलिस लाइन मैदान में प्रातः 6 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होने योग कार्यक्रम के लिए जरूरी तैयारियां करने के निर्देश आयुष्मान विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होने योगा ट्रेनर की व्यवस्था एवं आवश्यक बैनर तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सभी लोग भाग ले सकते हैं। लाधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था के अलावा कार्यक्रम स्थलों पर सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों में भी प्रातः काल खेल के समय योग कार्यक्रम का आयोजन कराने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ नीरेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ राजकुमार, डॉ संतोष कुमार सोनी, जिला होमोपैथिक चिकित्साधिकारी तथा पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

लंबित मुकदमों का निस्तारण 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

बांदा। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में लंबित मुकदमों के निस्तारण के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि जिले के जिस किसी भी व्यक्ति का मुकदमा उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में लंबित है और वह अपने मुकदमें का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर करवाना चाहता है तो वह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रथम तल एडीआर भवन दीवानी न्यायालय परिसर में पहुंचकर संपर्क कर सकता है। इसके अलावा मोबाइल नंबर 9532946541 व 9149005580 पर संपर्क कर विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी लेकर लाभ ले सकता है।

जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

ललितपुर। जिला महिला अस्पताल में भ्रष्टाचार कितने बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसका उदाहरण आये दिन सहज ही देखने को मिल जाता है। अब हालिया मामला जो प्रकाश में आया है, उक्त प्रकरण में सीधे तौर पर महिला अस्पताल की सीएमएस पर जन्म प्रमाण पत्र को मात्र अपडेट करने के लिए 2 हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाया गया, तो वहीं अवैध सुविधा शुल्क न देने पर आदेशित हुयी एप्लीकेशन पर ओवर राइटिंग किये जाने का भी आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में शहर के मोहल्ला चैबयाना निवासी कृपाल दुबे पुत्र स्व.रामकिशन दुबे ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने एवं पुत्र का जन्म प्रमाणपत्र अपडेट कराये जाने की मांग उठायी हैकृपाल दुबे ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन किया था। प्रवेश में उनके पुत्र का आधार कार्ड अपडेट होना था, जिसके लिए वह आधार कार्ड सेन्टर पर पहुंचा, जहां ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गयी। जब उन्होंने बताया कि उनके पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र मैन्युअल बनाया गया था,

● शिकायतकर्ता ने सीएमएस पर आरोप लगाकर मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

तो आधार कार्ड सेन्टर द्वारा जिला महिला अस्पताल से जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाइन अपडेट कराने की बात कही गयी। इसी कारण कृपाल दुबे जिला महिला अस्पताल जा पहुंचे, जहां उन्होंने सीएमएस डा.मीनाक्षी सिंह से सम्पर्क किया, जिस पर सीएमएस ने कृपाल दुबे को आवेदन करने की बात कही। आवेदन पर सीएमएस द्वारा कार्यवाही करने के लिए अधीनस्थों को आदेशित किया गया। परन्तु आरोप है कि तत्काल ही जन्म प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट कराने के नाम पर 2 हजार रुपये की मांग की गयी। कृपाल दुबे ने बताया कि उन्होंने जब उक्त 2 हजार रुपयों के बारे में जानकारी की तो आरोप है कि उनके साथ अभद्रता करते हुये कमरे से बाहर निकाल दिया गया और आदेश पत्र को पेन से खारिज कर वापस दे दिया गया। कृपाल दुबे ने बताया कि इसी कारण के चलते उनके पुत्र का आधार अपडेट की कार्यवाही अधर में लटक कर रह गयी है, जिससे वह अवसाद की स्थिति में है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीएमएस पर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ताकि भविष्य में ऐसी अवैध सुविधा शुल्क की मांग पर अंकुश लग सके और शासन- प्रशासन की छवि धूमिल होने से बच सके।

बिजली कर्मचारियों पर मारपीट, छेड़छाड़ की रिपोर्ट

सिरौली-बरेली। बिजली विभाग की टीम के ग्रामीणों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद चार बिजली कर्मचारियों पर भी मारपीट और छेड़छाड़ की रिपोर्ट से विभाग में हड़कंप मच गया है। आपको बता दें कि मंगलवार को एसडीओ अनमोल जेई हृदयेश कुमार, लाइनमैन असलम, हेमपाल और महेंद्र केसरपुर में सवेरे ही बिजली चेकिंग करने पहुंचे जहां ग्रामीणों ने टीम को पकड़ लिया और लाइनमैन की जमकर पिटाई की जेई और एसडीओ ने वहां से भाग कर जान बचाई।

इस मामले में एसडीओ ने मंगलवार को चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने भी लाइनमैन पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। बुधवार शाम पुलिस ने महिला की भी रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी। जिसमें चार लाइनमैन पर छेड़छाड़ और घर में घुसकर मारपीट की धाराएं शामिल हैं। लाइनमैन पर रिपोर्ट दर्ज होने से विभाग में हड़कंप मच गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

दहेज अधिनियम में वांछित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन गिरफ्तारी अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गोपालचन्द्र कनौजिया द्वारा गठित टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग धारा 498एध्304बी भादवि व 3ध्4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्तों सौरभ सिंह पुत्र ज्ञान सिंहए ज्ञान सिंह पुत्र जगदीश सिंहए उर्मिला देवी पत्नी ज्ञान सिंह निवासी ग्राम बारी थाना खरेला जनपद महोबा को परथनिया बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस पुल के नीचे ग्राम परथनिया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजीतनारायण त्रिपाठीए कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार गौतमए कांस्टेबल महेश प्रसादए महिला कांस्टेबल पुष्पा वर्मा शामिल रहे।

गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

ललितपुर। रंगदारी मांगने के षडयंत्र में शामिल होने और गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को थाना जखौरा पुलिस ने शहर के मोहल्ला आजादपुरा से धर दबोचा है। जानकारी देते हुये जखौरा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के आदेश व एएसपी अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के संयुक्त निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में मसाला व्यापारी से रंगदारी मांगने के षड ?त्र में शामिल ग्राम मसौराकलां व हाल मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले निशान्त निगम उर्फ मुन्ना पुत्र महेन्द्र कुमार निगम को पुलिस ने आजादपुरा से ही हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि निशान्त निगम मुन्ना पर गैंगस्टर की कार्यवाही भी प्रचलित है। गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जखौरा मनोज मिश्रा, हे.कां.वीरेन्द्र दुबे, कां.अभिषेक कुमार व कां.विवेक राठौर शामिल रहे।

सरकार नयी, चेहरे वही

चर्चा तो मीडिया में बहुत थी कि फलां विभाग के लिए ये नेता दबाव डाल रहा है, उस पद के लिए वो पार्टी तय-तोड़ कर रही है और तमाम घटक दल अपने-अपने कोटे में मलाई दार मंत्रिपद के लिए दबाव डाल रहे हैं। लेकिन मंत्रिमंडल का गठन, विभागों के बंटवारे से लेकर, गृह, वित्त, विदेश, रक्षा, रेलवे जैसे मंत्रालयों के साथ ही एनएसए से लेकर प्रशासनिक पदों पर कार्यरत नौकरशाहों तक में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। स्पष्ट है कि एनडीए सरकार न सिर्फ पूरी तरह भाजपा के नियंत्रण में है बल्कि पुरानी नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों को भी मोदी 3.0 में भी जस का तस आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे एक बात स्पष्ट हो गयी है कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी तेजी के साथ विकास होगा, विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के प्रयासों को आगे बढ़ाया जायेगा और सरकार राष्ट्रहित में बड़े फैसले ठीक वैसे ही लेती रहेगी जैसे पहले और दूसरे कार्यकाल में मजबूती के साथ लेती रही है। कुल मिलाकर भले ही सरकार नयी हो लेकिन चेहरे, नीतियां और संकल्प सब कुछ पुराने ही है। केंद्रीय मंत्री परिषद से भी स्पष्ट संकेत मिलता है कि यह निरंतरता की ही सरकार है। भाजपा के अल्पमत का तनाव और गठबंधन के दबावों, सवालों की जरा-सी भी चिंता प्रधानमंत्री मोदी को नहीं है। कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने प्रथम हस्ताक्षर किसान सम्मान निधि वाली फाइल पर किए, तो किसी भी मंत्री को जानकारी नहीं थी। प्रधानमंत्री ने 9.30 करोड़ किसानों के लिए 20,000 करोड़ रुपये जारी किए। किसानों को 17वीं किस्त दी गई। शाम को कैबिनेट की प्रथम बैठक में ही गरीबों के लिए ऐसे 3 करोड़ आवास बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई, जिनमें शौचालय, एलपीजी, नल और बिजली के कनेक्शन की सुविधाएं भी होंगी। ये मकान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। मोदी सरकार अपने 10 साल के कालखंड में 4.21 करोड़ मकान बनाकर दे चुकी है और आगे भी पूरे सामर्थ्य के साथ सरकार आगे बढ़ा रही है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 2014 की मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। अब 2024 की कैबिनेट में भी वह स्वास्थ्य मंत्री ही बनाने गये हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया, सबार्नंद सोनोवाल, किरेन रिजीजू, प्रह्लाद जोशी, मनसुख मांडविया, गजेन्द्र शेखावत, जी किशन रेड्डी आदि पुराने मंत्री हैं, जिन्हें नये मंत्रालय के साथ नई सरकार का हिस्सा बनाया गया है। सबसे संवेदनशील सुरक्षा की कैबिनेट कमेटी में भी कोई फेरबदल नहीं किया गया है। एनएसए अजीत डोवाल लगातार तीसरी बार कॉन्टिन्यू कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार पर सहयोगी दलों का कोई दबाव नहीं है। सरकार में प्रधानमंत्री समेत 72 मंत्री हैं, जिनमें से 61 मंत्री भाजपा के हैं। सिर्फ 11 मंत्री हल्के-पुल्के विभागों के साथ एनडीए के घटक के रूप में सरकार में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कैबिनेट में 7 पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिमंडल के शपथ के समय जिस मजबूती के साथ पहले क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को रखा उसे आगे बढ़ाते हुए विभागों के बंटवारे तक और अब प्रशासनिक पदों पर भी प्रधानमंत्री अपने भरोसेमंद लोगों को ही बैठा रहे हैं। विदेश नीति, कृषि नीति, शिक्षा नीति, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी तमाम चीजें पहले की ही तरह आगे बढ़ेंगी। अब तो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां आर्थिक प्रगति लेकर भी आशान्वित होने लगी हैं कि गठबंधन सरकार से सरकार की महत्वपूर्ण आर्थिक नीतियां और सुधारों के कार्यक्रम किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होंगे। इससे भारत का आर्थिक विकास आगामी वर्षों में भी तेजी के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

मोदी 3.0 में अधिकांश वही चेहरे हैं जो पूर्व की सरकारों में थे, इसमें घटक दलों का कहीं भी दबाव नहीं दिखता।

जम्मू-कश्मीर में आतंक की घातक वापसी

विजय कपूर

धारा 370 निरस्त किये जाने के एकतरफा लाभ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिनवाये जाते हैं, लेकिन तथ्य यह है कि जमीन पर जो सुरक्षा चुनौतियां हैं उनका धारा 370 निरस्त किये जाने से कोई संबंध नहीं है। संक्षेप में बात केवल इतनी सी है कि जम्मू कश्मीर में सुरक्षा केवल सैन्य समस्या नहीं है, इसके समाधान के लिए स्थानीय राजनीति को भी साथ लाना जरूरी है।

जम्मू डिवीजन के कठुआ जिले में सीमावर्ती गांव सेदा सोहल में 11 जून 2024 को देर रात आरंभ हुई मुठभेड़, जो लगभग 15 घंटे चली, में सीआरपीएफ का एक कांस्टेबल शहीद हो गया और दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया गया। इससे अगले दिन यानी 12 जून 2024 को इंटेलिजेंस ने फिदायनी हमले की अलर्ट जारी की। इसका अर्थ यह है कि आतंकी हमलों का जो नया दौर 9 जून 2024 को शुरू हुआ था, उसके अभी जारी रहने की आशंका है अगर जल्द इसे नियंत्रित करने के उचित सुरक्षा बंदोबस्त न किये गये। इस समय आतंकी हमले सुरक्षाकर्मियों व तीर्थयात्रियों पर अधिक हो रहे हैं। डोडा जिले में भदरवाह पठानकोट हाईवे पर छतेरगाला माउंटेन पास के निकट वाले चेकपोस्ट पर 12 जून 2024 की रात को एक बजे आतंकी हमला हुआ, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के 5 ट्रूपर्स व एक विशेष पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके पहले 9 जून 2024 को जब राजधानी दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह चल रहा था, उस समय जम्मू संभाग में स्थित रियासी जिले में शिवखेड़ी से कटरा जा रही श्रद्धालुओं के एक बस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिससे ड्राइवर ने बस का संतुलन खो दिया और बस सड़क से सैकड़ों फिट नीचे जा गिरी, जिससे 9 तीर्थयात्रियों की तत्काल मौत हो गई और लगभग 50 घायल थे। अगर बस खड्ड में नहीं गिरती तो आतंकी सभी तीथयात्रियों को मार डालते। जम्मू कश्मीर में इस हमले में शामिल आर्तकियों के स्कैच जारी करते हुए, राज्य के लोगों से कहा है कि जो भी व्यक्ति इन आर्तकियों का सुराग देगा, उसे 20 लाख रुपये ईनाम के बतौर मिलेंगे और उसके नाम को गुप्त रखा जायेगा।

इस आतंकी हमले पर देशभर में जबरदस्त गुस्सा है, विशेषकर सोशल मीडिया पर पीड़ितों की भयावह तस्वीरें वायरल होने की वजह से। रियासी हमले ने इस तथ्य को एक बार फिर दोहराया है कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा चुनौतियों को संबोधित करने के लिए सैन्य कार्यवाही से अधिक की आवश्यकता है। समाधान की तलाश में स्थानीय राजनीति व नाजुक सामाजिक संतुलन को भी शामिल किया जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जा प्राप्त था, जिसे 5 अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद से आतंकियों की रणनीति घाटी में टारगेट किलिंग्स करने और पीर पंजाल के दक्षिणी पहाड़ी जिलों में सुरक्षाकर्मियों को नुकसान पहुंचाने की रही है। पीर पंजाल रेंज कश्मीर घाटी को जम्मू से अलग करती है। राजौरी-पुंछ में 2023 में कुल 59 लोग मारे गये थे, 24 सुरक्षाकर्मी, 7 नागरिक व 28 आतंकी शामिल थे। इस पट्टी में यह हमले इस साल भी निर्बाध जारी रहे हैं।

मनोवैज्ञानिक युद्ध मिलिटेंट योजना का बुनियादी तत्व है। मिलिटेंट्स ने कभी कभी बॉडी कैमरा का भी प्रयोग किया है, हमलों को फिल्म करने के लिए और फिर उन्हें भड़काऊ टिप्पणी के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया है। अधिकारियों का कहना है कि इस क्षेत्र में लगभग 25 मिलिटेंट सक्रिय हैं, लेकिन इससे इस बात का पर्याप्त उत्तर नहीं मिल पाता है कि मिलिटेंट समय समय पर भारी नुकसान पहुंचाने में क्यों सफल हो रहे हैं? इस संदर्भ में एक बात यह कही जाती है कि 2020 में जब भारत व चीन के बीच तनाव में वृद्धि हुई तो राजौरी-पुंछ पट्टी से सेना को लद्दाख सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात कर दिया गया। यह एक वजह हो सकती है, लेकिन अन्य तत्वों को समझना भी आवश्यक है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में सेना तैनाती में कटौती करने से सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित अवश्य हुई है। 1990 के दशक के मध्य से, आतंकियों की रणनीति को विफल करने में रोड-ओपनिंग पेट्रोल्स की भूमिका महत्वपूर्ण रही है कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले मार्ग सुरक्षित हो सके। कश्मीर में तो मैदानी इलाके हैं और रोड नेटवर्क अच्छा बना दिया गया है, लेकिन इसके विपरीत रियासी-राजौरी-पुंछ में यातायात व्यवस्था अविकसित है। इसलिए प्रभावी काउंटर-टेररिज्म स्ट्रेटेजी के गठन में नई चुनौतियों का भी संज्ञान लेना जरूरी होगा। दरअसल, 1990 के दशक के मध्य तक पहाड़ी क्षेत्रों, जहां विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं, में सुरक्षा बलों के लिए चुनौती में वृद्धि हो गई थी; क्योंकि जो मिलिटेंट्स कश्मीरी नहीं बोलते हैं, उन्होंने यहां पर अपने ठिकाने स्थापित करने आरंभ कर दिए थे। इस चुनौती को उस योजना से संबोधित किया जा सका, जिसमें राजनीतिक पहलू भी शामिल था। इसलिए जम्मू कश्मीर में अमन के लिए सियासी पहल को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

मोदी 3.0 के लिए बड़ी चुनौती है आतंकवाद

यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार न केवल सितम्बर 2024 तक जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना है बल्कि विधानसभा चुनाव भी कराने हैं। जब आतंक या अस्थिरता का वातावरण होता है तो जमीनी हकीकत की सबसे अच्छी जानकारी स्थानीय सियासी वर्ग को होती है और वह ही सूचना को संदर्भित करने की स्थिति में होता है। लेकिन अब जब निर्णय-निर्माण के मैक्रो आकार दिल्ली में तय किये जा रहे हैं तो नीति बनाने व उसे लागू करने के सिलसिले में खालीपन प्रतीत हो रहा है। अगर भूगोल की दृष्टि से देखा जाये तो राजौरी-पुंछ और रियासी भी, जो राजौरी के पास है, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) का ही विस्तार है। इन दोनों क्षेत्रों में अंतर सिर्फ जनसंख्या का है कि हिन्दुओं व सिखों की यहां अच्छी खासी आबादी है, जिनके अधिकतर परिवार 1947 में नियंत्रण रेखा को पार करके यहां बस गये थे। इनमें से ज्यादातर राजौरी व पुंछ कस्बों में रहते हैं, वैसे यह मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। रियासी हिन्दू बहुल जिला है। पहाड़ी रियासी जिला, जिसकी त्रिकूट पहाड़ियों में वैष्णो देवी मंदिर भी है, विशाल जिला है और इसकी सीमाएं राजौरी के कोत्रंका क्षेत्र से मिलती हैं। 1990 के दशक में सेना व मिलिटेंट्स के बीच यहां अक्सर भयंकर मुठभेड़ हुआ करती थीं। नागरिकों पर भी हमले होते थे।

अब यह हमले व मुठभेड़ फिर आरंभ हो गये हैं। चूंकि जम्मू-कश्मीर में पिछले पांच वर्षों से विधानसभा नहीं है, इसलिए सियासी वर्ग का फीडबैक लूप, जो सुरक्षा बलों की मदद कर सके, स्पष्ट रूप से लुप्त है। इसके अतिरिक्त, नई दिल्ली में जो ब्यूरोक्रेट बैठे हैं, वे स्थिति की जटिलता को समझते नहीं या समझना नहीं चाहते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने की बजाय अधिक दिलचस्पी इस बात में है कि हिंदी पट्टी में कश्मीर का प्रयोग सियासी मुद्दे के रूप में किया जाये। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में फैसले भावनाओं में बहकर न लिए जायें कि देश के एक बड़े वर्ग को प्रसन्न कर दिया जाये बल्कि तटस्थ विवेक से लिए गये निर्णयों की आवश्यकता है। हालांकि धारा 370 निरस्त किये जाने के एकतरफा लाभ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिनवाये जाते हैं, लेकिन तथ्य यह है कि जमीन पर जो सुरक्षा चुनौतियां हैं उनका धारा 370 निरस्त किये जाने से कोई संबंध नहीं है। संक्षेप में बात केवल इतनी सी है कि जम्मू कश्मीर में सुरक्षा केवल सैन्य समस्या नहीं है, इसके समाधान के लिए स्थानीय राजनीति को भी साथ लाना जरूरी है।

सोशल मीडिया

मां जैसी प्रकृति की सेवा हम सभी का दायित्व है, धरती मां का आंचल हरा भरा रहे, इसके लिए पौधरोपण आवश्यक है, नयी दिल्ली के एमपी भवन में आज पौधरोपण किया। शिवराज सिंह चौहान.

भाजपा सरकार ने उ.प्र. पुलिस व्यवस्था के प्रति लापरवाही भरा नजरिया अपना रखा है और कुछ पुलिस सेवा के आउटसोर्सिंग पर भी विचार किया जा रहा है। अखिलेश यादव

जम्मू-कश्मीर में अभी हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुईं हैं जिसमें अधिकांश एक वर्ग विशेष के निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाया गया। अति दुखद और निंदनीय है। मायावती.

खानपान में बदलाव कर बनाये हेल्दी फिटनेस...

स्वास्थ्य/फिटनेस

राजकुमार दिनकर

परेशान रहें क्या हम कोई बुड्ढे हैं ? कुल मिलाकर कहने की बात यह है कि निकलती तोंद लाइफस्टाइल या बदले हुए वर्क नेचर का नतीजा नहीं बल्कि स्वास्थ्य को लेकर हमारे जागरूक न होने का नतीजा होती है। सवाल है इस बढ़ती हुई तोंद पर कैसे काबू पाया जा सकता है? अगर आपकी तोंद निकली हुई है तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिये। जल्द ही मोटापे से निजात मिलेगा और तोंद से भी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से वजन में फर्क पड़ेगा और मोटापे में भी। मूली को सलाद में तो खाते ही होंगे। अब इसके रस का भी सेवन करना शुरू करिए। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद मिलाकर बराबर मात्रा मिलाकर इसे पानी के साथ पीयें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित फर्क दिखेगा। टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित होते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। साथ ही शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन के, आयरन, पोटैशियम, लाइकोशपीन और ल्यूटिन भी पहुंचेगा।

करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं न कि तले हुए करेले। ग्रीन टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन टी का सेवन शुरू करें बिना चीनी और दूध। इसमें मौजूद एंटी ऑक्सिडेंट्स आपके चेहरे से झुर्रियों को भी हटाता है और साथ ही साथ वजन को भी नहीं बढ़ने देता। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और लौकी में मौजूद फाइबर भी शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। हरी मिर्च भी आपके अभियान में सहायक बन सकती है बशर्ते तीखी हो और उसे खाते हुए बार बार आप पानी न पीयें। आपके लक्ष्य को हासिल करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए करें ये कि खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं।

सुख के पीछे दुख चलता है

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिको को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता

अंतर्दृष्टि

विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

चुनाव परिणाम के दलदल...

व्यंग्यलोक

वह परीक्षा किस काम की जिस में पेपर आउट ना हो! प्रश्नों को हल करने में किसी प्रकार का डाउट ना हो! हर एक वोटर को देना होगा इसका खर्चा। चुनाव प्रचार में दलदल पार्टी का नेता वोटरों के आगे प्रतिदिन अपनी नाक को 1.1 मिलीमीटर घिसता रहा। रबड़दल पार्टी का नेता अपनी नाक 1.2 मिलीमीटर घिसता है। चुनाव परिणाम के दिन दलदल पार्टी की नाक 5.5 मीटर घिस चुकी थी जबकि रबड़दल पार्टी की नाक 5 मीटर ही घिसी बताइए दोनों ने कितने कितने दिन चुनाव प्रचार किया? सामान्यतया वोटरों में शराब बांटने से 1.7 प्रतिशत, रुपए बांटने से 1.2 प्रतिशत और कपड़े बांटने से 0.7 प्रतिशत वोटों की वृद्धि होती है। एक पार्टी अपने वोटों को पिछले चुनावों की तुलना में 17.5 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, तो बताइए उसे 60 करोड़ वोटरों के लिए कितनी मात्रा में शराब कपड़े और रुपयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी? एक विरोधी नेता की सभा में हंगामा मचाने के लिए 10 उत्तम किस्म के चमचे चाहिए। इस किस्म के एक चमचे पर कुल 0.4 लाख रुपयों का खर्चा पड़ता है।

रामविलास जॉगिड़

एक पार्टी ने ऐसे चमचों पर 11.5 करोड़ रुपए खर्च किए तो बताइए उसने कुल कितनी विरोधी सभाओं में हंगामा मचाया? एक पार्टी अपने फंड में 30 प्रतिशत रुपए भ्रष्टाचार से 10 प्रतिशत रूपए कमीशन से 25 प्रतिशत रुपए रिश्वत से 20 प्रतिशत रुपए ट्रांसफर से व शेष रुपए चंदे से जमा करती है। यदि पार्टी फंड में इस वर्ष 8000 करोड़ रुपए जमा हुए तो बताइए पार्टी ने ट्रांसफर बिजनेस में कितना रुपया कूटा? ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर के किसी विरोधी गुट के नेता को तोड़ने में दी जाने वाली राशि का अनुपात 1:2:3 का रहता है। अगर कोई पार्टी विरोधी गुट के जिला स्तरीय नेता को 0.7 करोड़ में तोड़ती है, तो उसे राज्य स्तरीय 8 नेताओं को तोड़ने में कितने रुपयों की जरूरत होगी? एक पार्टी ने दलित वोटों के लिए 500 कैरेट शराब, पिछड़े वोटों के लिए 400 टन कबाब और सवर्ण नोटों के लिए 570 शबाब की व्यवस्था की, बताइए पार्टी को मिलने वाले वोटों में दलित, पिछड़े व सवर्ण के वोटों का कितना अनुपात रहेगा? एक नेता को तोड़ने में 5 करोड़ रुपए व चार सुंदरियों की जरूरत होती है। पार्टी को सरकार बनाने के लिए 38 नेताओं की जरूरत है। बताइए सरकार बनाने के लिए उसे कितने रुपए व कितनी सुंदरियों की जरूरत होगी। चुनाव जीतने में एक नेता ने 10 करोड़ खर्च किए व मंत्री पद उसने 15 करोड़ में खरीदा। अगर उसे प्रति भ्रष्टाचार 5 लाख प्रति कमीशन डीलिंग 3 लाख व प्रति ट्रांसफर 1 लाख रुपयों की आय होती है। तब बताइए कि उसे कुल कितने भ्रष्टाचार, कमीशन और ट्रांसफर केस डील करने होंगे ताकि वह नेता व्यवसाय में अपनी लागत का 5 गुना रुपया आराम से निकाल सके?

आप की बात

उद्यमिता से जुड़ें युवा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं।

इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.

रोजगार परक विकास जरूरी

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

रुदौली-अयोध्या। बाबा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा गोडियन पुरवा मजरे सैदपुर गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही के एक विद्युत करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है वही विद्युत विभाग के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त हैं। मामला सीओ सर्किल रुदौली क्षेत्र अंतर्गत बाबा बाजार थाना क्षेत्र के गोडियन पुरवा मजरे सैदपुर में विद्युत विभाग द्वारा 11 केबी की नई लाइन बनवाई गई थी लेकिन विभाग के अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्था की लापरवाही के कारण विद्युत तार बृहस्पतिवार को अचानक टूट कर नीचे गिर गया जिसकी चपेट में आकर एक किशोर गंभीर रूप से झुलस गया।स्थानीय लोगों ने फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली खैरन पुर भेजवाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।इस घटना से ग्रामीणों एवं परिजनों में काफी आक्रोश व्याप्त हैं मृतक किशोर शनि उम्र 14 पुत्र रामनेवल निवासी गोडियन पुरवा मजरे सैदपुर नगर पंचायत कामाख्याधाम के रूप में हुई है।सूचना पर पहुंचे मां कामाख्या धाम के चेयर मैन शीतला प्रसाद शुक्ल ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

अवध विवि की कुलपति, अधिकारी और शिक्षकों ने ली योग की शपथ

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने गुरूवार को कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में योग ऑनलाइन शपथ का विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए अधिकारियों व शिक्षकों के साथ शपथ ली। वहीं कुलपति की अध्यक्षता में सात जनपदों के सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों के साथ योग शपथ ग्रहण के लिए ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्ग-दर्शन में योग ऑनलाइन शपथ दिलाई जा रही है। सभी राज्य विश्वविद्यालय इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। विश्वविद्यालय को भी साढे पांच लाख का लक्ष्य दिया गया है। इसे पूरा करने के लिए सभी को ऑनलाइन योग की शपथ लेनी होगी। बैठक में कुलपति प्रो. गोयल ने प्राचार्यों एवं प्रबंधकों से अपील की कि अपने विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पूर्व छात्रों से सम्पर्क करते हुए उन्हें योग ऑनलाइन शपथ के लिए प्रेरित करे।जिससे अन्य विश्वविद्यालयों के मुकाबले अपना अवध विश्वविद्यालय नम्बर एक पर आ सके और उत्तर प्रदेश गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज हो सके।बैठक में कुलपति ने कहा विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए योग ऑनलाइन शपथ अभियान 18 जून तक चलेगा। इसमें सभी की भागीदारी होनी चाहिए। भारतीय ज्ञान परम्परा से हमें जो अनमोल उपहार के रूप में योग मिला है। इसे अपनाने से अनुशासित जीवन जी सकते है। इसलिए सभी को योग ऑनलाइन शपथ लेनी होगी।

बैठक में योग नोडल समन्वयक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट या राजभवन के पोर्टल पर योगा प्लेज डॉट इन के लिंक पर जाना होगा।जिसमें विश्वविद्यालय का नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करने के बाद ओटीपी आयेगा। ओटीपी अपलोड करने उपरांत आई टेक द प्लेज पर क्लिक करना होगा। योग ऑनलाइन शपथ सर्टिफिकेट जनरेट हो जायेगा। उन्होंने महाविद्यालयों के प्राचार्यों से कहा कि अधिक संख्या में विद्यार्थियों व शिक्षकों को सर्टिफिकेट के साथ जीओ टैंग करना होगा। विश्व रिकार्ड बनाना है तो सभी को टीम भावना के साथ तेजी से ऑनलाइन योग शपथ लेनी होगी। विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर क्यूआर कोड व लिंक उपलब्ध करा दिया गया है।

दबंग ने गांव के आम रास्ते पर रोका खड़ंजा निर्माण

मिल्कीपुर-अयोध्या। तहसील के इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा में एक दबंग ने गांव के आम रास्ते पर जिलापंचायत कोटे से लग रहे खड़ंजे को रोक दिया है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मिल्कीपुर एसडीएम से की है, लेकिन एसडीएम के निर्देश के बावजूद कोई भी अधिकारी/कर्मचारी मौके पर जांच पड़ताल करने नहीं पहुंचा है। दबंग ने अभी कुछ दिन पहले रात के अंधेरे में आम रास्ते पर दीवार भी खड़ी कर लिया था। हालांकि ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने पहुंचकर रास्ते से अतिक्रमण हटवाया था।बताया गया कि हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा निवासी राहुल, तिलक राम, विकास सिंह, राम औतार, अनिल, प्रदीप कुमार, मुंशीराम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम मिल्कीपुर से शिकायत दर्ज कराई है कि दबंग स्वामीनाथ यादव ने गांव के आम रास्ते पर अवैध कब्जेदारी करने की नियत से जिला पंचायत कोटे से लग रहे खड़ंजे को रोक दिया है। यही नहीं महीनों पहले दबंग ने उसी रास्ते पर रात में दीवार खड़ी कर लिया था। सुबह जब गांव वाले उठे तो देखा कि गांव की रास्ता बंद हो गई है। ग्रामीणों की गुहार पर प्रशासन की मौजूदगी में आम रास्ता खोला गया था। अब जिला पंचायत मद से खड़ंजा निर्माण कार्य हो रहा है तो दबंग ने फिर खड़ंजा निर्माण कार्य रोक दिया है। एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह ने राजस्व निरीक्षक और इनायत नगर इंस्पेक्टर को आम रास्ते पर लग रहे खड़ंजा निर्माण में व्यवधान के मामले के निस्तारण का निर्देश दिया है लेकिन कोई भी अधिकारी/कर्मचारी मौके पर जांच पड़ताल करने नहीं पहुंचा है। गांव वालों में काफी आक्रोश है।

नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया का स्वागत

बाराबंकी। लोकसभा क्षेत्र 53 बाराबंकी से हमारी ऐतिहासिक जीत में अधिवक्ता भाइयों का बड़ा सहयोग रहा है। इसके लिये मैं हमेशा उनका ऋणी रहूँगा। देश में प्रजातन्त्र जिन्दा रहे और बाबा साहब का निर्मित संविधान सुरक्षित रहे। इसके लिये संसदीय क्षेत्र की आवाम ने हमें अपना प्रतिनिधि बनाकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि देश में लोकतन्त्र कायम रहे और देश का संविधान सुरक्षित रहे इसके लिये मैं कोई भी संघर्ष करने या कुबार्नी देने के लिये हमेशा तैयार रहूँगा। उक्त बातें लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर बधाई देने आये जिला बार एसोसिएशन पदाधिकारियो के बीच व्यक्त किये। इस अवसर पर बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई ने सांसद श्री पुनिया को संविधान की पुस्तक भेट कर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया, महामंत्री अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप यादव, उपाध्यक्ष प्रथम राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष द्वितीय अंशुमान सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद यादव, विजय कुमार पाण्डेय, अतुल कुमार वर्मा, दौलता देवी, पंकज आनन्द, वीरेन्द्र प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

हाउस व वाटर टैक्स ऑनलाइन जमा करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट जारी

बाराबंकी। नगरपालिका परिषद नवाबगंज अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि हाऊस टैक्स व वाटर टैक्स को आनलाइन जमा करने हेतु नगरपालिका की आधिकारिक वेबसाइट डब्लडब्लूडब्लू.एनपीपीएनएडब्लूएबीजीएएनजेबाराबंकी.सीओएम पर जमा किया जा सकता है। ऑनलाइन टैक्स जमा करने की प्रक्रिया बहुत सरल है। हाऊस टैक्स जमा करने हेतु सिटीजन लॉग इन पर जाकर रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर ओटीपी प्राप्त कर गृहकर व जलकर जमा किया जा सकता है।

देर रात्रि बकाया टैक्स न चुकाने वाले वाहनो पर परिवहन विभाग ने कसी नकेल

बाराबंकी। बिना टैक्स जमा किये सड़को पर फरार्टा भरने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने देर रात्रि चेकिंग अभियान चलाकर नकेल कसना शुरू कर दिया है। बकाया टैक्स की वसूली को लेकर कई वाहनो को सीज करने के साथ-साथ ओवरलोड़ व नियमो का उल्लंघन करने वाले दर्जनो वाहनो के चालान भी किये गये। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि बकाया टैक्स वसूलने को लेकर व्यापक पैमाने पर अभियान को चलाया जा रहा है।एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम विनीत मिश्रा की टीम ने देर रात्रि 4 ओवरलोड़ खनन, परमिट शर्तो का उल्लंघन करने वाली 10 स्लीपर बसो का चालान व बकाया टैक्स न चुकाने वाले 2 वाहनो को सीज तथा दर्जनो के चालान किये गये।

निजी स्कूलों पर कब लगेगी लगाम

आसिफ अहमद खान

बाराबंकी। पूरे प्रदेश में निजी विद्यालयों के लिए 2018 में बनाया गया कानून क्या लागू है। जिसमें मनमानी फीस वसूली, महंगी ड्रेस व ऊंची दर वाली किताबों पर अंकुश लगाए जाने की बात की गई है। और

- अभिभावकों को इस लूट मार से कब मिलेगा छुटकारा
- मनमानी फीस, महंगी ड्रेस व ऊंची दर वाली किताबों पर कब लगेगा अंकुश

इस संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा सख्त टिप्पणी भी की गई है। तथा समय समय पर आदेश भी जारी किए गए हैं। लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा भी निर्देश किए जाने के बावजूद निजी स्कूलों के संचालकों के कान पर जूं नहीं रेंगी है। जिसका खामियाजा आम जनता को हर वर्ष विकास शुल्क, क्रीड़ा शुल्क, शैक्षिक शुल्क के नाम पर वसूली जाने वाली रकम के रूप में भुगतना पड़ता है। अगर बात करे आज से 10-15 साल पहले के समय की ! तो घर में दो बच्चे साल भर के छोटे होते थे। तो उनकी किताबें अगले साल दूसरे बच्चे के काम आ जाती थी। मगर अब स्कूल वाले हर साल नई किताबें दिए जाने के नाम पर लोगों से नया कोर्स खरीदने पर मजबूर करते है ? और तो और स्कूलों द्वारा ड्रेस, किताबों कॉपियों से लेकर जूते की दुकानें तक निर्धारित की गई होती हैं। क्या अभिभावकों को अपने हिसाब से जहां सस्ता सामान मिलता हो लेने का अधिकार नहीं है ? अगर नहीं तो क्यों नहीं ? हाल ही में बलरामपुर के जिलाधिकारी ने जिस तरह निजी विद्यालयों पर नकेल डाली है। उसी को नजीर बना कर बाराबंकी के शिक्षा विभाग व जिलाधिकारी को निजी विद्यालय के मालिकों को बुलाकर महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे अभिभावकों को राहत दिलाने की पहल करनी चाहिए?

यूपी नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसरः डॉ. बिजेन्द्र सिंह

जिला संवाददाता(vol)

कुमारगंज-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मुख्य क्रीड़ा परिसर में ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण का विश्व कीर्तिमान बनाने को लेकर विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इसके बाद मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देशन में विश्व के पटल पर एक नया कीर्तिमान बनाने के लक्ष्य से सभी को अवगत कराया। कुलपति ने विवि के शिक्षकों वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। सभी ने एक स्वर में दोहराया ह्लमैं अपने और अपने परिवार के साथ नियमित रूप से अभ्यास करके योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने की प्रतिज्ञा करता हूंह्व। कुलपति ने कहा कि अपना उत्तर प्रदेश विश्व के पटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने में अवश्य सफल होगा।उन्होंने विद्यार्थी,शिक्षक,पुरातन छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी एवं अभिभावकों से बढ़-चढ़कर ऑन लाइन योग की शपथ लेने की अपील की। इस लक्ष्य को सफल बनाने में सभी को एक साथ मिलकर आगे आना होगा जिससे अपना उत्तर प्रदेश एक नया कीर्तिमान बनाने में सफल हो सके। उन्होंने सभी से अपील किया कि अपने मित्रों, परिजनों एवं आस-पास के लोगों को भी ऑनलाइन योग शपथ ग्रहण के लिए प्रेरित करें और इसका हिस्सा बनाएं।

कुलपति ने समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने- अपने क्षेत्र से लगभग दो हजार किसानों एवं उनके परिवार के लोगों को ऑनलाइन शपथ से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों को भी जोड़ा जाएगा और ऑनलाइन योग की शपथ दिलाई जाएगी।योग समन्वयक डा.देव नारायण पटेल ने बताया कि ऑन-लाइन योग शपथ को सफल बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। योग की ऑनलाइन शपथ के लिए लिंक पर जाकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं जो राजभवन व विश्वविद्यालय के पोर्टल पर योगा प्लेज डाट इन पर उपलब्ध है।

जनपद में विकसित होंगे चरागाह व खलिहान

बहराइच। ई-पास मशीन से ई-केवाईसी की प्रगति, सम्बद्ध व निलम्बित राशन की दुकानों का निस्तारण, राशन की रिक्त दुकानों के चयन, पंचायती राज विभाग अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, प्रधानों की जांच सम्बन्धी प्रकरणों का निस्तारण, व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की प्रगति, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन के सत्यापन की प्रगति, चरागाह व खलिहान की भूमि को चिन्हित कर विकसित करने, पौधरोपण हेतु बड़े भूमि ब्लाक के चिन्हांकन इत्यादि कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

सम्बद्ध व निलम्बित राशन की दुकानों के नियमानुसार निस्तारण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये गये कि नियमानुसार यथाशीघ्र कार्रवाई करते हुए लम्बित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं।रिक्त राशन की दुकानों के सम्बंध में निर्देश दिया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय कर नियमानुसार बैठक आयोजित कराते हुए रिक्त दुकानों के चयन की कार्यवाही पूर्ण कराये।

इसी प्रकार ग्राम प्रधानों की जांच से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान डीपीआरओ को निर्देश दिये गये कि लम्बित जांच प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाय। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति के सम्बंध में एडीओ पंचायत के साथ बैठक कर ब्लाकवार लक्ष्य के सापेक्ष जारी प्रथम व द्वितीय किश्त का विवरण उपलब्ध कराये। पेंशन योजनाओं की समीक्षा के दौरान खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी प्रकार के पेंशन के सत्यापन से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का एक-दो दिवस में निस्तारण सुनिश्चित कराएं। पेंशन से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि खण्ड विकास अधिकारियों व अधिशाषी अधिकारियों से समन्वय कर लम्बित सत्यापन कार्य को समय से पूर्ण कराएं ताकि पेंशन लाभार्थियों को योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो।

बैठक के दौरान निकायों के अधिशाषी अधिकारियों व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह का विशेष अभियान संचालित कर बरसात से पूर्व नाले-नालियों की समुचित साफ-सफाई कराकर समय से कूड़े का उठान भी सुनिश्चित कराये। जनपद के लिए निर्धारित शत प्रतिशत वृक्षारोपण के लक्ष्य पूरा करने हेतु वृक्षारोपण के लिए चरागाह व खलिहान की भूमि चिन्हित की जाय। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि एसडीएम से समन्वय कर चरागाह की भूमि चिन्हित कराते हुए उपायुक्त मनरेगा के माध्यम से बाउण्ड्री पर पौधरोपण कराकर बीच में घास की रोपाई की जाय। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि गौशालायों का स्थलीय निरीक्षण कर आसन्न वर्षा ऋतु के दृष्टिगत चारे-भूसा की व्यवस्था कराएं तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि बरसात के दौरान कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाये।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजय कुमार व कतर्नियाघाट के बी. शिव शंकर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, सीवीओडीअला प्राबेशन अधिकारी विनय कुमार सिुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत मौजूद रहे।

तेंदुए के हमले से छः वर्षीय बालक की मौत

एस पी मिश्रा

बहराइच। जिले के धमार्पुर रेंज अंतर्गत गांव में देर रात तेंदुआ घर में कूद गया। इसके बाद उसने छह वर्षीय बालक पर हमला कर दिया। सीएचसी में इलाज शुरू होते ही बालक की मौत से ग्रामीणों मे सुरक्षा को लेकर दहशत व्याप्त हो गया है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धमार्पुर रेंज के ग्राम पंचायत जलिहा के मजरा टेपरा गांव निवासी शाहिद का मकान जंगल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर है।

रात को परिवार के लोग छत पर सो रहे थे। जबकि अन्य लोग नीचे थे। देर रात जंगल से निकल कर तेंदुआ घर में घुस गया। इसके बाद वाहिद (6) को तेंदुआ जबड़े में दबोचकर घर के बाहर चला गया। परिवार के लोगों ने शोर मचाया तो तेंदुआ बालक को छोड़कर भाग गया। रात में ही बालक को वाहन से सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। तेंदुए के हमले की जानकारी होने पर एसडीएम संजय कुमार, डीएफओ बी शिव शंकर, रेंजर रत्नेश कुमार भी मौके पर गए। गुरुवार सुबह गांव पहुंच कर पगचिन्हों का जायजा लिया। डीएफओ ने बताया कि 10 हजार आर्थिक सहायता राशि दी गई है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तेंदुए पर निगरानी के लिए एसटीपीएफ, वन विभाग और एक अन्य टीम निगरानी के लिए लगाई गई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगाया जा रहा है।

शातिर चोर गिरफ्तार, ऑटो, चोरी की बिजली मोटर, उपकरण, तमंचा बरामद

बाराबंकी। थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने शातिर चोर को चोरी किया गया सामान बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने थाना सफदरगंज मे पंजीकृत मु0अ0सं0 327/2024 धारा 379 भादवि0 में वांछित अभियुक्त मोहम्मद इकराम पुत्र मोहम्मद सिद्दीक निवासी सी/9 कोतवाली रोड बेगमगंज थाना कोतवाली नगर को अहरी चैराहा, थाना मो0पुर खाला के पास से चोरी की एक अदद मोटर बिजली, घटना कारित में प्रयुक्त ऑटो यू0पी 41 बीटी 3912, उपकरण पाना, रिंच, हथौड़ी , आरी, रस्सी, एक अदद तमंचा मय दो अदद कारतूस 12 बोर बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पुछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि अन्य साथियों के साथ दिन में घूम कर सूनसान एरिया में लगे बिजली की मोटर को चिन्हित कर रात्रि में चोरी करने की घटना को अंजाम देता था।

धड़ल्ले से कमीशन युक्त दवाइयां लिख रहे चिकित्सक

अयोध्या। जिला चिकित्सालय अयोध्या में नहीं थम रहा कमीशन युक्त दवाइयां और इंजेक्शन लिखने का सिलसिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार द्वारा समस्त चिकित्सकों से शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कराकर बाजार की दवाइयां ना लिखने का आदेश पारित किया था परंतु जिला चिकित्सालय के कुछ चिकित्सक ओपीडी में एक व्यक्ति विशेष कमीशन युक्त दवाइयां धड़ाके से लिख रहे हैं यही नहीं चिकित्सकों द्वारा मेडिकल स्टोर भी बताया जा रहा है इसी तरह इवनिंग में इमरजेंसी ओपीडी के चिकित्सक भी अपने दलालों से कमीशन युक्त दवाइयां एवं इंजेक्शन धड़ाके से खुले आम मंगवाते हैं परंतु प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक भी इन चिकित्सकों पर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं जिससे इन चिकित्सकों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और शासन की मनसा पर पानी फेरा जा रहा है।

आबकारी निरीक्षक ने सरकारी मदिरा दुकानो पर स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर को जांचा

बाराबंकी। राजस्व को चूना लगाने वाले शराब माफियाओ के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट धर्मेन्द्र वर्मा की टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली सरकारी देशी-विदेशी, बीयर की दुकानो पर छापेमारी की। टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली देशी दुकान थोरथिया, मोहम्मदपुर चैराहा, मऊ बाजार, विदेशी दुकान ग्राम मऊ बाजार पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लाइसेन्सियो व सैल्समैनो को निर्धारित मूल्य पर ब्रिकी करने, सभी मानकों का पूरी तरह से पालन किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इसके साथ ही स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर, सीसीटीवी, क्यू आर कोड़ के माध्यम से शराब की गुणवत्ता को भी जांचा गया। छापेमारी टीम मे आबकारी हेड़, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

खुर्जा और बुलंदशहर मिलकर होंगे एक विकास प्राधिकरण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुर्जा और बुलन्दशहर दोनों विकास प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खुर्जा और बुलन्दशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में

- महायोजना में स्पोर्ट्स सिटी, मेडिसिटी, नॉलेज सिटी, नेचर पार्क और आयुष पार्क का हो विकास

गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही बुलन्दशहर के अन्तर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने और उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी करायी जाए।मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलन्दशहर और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण के अवलोकन करने के अवसर पर दिए। उन्होंने कहा कि खुर्जा का सिरेमिक उद्योग देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। वर्ष 2021 में 23 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के सिरेमिक उत्पाद निर्यात किए गए। इस सेक्टर में अभी बहुत सम्भावना है। आवश्यकता है कि इससे जुड़े उद्यमियोंए शिल्पियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाए तथा उन्हें मार्केट उपलब्ध कराया जाए। इस के लिए सिरेमिक हाट का निर्माण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर इण्टरनेशनल एयरपोर्ट खुर्जा के समीप ही है। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर का लाभ भी खुर्जा को मिल रहा है। यह विशेष स्थिति खुर्जा को भविष्य में निर्यात का हब बनने में बड़ी भूमिका निभाएगा। पॉटरी उद्योग के उद्यमियों के लिए एक नए इण्डस्ट्रियल एरिया का विकास भी किया जाना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल की नीति के साथ सभी नगरों में सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेण्ट के लिए ठोस कार्ययोजना होनी चाहिए। इसे महायोजना में स्थान दिया जाए। एसटीपी/सीईटीपी का निर्माण कराया जाए। लैण्डफिल साइट पहले से चिन्हित हों। नई तकनीक अपनायी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर नगर की महायोजना में हरित क्षेत्र के लिए स्थान आरक्षित हो। जहां कहीं भी ग्रीन बेल्ट हैए वहां किसी भी दशा में नई कॉलोनी न बसने दी जाए। सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज किया जाए। किसी भी दशा में इसे ग्रीन बेल्ट न कहा जाए। इस सम्बन्ध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण की स्थिति है। ऐसी ही स्थिति काशी, सहारनपुर आदि जिलों में भी देखी जा सकती है। अभी लखनऊ में कुकरैल नदी के पुनर्जीवन की कार्यवाही हो रही है। अवैध बसावट को हटा कर उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित कराया गया है। इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यवाही की जानी चाहिए। यह सुनिश्चित कराया जाए कि नदी बेसिन में कोई बसावट न हो। पुराने तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों को संरक्षित किया जाए। अतिक्रमण हो तो तत्काल हटाया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास किया जाना चाहिए। इनर रिंग रोड्स के बगल में विभिन्न लिंक रोड पर सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। नगर के अंदर के कंजेशन को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि रिंग रोड के किनारे पर अलग-अलग व्यावसायिक गतिविधियों का विकास करने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। महायोजना में स्पोर्ट्स सिटी, मेडिसिटी, नॉलेज सिटी, नेचर पार्क, आयुष पार्क आदि का विकास किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महायोजना में शामिल नई कॉलोनी के विकास पर ध्यान दिया जाए। वहां सड़क, सीवर, बिजली, पानी जैसी सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो। महायोजना को अन्तिम रूप देते समय यह ध्यान रखा जाए कि यदि कोई धार्मिक स्थान है, तो उसे उसी रूप में दर्ज करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों में यातायात प्रबन्धन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। सड़कों के चौड़ीकरण करते समय ड्रेनेज और यूटिलिटी डक्ट की व्यवस्था बेहतर ढंग से की जाए।

ऑटो, टेम्पो व मैजिक के चालको को किया गया जागरुक

बाराबंकी। निर्धारित सवारी, ड्राइविंग लाइसेन्स के साथ सड़क सुरक्षा नियमो का पालन वाहन चालक अवश्य करे। नियमानुसार वाहन संचालन न करने पर परिवहन व यातायात पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी। उक्त बात पुलिस लाइन ग्राउण्ड मे पल्हरी स्टैण्ड के आटो चालक समिति के तत्वाधान मे आयोजित जागरुकता कार्यशाला मे ऑटो, टेम्पो व मैजिक के चालको को जागरुक करते हुये एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम विनीत मिश्रा ने कही।

कार्यशाला मे यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने चालको से यातायात नियमों का पालन करते हुए बेहतर यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने का आह्वान किया।

संक्षेप

पति और सास पर प्रताड़ना का आरोप

ऊँचाहार, रायबरेली। पति व सास की मारपीट व प्रताड़ना से आजिज होकर महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर गुहार लगाई है। डेलौली गाँव निवासी रीतू देवी का कहना है कि उसकी शादी तेरह वर्ष पूर्व सुरेश कुमार के साथ हुई थी पिछले एक वर्ष से पति व सास द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा और आये दिन उसके साथ मारपीट की जाने लगी जिसके चलते वो ज्यादातर मायके में रहने लगी। आरोप है कि गुरुवार की सुबह भी पति व सास ने मामूली बात पर उसकी पिटाई कर दी महिला ने पति पर किसी अन्य महिला के साथ संबंध बनाने के आरोप लगाये है पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाई की मांग की है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

तबेले से डेढ़ लाख की दो भैंस चोरी

ऊँचाहार, रायबरेली। किसान के तबेले में बंधी दो भैंसों को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किये जाने का मामला सामने आया है पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर दी है। चोरी हुई भैंसों की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। सरकपुर डिहवा गाँव निवासी रामपुरत यादव का कहना है कि, मंगलवार की रात वो प्रतिदिन की तरह मवेशियों को तबेले में बांधकर सोने चला गया। बुधवार की सुबह जब सोकर उठा तो तबेले में बंधी दो भैंस गायब मिली। खोजबीन के बाद भी उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। गुरुवार को पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाई की जायेगी।

फुटबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन

अमेठी। खेल निदेशालय के निदेर्शानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि सम्बन्धित खेल के प्रदेशीय संघ के समन्वय से जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता हेतु जिला स्तर चयन ट्रायल्स 13 जून को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने बताया कि उक्त जूनियर फुटबाल बालक वर्ग प्रतियोगिता के तहत चयनित खिलाड़ियों में शिवकुमार, अनुभव अग्रहरी, अब्दुल अलीम अन्सारी, यश अग्रहरी, हिमांशु मौर्य, नरसिंह गुप्ता, अर्श आलम, अर्नव जायसवाल व मो. आशिक का चयन किया गया।

भाजपा सेक्टर संयोजक को हुआ पितृ शोक

लालगंज ,रायबरेली। आदर्श नगर लालगंज निवासी भाजपा सेक्टर संयोजक लक्ष्मी शंकर शरण पांडे उर्फ बबलू पांडे के पिता रामकुमार पांडे का निधन हो गया है। उनके निधन से पांडे परिवार में मातम छा गया है। वहीं भाजपा कार्यकताओं में भी शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, अनूप पांडे, दीप प्रकाश शुक्ला, देवेंद्र सिंह, शरद सिंह ,विजय सिंह टप्पू, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे ,देवेश अग्निहोत्री, ओम प्रकाश मिश्रा, बीके सिंह, राजकुमार त्रिवेदी ,शिवम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, मंटू बाजपेई, राहुल शुक्ला , वीरेंद्र मौर्य, क्षितिज बाजपेई, कैलाश बाजपेई ,मृत्युंजय बाजपेई, नागेंद्र सिंह, बबलू तिवारी, राजेश निर्मल आदि लोगों ने शोक जताया है।

पर्यावरण बचाने के लिए डीएम ने दिये दिशा निर्देश

जिला पौधरोपण, गंगा और पर्यावरण समिति की हुई बैठक

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति और जिला गंगा समिति की बैठक बचत भवन में हुई। बैठक में डीएफओ आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2024-2025 के लिए जनपद को लगभग पचास लाख 65 हजार पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है। निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए 25 विभागों को चिन्हित किया गया है। जिसमें सर्वाधिक ग्राम विकास विभाग को इक्कीस हजार का लक्ष्य दिया गया है। वन विभाग को 1452000 ,कृषि विभाग को 419000, उद्यान विभाग को 260000 पंचायती विभाग को 210000, पर्यावरण विभाग को 210000 लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा की सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय रहते जमीन अवश्य चिन्हित कर ले। पौधरोपण के उपरांत तीन वर्ष तक उनका अनुरक्षण किया जाए। हरितमा ऐप पर जियो टैगिंग भी की जाए।

जिला पर्यावरण समिति में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मेडिकल वेस्ट का मैनेजमेंट उचित तरीके से किया जाए। साथ ही बाजारों में पॉलिथीन से बनी हुई वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया जाए, इसके लिए दुकानदारों और लोगों को पॉलिथीन की जगह ऑर्गेनिक पदार्थ से बने थैलो का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

जिला गंगा समिति की बैठक में गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाए जाने के लिए प्रयासों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया की गंगा में प्रवाहित होने वाले सभी नालों का उचित प्रबंध कराया जाए। नगर पालिका को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गंगा घाट पर लगने वाले मेलों में लोगों को जागरूक किया जाए कि उत्सवो के दौरान नदी में प्रदूषित जल और सामग्री को प्रभावित करने से बचे। एनजीटी के दिशा निर्देशों को गंभीरता से पालन कराया जाए। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

परंपरागत रूप से त्यौहार मनाने की अपील की

अमेठी। आगामी बकरीद के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में तथा ईदगाहों/मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूड़ा ट्राली तथा बड़े डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। उन्होने कहा कि ऐसे स्थानो को अवश्य चिन्हित कर ले। जहां पर मन्दिर तथा मस्जिद पास पास में है। ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उपस्थित लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित चलचित्र एवं अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये। साथ ही उन्हें अवगत करायें कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये जाये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समस्त एसडीएम, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थाना अध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों में साफ सफाई, विद्युत तथा जलापूर्ति पर विशेष रूप से फोकस किया जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप विद्युत की सप्लाई सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रतिबन्धित पशुओं की कुबार्नी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी पशु की कुबार्नी नहीं दी जायेगी।

अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर , 3 घायल

अमेठी । संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बदलापुर मोड़ ठेंगहा के पास गुरुवार की सुबह अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार पति-पत्नी व उनका नाती घायल हो गया। परिजनों द्वारा इलाज के लिए अमेठी सीएचसी भर्ती ले जाया गया। जहां से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ठेंगहा निवासी राम शंकर तिवारी अपनी पत्नी उर्मिला व नाती नाम अज्ञात के साथ घर से अमेठी जा रहे थे बदलापुर मोड़ के पास प्रतापगढ़ तरफ से आ रही अनियंत्रित पिकअप वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा 108 एम्बुलेंस से सभी घायलों को अमेठी सीएचसी ले जाया गया ।जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक ईश नारायण मिश्र ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जिलाधिकारी ने गौरीगंज विकासखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

अमेठी। डीएम निशा अनंत ने आज गौरीगंज विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों ,कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ सहायक कंचन सिंह बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी गौरीगंज को दिए। जिलाधिकारी ने पूरे कार्यालय परिसर, कार्यालय पटल का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति को जाना एवं साफ सफाई की सुदृढ़ व्यवस्था के साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, खंड विकास अधिकारी गौरीगंज सहित अन्य संबंधित अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे।

जूनियर बालक तैराकी प्रतियोगिता में हुआ खिलाड़ियों का चयन

अमेठी। खेल निदेशालय के निदेर्शानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक तैराकी प्रतियोगिता हेतु जिला स्तर चयन/ट्रायल्स 13 जून 2024 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित जूनियर बालक तैराकी प्रतियोगिता के अन्तर्गत 50 मी0 फ्रीस्टाइल इवेन्ट में जूनियर ग्रुप-1 में खिलाड़ी अर्पित यादव तथा जूनियर ग्रुप-2 में शैलेश शर्मा का चयन किया गया।

संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

सुलतानपुर (वीओएल)। कबाड़ बिनकर जीवन यापन करने वाले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में थाने से चंद कदम दूर खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी है। गुरुवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के चंद कदम दूर शिवनाथगंज की बाग में राजकुमार मिश्रा उर्फ राजू (40) पुत्र राम चंद्र उर्फ मुसई मिश्रा निवासी इसरौली का शव खेत में पड़ा मिला। मृतक युवक कबाड़ बिनकर गुजारा करता था। कबाड़ बिनने वाली बोरी कुछ दूर पर पड़ी मिली। शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद विधिक कार्यवाही शुरू की। मृतक युवक की मां और पिता की मृत्यु काफी समय पहले हो गई थी ।उसकी दो शादीशुदा बहने मालती और राधा है, जिनकी शादी अयोध्या जनपद में हुई है। गांव वालो के बताने के अनुसार मृतक ने अपना डेढ़ बीघा खेत शिवनाथगंज निवासी राम बली यादव को बेंच दिया था।

एसटीएफ व पुलिस ने इनामी हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय चांदा पुलिस एसटीएफ आयोध्या की संयुक्त टीम द्वारा सुलतानपुर व अम्बेडकरनगर जनपद में अपराध लिप्त हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ.बबलू पुत्र हौशिला प्रसाद सिंह निवासी ग्राम बनगाँव थाना भीटी जनपद अम्बेडकरनगर को हाइवे किनारे स्थित पुनी भींम पट्टी अंडर पास से गिरफ्तार कर लिया। शैलेन्द्र कुमार सिंह के खिलाफ चांदा कोतवाली में पंजीकृत मुकदमा के तहत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह के ऊपर अम्बेडकर नगर के भीटी थाने में गम्भीर धाराओ में दर्जनों मुकदमे पंजीकृत है। शातिर अपराधी की गिरफ्तारी से चांदा पुलिस व यस टी यफ टीम ने किसी बड़ी घटना होने से बचा लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ.बबलू को चांदा पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जिला न्यायालय में पेश किया वहा से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएम आयोध्या उप निरीक्षक सौरभ मिश्र कांस्टेबल सहित अंजनी यादव राजकुमार शुक्ल रजनीश कुमार नीरज सिंह व चांदा पुलिस की टीम में उपनिरीक्षक राजेश राव कांस्टेबल सुरजीत यादव मौजूद रहे।

कार्यकर्ता आभार समारोह में पधारे सांसद

अमेठी, जगदीशपुर। अमेठी संसदीय से भारी मतों से जीत हासिल करने के बाद पहली बार कार्यकर्ता आभार समारोह मे पधारे नव निर्वाचित सांसद के0 एल0 शर्मा ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओ एवं अमेठी की जनता का आभार व्यक्त करते हुए सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया।

विकास खण्ड जगदीशपुर स्थित अशोक मैरिज हाल मे कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए अमेठी सासंद किशोरीलाल शर्मा ने कहा कि मैं अमेठी की जनता एवं सभी कार्यकर्ताओ का सदैव श्रृणी रहूंगा मैने स्वप्न मे भी नहीं सोचा था कि गांधी परिवार के इस अदना सिपाही को सांसद बनने का मौका मिलेगा परंतु आप लोगो ने हमें भारी मतो से जिताकर सेवा करने का जो मौका दिया उसके लिए हम अमेठी की जनता के सदैव आभारी रहेंगे । अमेठी का विकास करने के लिए हम तन मन धन से तत्पर रहेगे ।किसी के साथ अन्याय ना हो सभी को इंसाफ मिले इसके लिए हम अंतिम सांस तक लड़ाई लडने के लिए तैयार हैं परंतु कार्यकर्ताओ को इतना ध्यान अवश्य रखना होगा कि गलत काम के लिए किसी अधिकारी के पास सिफारिश करने से बचें ऐसा करने से पार्टी की छवि बेहतर बनेगी वहीं सांसद ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका नारा था कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे जो राम कण कण मे व्याप्त हैं सबको लाने वाला वह ही हैं उनको कौन ला सकता है फिलहाल इसका जवाब जनता ने भाजपा को दे दिया जनता ने जाति धर्म की राजनीति को दरकिनार करते हुए विकास रोजगार महंगाई आदि समस्याओ को ध्यान मे रखते हुए अपने अमूल्य मत का प्रयोग किया। भाजपाई मन की बात करते है मै जनता के मन की बात करुंगा तथा मै वादा करता हूं कि जन जन की समस्याओ का निराकरण करके अमेठी क्षेत्र मे विकास की गंगा बहाने का काम करूंगा ।इस अवसर पर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह,जिला महासचिव यूथ कांग्रेस मुख्तार किदवई, पूर्व विधायक राधेश्याम कनौजिया,पूर्व विस प्रत्याशी विजय पासी, पूर्व जगदीशपुर विस अध्यक्ष रिफाकत रसूल, अतहर अली,बेंचू नेता,मोहम्मद अकमल, कामता मिश्रा, विनय कुमार सिंह, राजकुमार पासी, रामेश्वर पूर्व प्रधान, गुरू प्रसाद एडवोकेट,वसीक नेता समेत आदि लोग मौजूद रहे ।

एसडीएम ने सीएचसी, पशु चिकित्सालय व कान्हा गौशाला का किया औचक निरीक्षण

महराजगंज,रायबरेली। उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय व कान्हा गौशाला का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं व पशुपालकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने व सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। सीएचसी में उपजिलाधिकारी के निरीक्षण को लेकर चिकित्सकों व कर्मचारियों में हड़कम्प रहा। उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने पहले पशु चिकित्सालय व नगर पंचायत द्वारा संचालित स्थाई कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पशु-चिकित्सक उमेश चंद्र से गौवंशो को दिए जाने वाले हरे चारे व भूसे की उपलब्धता के साथ बेहतर देखरेख के निर्देश दिए। सीएचसी पहुंच कर उपजिलाधिकारी ने सामान्य व महिला वार्ड सहित जच्चा-बच्चा वार्ड, टीबी वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं की जानकारी केंद्र पर अंकित कराएं। सीएचसी आने वाले मरीजों को कोई परेशानी न हो तथा मरीजों को अस्पताल से ही दवा मुहैया कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशाओं से संचारी रोग के रोकथाम के लिए पहले से ही योजनबद्ध तैयारी की जाए।किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ टी के श्रीवास्तव व सभी चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद मिले।

तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया, क्लीनर की दबकर मौत

महराजगंज, रायबरेली। थाना अंतर्गत कुबना गांव के पास बने मिक्सर प्लांट के पास हैदरगढ़ की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। जिससे उसमें सवार कंडक्टर की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार रात करीब 12 बजे के आस-पास बिहार के नंबर वाला ट्रक रायबरेली की तरह जा रहा था। तभी कुबना गांव के पास एक पेड़ से अनियंत्रित होकर टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का आगे का केबिन चकनाचूर हो गया। जिसमें सवार बाराबंकी के मुड़िया डीह निवासी क्लीनर दीप चंद्र क दबकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक विवेक कुमार निवासी हरखड़ा थाना फतेहपुर जिला बाराबंकी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण व पुलिस की मदद से मृतक दीपचंद के शव व घायल चालक विवेक को सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए विवेक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अधूरे ज्ञान से होता है मनुष्य का नुकसान : डॉ. मदन मोहन

सुलतानपुर (वीओएल)। सुख के बाद दुःख आना भी जरूरी होता है। दुख मिलना ही मनुष्य के द्वारा किए बुरे कर्मो का प्रायश्चित होता है। युक्त बाते श्रीराम रचित मानस कथा के द्वितीय दिवस में प्रतापगढ से आए डॉ. मदन मोहन मिश्र के कृपापात्र शिष्य आशुतोष द्विवेदी ने कही।

बुधवार को कुड़वार क्षेत्र के पीतांबर देव हड़िया बाबा की कुटी पर आयोजित राम कथा के द्वितीय दिवस में आशुतोष द्विवेदी ने बजरंग बली द्वारा सीता माता की खोज में समुद्र तट पर पहुंचने पर उनके बल को जगाने की कथा से शुरूआत करते हुए लंका में विभीषण मिलन सहित उन्हे दिए गए ज्ञान की कथा तक का रसपान भक्तो को कराया। जिसके बाद काशी से पधारे कथा व्यास डॉ मदन मिश्रा ने कहा ज्ञान, भक्ति व कर्म में भी तीन कमियां आती है। कर्मयोगी को लोभ आ सकता है, भक्ति योगी में काम आ सकता है और ज्ञान योगी की बात न मानने पर क्रोध आ सकता है। इसलिए सभी को सत्संगती का मार्ग बताया जाता है ।उन्होंने कहा कि अधूरे ज्ञान से मनुष्य का नुकसान होता है। शास्त्र मत है कि पहले आप अध्यध्यन करके ज्ञान प्राप्त करो तब उसका प्रचार करते हुए आचरण में लाओ तभी आपका कल्याण होगा। उन्होंने प्रभु राम के वन गमन की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया और कहा कि किसी से सुख से दुखी नहीं होना चाहिए। मनुष्य का कल्याण तभी सम्भव है जब वह दुसरे के सुख में खुश व उसके दुख में दुखी होता है। कथा विश्राम पर आयोजक नरेंद्र कुमार तिवारी, समाजसेवी श्याम सुंदर सिंह, हरी कृष्ण तिवारी आदि ने व्यास पीठ की आरती उतारी। कथा में धर्मेंद्र तिवारी, सुशील तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, राम अचल तिवारी, सेवानंद तिवारी, लालता यादव, संतोष तिवारी, मनीष तिवारी, किरन शुक्ला, कंचन तिवारी, उषा तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में भगवद प्रेमी मौजूद रहे।

न्यायालय की फटकार पर जानलेवा हमले के मुकदमे में हुई गिरफ्तारी

- थाना क्षेत्र के बहमरपुर गांव से जुड़ा मामला

सुलतानपुर (वीओएल)। सोलह महीने पूर्व बाग में कब्जे के दौरान हुई मारपीट के दर्ज जानलेवा हमले के मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न करने के बाद पीड़ित ने न्यायलय से गुहार लगाई ।30 मई को न्यायालय ने एसपी को पत्र लिखकर शीघ्र विवेचना पूर्ण कराने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश पर हरकत ने आई पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

बता दे कि 05 फरवरी 2023 को कुड़वार थाना छेत्र के पूरे लेदई बहमरपुर निवासी नीरज पाण्डेय ने जानलेवा हमले सहित कई धाराओं में गांव निवासी भाजपा नेता चिरंजीव उर्फ मोंटी मिश्रा सहित राम नाथ, चंदे, अमरजीत, गुड्डू आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में गिरफ्तारी न होने पर पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वारंट के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर रही है। प्रार्थना पत्र पर विचारण के उपरान्त मजिस्ट्रेट ने एसपी को पत्र लिखकर अविलंब गुण दोष के आधार पर विवेचना पूर्ण कराने का आदेश दिया था। गुरुवार को कुड़वार पुलिस ने मुकदमे में नामजद आरोपी चंद्र प्रकाश उर्फ चंदे पुत्र राजाराम, अमरदीप पुत्र नरेंद्र व गुड्डू पुत्र हरि प्रकाश निवासी लेदई का पुरवा मजरे बहमरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि मामले में वांछित अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही सभी आरोपियों को जेल भेज दिया जायेगा।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

रायबरेली। हरचंदपुर कस्बा क्षेत्र मे तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे इलाज के दौरान युवक की दर्दनाक मौत हो गई वहीं घटना के बाद अनियंत्रित हुई कार ने आगे चलकर ई-रिक्शा में भी टक्कर मार दिया जिससे ई-रिक्शा भी पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई है आपको बता दे कि गुरुवार को समय करीब सुबह के 8 बजे रायबरेली जनपद के हरचंदपुर थाना क्षेत्र के हरचंदपुर कस्बे में ही तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया जिससे साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं घटना के बाद भाग रही कार आगे चलकर अनियंत्रित होने पर ई रिक्शा में भी टक्कर मार दिया कर की टक्कर से ई-रिक्शा भी पूरी तरह से छटग्रस्त हो गया वहीं घटना के बाद कर चालक कार छोडकर मौके फरार हो गया घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेज दिया है वहीं पुलिस फरार चालक की तलाश में जुड़ गई है हरचंदपुर थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया है कि छति ग्रस्त ई रिक्शा व साइकिल को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी गई हैं।

सीएचसी व पीएचसी पर हीटवेब से निपटने की व्यवस्था : डिप्टी सीएमओ

सुलतानपुर (वीओएल)। बढ़ते तापमान व हीटवेब से ग्रसित मरीजों को होने वाली परेशानी से है। इस समस्या का संज्ञान जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना द्वारा गंभीरता से लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक का स्वशासी राजकीय महाविद्यालय का दौरा हुआ। संबंधित अधिकारियों को कोताही ना करने और बेहतर व्यवस्था के लिए निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल डां. ओम प्रकाश चैधरी को स्वशासी राजकीय महाविद्यालय का सुबह-शाम हकीकत जानने के लिए निरीक्षण करने और सुधार करने की दिशा में डॉक्टरों व स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के साथ बैठक करने और मरीजों किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे सुनिश्चित करें, नोडल/मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ओम प्रकाश चैधरी ने बताया कि शासन व प्रशासन हीटवेब के मरीजों के लिए संपूर्ण व्यवस्था की है। मरीज इधर-उधर ना जाकर सीधे स्वशासी राजकीय महाविद्यालय या किसी भी पीएचसी-सीएचसी पर जाए, यदि ईलाज में लापरवाही हो रही है तो फौरन अवगत कराए। लापरवाह डाक्टर व कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाई होगी। उन्होंने बताया की पिछले माह से मै जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहा हूं, जहा कमियां मिल रही है। उसका त्वरित गति से निदान किया जा रहा है। वहीं स्वशासी राजकीय महाविद्यालय व जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिक्षक डा. एसके गोयल ने बताया की 20 बेड हीटवेब के मरीजों के लिए सुरक्षित है, आवश्यक औषधि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। 24 घंटे डॉक्टरों की टीम काम कर रही है। एक्सपर्ट डॉक्टरों को आंनकाल पर रखा गया है। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लालजी ने बताया कि जिले की सभी पीएचसी, सीएचसी को एलर्ट किया गया है।

शहीद स्मारक राष्ट्रीय धरोहर घोषित होगा

- भाजपा नेता अजय अगवाल ने इस सम्बन्ध में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को ज्ञापन सौंपा

रायबरेली। भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने रायबरेली के मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक को राष्ट्रीय धरोहर व राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के संबंध में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में भेंट कर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री को भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि 7 जनवरी 1921 को हुए इस गोलीकांड में 750 किसानों की जान गई थी और इसलिए इसको दूसरा जलियांवाला बाग कांड के नाम से जाना जाता है स इससे 2 वर्ष पूर्व में ही 1919 में अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग कांड में 1200 लोगों की जान गई थी अजय अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि अंग्रेज शासन के हुक्म से सभा में मौजूद सैकड़ों निहत्थे और बेकसूर किसानों पर पुलिस बलों द्वारा गोलियों की बौछार कर दी गई थी । इसके बाद नजदीक में बह रही सई नदी की धारा किसानों के खून से रक्त रंजित हो उठी थी। 750 से ज्यादा किसान मारे गए थे और 1500 से ज्यादा घायल हुए थे। अजय अग्रवाल ने बताया कि इतिहास के आइने में तमाम आंदोलन दर्ज हैं, जो आजादी दिलाने में सहायक बने और उनमें प्रमुख रूप से रायबरेली जिले में मुंशीगंज किसान आंदोलन भी है, जहां 750 किसानों ने जान की आहुति दी थी। मुंशीगंज में शहीद किसानों की याद में स्मारक है, जो अंग्रेजों के जुल्म और सितम के काले अध्याय के विरुद्ध भारतीय किसानों के बलिदान की याद दिलाता है। अजय अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री से अपील की कि वह उक्त मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक को राष्ट्रीय स्मारक तथा राष्ट्रीय धरोहर जल्द घोषित करें तथा इस स्मारक को भव्यता प्रदान की जाए और इसका रखरखाव भारतीय पुरातत्व परिषद करे तथा साथ ही साथ देश पर बलिदान करने वाले 750 किसानों के परिवारों को भी यथोचित सम्मान दिया जाए । केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भाजपा नेता अजय अग्रवाल के उक्त ज्ञापन पर आदेश करते हुए फाइल को तलब किया है तथा आश्वासन दिया है कि वह इस मामले पर दिन प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा कर मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक को राष्ट्रीय स्मारक तथा राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के संबंध में जल्द आदेश पारित करेंगे।

ट्रक पलटा, चालक-खलासी बाल-बाल बचे

बल्दीराय, सुलतानपुर । गुरुवार को बल्दीराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बीही निदुरा के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर लखनऊ से आजमगढ़ टमाटर लेकर जा रही ट्रक गुरुवार सुबह माइलस्टोन 96.6 पर अचानक टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिसमें चालक अकरम पुत्र ईशाक निवासी परसरा पाडर थाना गजरौला जनपद अमरोहा व खलासी जाउल दोनों सुरक्षित है किसी को कोई चोट नहीं आई है।

काली पट्टी बांध कर बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

ऊँचाहार ,रायबरेली। आल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स एसो.के आह्वान पर बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत दिखाई है। बैंक परिसर में कार्य के दौरान बैंक कर्मी काली पट्टी बांधे रहे और अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर अपना विरोध जताया । बैंक अधिकारियों का कहना है कि बैंक की स्नानांतरण नियमावली का उच्च प्रबंधन द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है । अव्यवहारिक और अतार्कित तरीके से बैंक अधिकारियों का दूरस्थ स्थानांतरण कर दिया गया है । बैंक में स्टाफ की कमी है । जिसके कारण बैंक अधिकारियों को समयावधि के बाद तक काम करना पड़ता है । यही नहीं अवकाश के दिन भी काम करना पड़ रहा है । बैंक अधिकारियों पर काम का बोझ है , उसे पूरा करने के लिए दबाव बनाया जाता है , जबकि स्टाफ की कमी है । उच्च प्रबंधन के साथ कई बैठकों में सहमति बनने के बावजूद दशकों से लंबित विभिन्न परिलब्धियों में वृद्धि नहीं की गई है । अपनी मांगों के समर्थन में बैंक अधिकारियों ने रायबरेली शहर में बुधवार की देर शाम विरोध प्रदर्शन किया । यह विरोध गुरुवार को भी जारी रहा । विरोध प्रदर्शन के दौरान आल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा आफिसर्स एसोसियेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह चैहान , क्षेत्रीय सचिव अभिषेक सिंह , लखनऊ जोन के उपाध्यक्ष विवेक कुमार आदि शामिल रहे ।

संक्षेप

तमंचा कारतूस सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को मय एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में थाना दक्षिण पुलिस टीम ने शुक्रवार को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान अभियुक्त राहुल पुत्र शिवनाथ निवासी हिमायूपुर सीएलजेन कालेज के पीछे गली नं. 2 थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को रामसिंह के भट्टे के सामने खाली मैदान से तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना दक्षिण पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा है।

हत्या में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ़्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर देने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। वहीं इस हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। भूरे सिंह यादव पुत्र जयश्रीराम निवासी नगला गुलाल थाना नगला खंगर जिला फिरोजाबाद ने थाना सिरसागंज पर तहरीर दी गयी थी कि मेरे भाई कमलेश पुत्र जयश्रीराम निवासी नगला गुलाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 45 वर्ष की नरसिंग ग्लोबल स्कूल के पास सौंथरा रोड कस्बा व थाना सिरसागंज पर निर्मम हत्या कर दी गयी है जिसके सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने हत्या के मामले से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त धारा सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी मौलापुर थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद को हैवतपुर कट के सामने कस्बा व थाना सिरसागंज से मय एक तमन्चा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

मत्स्य पट्टा शिविर 15 को

मथुरा। उप जिलाधिकारी छाता ने अवगत कराया है कि तहसील छाता के अन्तर्गत मत्स्य पालन हेतु तालाबों को दस वर्षीय पटटे पर उठाये जाने के लिए पटट्। शिविर का आयोजन 15 जून 2024 को प्रातः 11 बजे तहसील परिसर में किया जायेगा। जलालपुर, हताना, उमराया, ऐंच, बहरावली, खायरा, शहजादपुर, सुपाना, भदावल, गुहेता सात बिसा तथा खैराल सात बिसा गांव के तालाबों को पटटे पर उठाया जायेगा, जिसमें मछुआ सामुदायक, अनुसूचित एवं जनजाति के व्यक्तियों प्राथमिकता दी जायेगा।

मप्र भाजपा के अध्यक्ष ने किये बिहारी जी के दर्शन

मथुरा। मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और खुजराहो से सांसद वी डी शर्मा ने गुरुवार को बांके बिहारी जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। विदित रहे कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत मध्यप्रदेश में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए वही वी डी शर्मा खुजराहों से 5 लाख से ऊपर मतों से जीत कर आए तो जीत के बाद बांके बिहारी जी के दर्शन कर मध्यप्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पार्षद शशांक शर्मा दीपक ऋत्ऋषि आकाश चैधरी राहुल सारस्वत गोपाल गौड़ आदि उपस्थित थे।

संस्कृति विवि ने शुरू किये औद्योगिक इकाइयों के साथ नये पाठ्यक्रम

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में कुछ ऐसे नए कोर्स शुरू किए गए हैं जिनमें विद्यार्थी नामी-गिरामी उद्योगों के साथ जुड़कर अपना अध्ययन तो करेंगे ही साथ ही उनको इंटर्नशिप के साथ नौकरी के अवसर भी मिलेंगे। कौशल आधारित इन कोर्सेज में विद्यार्थियों को औद्योगिक इकाइयों के साथ काम करने और प्रशिक्षण पाने के मौके भी मिलेंगे।

संस्कृति विश्वविद्यालय की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने एक जानकारी में बताया कि बीएससी इन कास्मोटोलॉजी, बीबीए इन लाजिस्टिक दो नए पाठ्यक्रम संस्कृति विश्वविद्यालय में शुरू किए जा रहे हैं। ये दोनों की पाठ्यक्रम नामचीन उद्योंगों के साथ मिलकर शुरू किए जा रहे हैं। ये औद्योगिक इकाइयां इन विषयों से संबंधित उद्योग संचालित करती हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में बदलती मांग के अनुरूप व्यावहारिक ज्ञान होना बहुत जरूरी है। विश्वविद्यालय इस बात को अच्छी तरह से समझता है इसीलिए शिक्षा को उद्योग से जोड़कर विद्यार्थियों के कौशल में निखार ला रहे हैं। के लिए ये प्रयास किए गए हैं। अच्छी बात यह है कि विद्यार्थियों को इन औद्योगिक इकाइयों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा तो वह अपने विषय को और अच्छी तरह से समझ सकेंगे। विश्वविद्यालय सेंटर आफ एक्सीलेंस, ट्रेनिंग सेंटर भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करा रहा है। विद्यार्थियों को एप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसर भी सहजता से मिलेंगे। इनमें पढ़ाई के साथ-साथ इंटर्नशिप/एप्रेंटिसशिप जॉब स्टाइपंड के साथ मिलेगी। कुछ अन्य महत्वपूर्ण वेल्यूएडेड कोर्सेज भी शुरू किए गए हैं, जो रोजगार दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे।

सीईओ ने बताया कि ये सभी पाठ्यक्रम उद्योग जगत की मांग को देखते हुए शुरू किये जा रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि औद्योगिक कंपनियां भी इन पाठ्यक्रमों में भागीदारी करेंगी। ये कंपनियां अपने यहां इन विद्यार्थियों को इंटर्नशिप भी देंगी ताकि पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षित करने और रोजगार देने में सहजता हो सके। श्रीमती शर्मा ने कहा कि संस्कृति विवि निरंतर इस प्रयास में है कि तेजी से बदलते औद्योगिक और सेवा प्रदाता कंपनियों के काम के अनुसार विद्यार्थियों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जा सके। विद्यार्थी अपनी रुचि के आधार पर कोर्सेज का चयन कर सकें और जब रोजगार पाएं तो उनको जो काम मिले उससे वे अपरिचित न हों। विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माण की दृष्टि से संस्कृति विवि औद्योगिक जगत की भागीदारी के साथ इन कोर्सों शुरू करने जा रहा है।

कथा वाचक पर बरसे तीर्थ पुरोहित और संत

मथुरा। प्रदीप मिश्रा प्रकरण में तीर्थ पुरोहित महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों व ब्रज तीर्थ देवालय न्यास की संयुक्त बैठक श्रीजी बाबा आश्रम भूतेश्वर रोड पर तीर्थ पुरोहित महासंघ के ब्रजमंडल अध्यक्ष पंडित मुरारीलाल उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई जिसमें तीर्थ देवालय न्यास के अध्यक्ष भगवताचार्य रमाकांत गोस्वामी ने प्रदीप मिश्रा को ब्रज में आकर शास्त्रार्थ की खुली चेतावनी दी रिसीवर दाऊजी मन्दिर आर के पाण्डेय ने कहा यदि माफी नहीं मांगी तो देश में सभी देवालयों द्वारा प्रदीप मिश्रा की कथाओं को नहीं सहने दिया जायेगा न्यास के सदस्य व तीर्थ पुरोहित महासंघ के ब्रज प्रांत महामंत्री पंडित अमित भारद्वाज ने कहा प्रदीप मिश्रा यदि राधारानी के चरणों में आकर माफी नहीं मांगेंगे तो उनके विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही की जायेगी। विरोध कर रहे ब्रज मंडल के मंदिरों के सेवायतों, धमाचार्यों को प्रदीप मिश्रा द्वारा धेनुकासुर की संज्ञा देना उन्हें भारी पड़ेगा। ब्रजमंडल महामंत्री यज्ञदत्त चतुर्वेदी ने कहा संत प्रेमानंद श्रीजी को अपना आराध्य मानते हैं उनके यहां आए राधारानी के साथ साथ सभी ब्रज के सभी साधु संतो से अपने वक्तव्य पर क्षमा याचना करें। अन्यथा परिणाम के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिलानंद चतुर्वेदी ने कहा ये इन बेहरुपियो द्वारा सनातन धर्म को तोड़ने की साजिश है इनके पीछे छिपे लोगो धन बल से इन लोगो से सनातन के प्रति कोई भी वक्तव्य दिलवाते हैं और उनको उंगली उठाने का बहाना मिला जाता हैं किंतु अब ऐसा नहीं होगा अब उनको भी बेनकाब किया जायेगा बैठक में भगवताचार्य लालजी भाई शास्त्री, पं. पूर्ण प्रकाश कौशिक हरिमानदास बाबा नालायक दास मधुवन महोली, महंत दीपक शास्त्री आदि ने भी विरोध किया।

शार्ट सर्किट से लगी घर में भयानक आग, लाखों का नुकसान

मथुरा। मथुरा के जुल्हैदी गांव में रमेश पुत्र रामदयाल निवासी जाटव बस्ती जुल्हैदी के घर में लगभग दोपहर 1:30 बजे बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से भयानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरे घर को चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया गया है घर का पूरा सामान जिसमें बाइक के साथ फर्नीचर भी राख हो गया। आग में लगभग 10 लाख का नुकसान बताया जा रहा है। घर के बगल में भुस की बुरजी भी जल गई। ग्रामीणों के अनुसार लगभग एक से डेढ़ घंटे बाद दमकल गाडी पहुंची।

परिचालन विभाग ने लगायी राजभाषा प्रदर्शनी

आगरा। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, आगरा के 'गोवर्धन' सभा कक्ष में मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में परिचालन विभाग द्वारा राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा व अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री प्रनव कुमार व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक हृषिकेश मौर्या द्वारा दीप प्रज्वंलित कर किया गयो इस प्रदर्शनी में परिचालन विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया ` अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ने हिंदी में किए गए कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की परिचालन विभाग में अधिकांश कार्य हिंदी में किए जाते हैं तथा निरीक्षण रिपोर्टें भी हिंदी में जारी की जाती हैं। राजभाषा हिंदी के प्रचार- प्रसार में परिचालन विभाग का योगदान उत्कृष्ट रहा है। इस अवसर पर मंडल परिचालन प्रबंधक एन.पी सिंह और सहायक कार्मिक अधिकारी व राजभाषा अधिकारी अरविन्द कुमार एवं वरि. पर्यवेक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

आगरा विकास सेवा समिति ने रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर लगाया शिविर

आगरा। आगरा विकास सेवा समिति की ओर से पंचकुइया स्थित माथुर वैश्य भवन में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, एमएलसी विजय शिवहरे, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, डॉ. वात्सल्य उपाध्याय और डॉ. सिमरन उपाध्याय, यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रवज्जलित कर किया। अध्यक्ष ललित शर्मा ने बताया कि रक्तदान सर्वोतम दान है। नियमित रक्तदान से जहां एक ओर शरीर स्वस्थ बना रहता है वहीं इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान भी बच जाती है। रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। महामंत्री दीप विनायक ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए आगे बढ़कर समिति ने नियमित रूप से रक्तदान करने प्रेरित किया। लोकहितम चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से महाशिविर में युवाओ ने 140 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। रक्तदान कर रहे लोगो को समिति द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अमित अग्रवाल ग्वाला, पार्षद श्रीराम धक्कड़, पंकज पाठक, भरत शर्मा, एड. नितिन वर्मा, राहुल सागर, विनायक मुद्गल, शुभम अग्रवाल (नेचुरल), उज्जवल चौहान अवधेश शर्मा, निशांत प्रजापति, आशु यादव, दीक्षांत, विवेक, ध्रुव, कान्हा, प्रशांत, ऋषव, सुमित दिवाकर, अमन, अभिषेक, मोहित सोलंकी, राहुल जोशी आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन बन्ना बाईपास व अनवारा सड़क निर्माण की मिली स्वकृति

टूंडला। रेलवे स्टेशन तक आसान पहुंच के लिए सड़क निर्माण कार्य की स्वकृति लोक निर्माण विभाग ने दे दी है। शीघ्र ही निमार्ण कार्य प्रारंभ शुरू हो जाएगा। रेल सलाहकार समिति रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय एवं जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा जिला फिरोजाबाद के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि टूंडला रेलवे स्टेशन तक रेल यात्रियों की पहुंच आसान बनाने एवं ग्राम वासियों को रेलवे द्वारा निर्माण कराये जा रहे द्वितीय प्रवेश द्वार होकर स्टेशन तक आसान पहुंच के लिए नगला रती से अनवारा रुधऊ मुस्तगिल मार्ग इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण लंबाई 2.8 किलोमीटर तथा चौड़ाई 3.75 मीटर लागत रुपए दो करोड़ दस लाख एवं टूंडला रेलवे स्टेशन मनोरंजन केंद्र से बन्ना आश्रम तक शहरी बाईपास निर्माण कर जिसकी लंबाई 1650 मी तथा चौड़ाई 5.5 मीटर डामर पक्की सड़क लागत रुपए तीन करोड़ 47 लाख वाबत लोक निर्माण विभाग फिरोजाबाद द्वारा मुख्य अभियंता आगरा स्वीकृति से प्रस्ताव प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष सार्वजनिक निर्माण विभाग लखनऊ को हाथों-हाथ अपने अधिकारी द्वारा भेज कर दिनांक 12 जून 2024 को जमा कराए गए हैं। इन दोनों सड़कों के लिए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा गत माह अनापत्ति (एनओसी) जारी की गई थी। टूंडला शहर से बन्ना आश्रम तक सड़क मार्ग का निर्माण कार्य आगरा मंडल आयुक्त की व्यक्तिगत रुचि के कारण हो पा रहा है। इस बाईपास सड़क निर्माण के हो जाने से रेल यात्रियों की शहर के भीड़भाड़ से बचकर सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंच आसान हो जाएगी तथा शहर में लग रहे जाम से भी निजात मिलेगी। श्रीकृष्ण गौतम एवं सामाजिक कार्यकर्ता आरके सिंह बघेल द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने पर आयुक्त एवं सभी संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है और उम्मीद जतायी है कि दोनों सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा।

बेसिक शिक्षा अध्यापकों ने किया गौ वंशों के लिए भूसा दान

टूंडला। अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ को पीपल मंडी समिति बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों द्वारा गौ वंशो के भोजन हेतु 31 कुंतल भूसा दान किया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां ने बताया कि नगर में निवास करने वाले गौ भक्तों द्वारा गौमाता में आस्था रखते हुए उनके आहार के लिए आज बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों द्वारा इकत्तीश कुंतल भूसा हमारे संगठन को दान के रूप में दिया गया है। उक्त भूसे को हमारे संगठन के पदाधिकारियों द्वारा टुंडला क्षेत्र की समस्त गौ शालाओं का निरीक्षण कर जानकारी ली जाएगी कि किस गौशाला में भूसा नहीं है। और वही उक्त भूसे को पहुंचा दिया जाएगा। हमारा संगठन ऐसे महान गौ सेवकों से आग्रह करता है कि गौ माता के हित में इस तरह के दान करते रहें। आगामी समय में हमारे संगठन द्वारा एक रोटी वाहन चलाया जाएगा जो नगर के प्रत्येक घर पर पहुंच कर गौ माता हेतु एक रोटी की मांग करेगा और उक्त रोटियों को एकत्रित कर गौशाला में रह रही निराश्रित गौ माताओं को खिलाने का प्रबंध करेगा। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, राजीव चतुवेर्दी, जयदयाल सिंह, इंदु बत्सल दुबे, विवेक कुमार शर्मा, राजवीर सिंह, मुकेश कुमार, अध्यापक गणों सहित मुकेश उपाध्याय, महेश पाल सिंह, मनोज चक, भवानी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

दहेज अभियोग में महिला सहित 3 वांछित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना एका पुलिस टीम ने थाना पर पंजीकृत दहेज अधिनियम के अभियोग मे 3 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना एका पुलिस ने थाना एका पर पंजीकृत दहेज प्रथा अधिनियम मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण सचिन कुमार पुत्र डिप्टी सिंह, डिप्टी सिह पुत्र किशनलाल को ग्राम राजमल थाना क्षेत्र रजावली से व संजो देवी पत्नी डिप्टी सिंह को एटा चौराहा थाना क्षेत्र एका से गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

भूमाफियाओं के आतंक को लेकर भाकियू ने प्रदर्शन कर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

गोवर्धन। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में किसानों व स्थानीय लोगों ने नारेबाजी करते हुए तहसील पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन एसडीएम नीलम श्रीवास्तव को सौंप कर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा तहसील प्रशासन भूमाफियाओं के साथ किसानों की जमीनों पर कब्जा करा रहा है। गोवर्धन व राधाकुंड क्षेत्र मे भूमाफियाओं के आतंक से किसान दुखी हैं। भूमिया चक मार्गो का निर्माण कर रहे हैं। तहसील अध्यक्ष राजकुमार नैन ने कहा सेक्टर पैमाइश के लिए टीम गई थी 53 कड़ी जमीन शॉर्ट कर दी दूसरे की में बढ़ा दी है। किसानों की पैमाइश, चकबंदी, नहीं हो रही है। ढहर की जमीन तीन चक्क का नक्शा आठ का बना दिया है। किसानों के चक शॉर्ट हो गए हैं। राधा कुंड में खसरा संख्या 1458 भूमियाओं ने कब्जा कर रखा है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। कानूनगो और पटवारी मिले हुए हैं। तहसील के अधिकारी कर्मचारी किसानों की समस्याएं नहीं सुनते हैं। बृजपाल निवासी ओम नगर ने लेखपाल रामबाबू सैनी पर डीएम के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाया। कैनाल में कैमीकल युक्त पानी आने से किसान बहुत परेशान है। बीमारी हो रही है। मगोर्रा के नगला झींगा में बारिश के जलभराव की समस्या के निराकरण की मांग की बताया जाता है कि भूमाफियाओं ने यहां मकान व प्लॉट बना लिए हैं। भ्रष्टाचार व लापरवाही के चलते नगर पंचायत गोवर्धन ने एक ही व्यक्ति जमुना शंकर उर्फ जादों निवासी गोवर्धन के दो मृत्यु सर्टिफिकेट बना दिए। यह गंभीर मामला है इसकी जांच होनी चाहिए। इस मामले में एक बाबू सस्पेंड हुआ था। जिसको फिर यही तैनाती मिली हुई है। मगोर्रा के बछ गांव में काफी वर्षों से पड़ी जल भराव की समस्या का निराकरण किया जाए। प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ने कहा किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

किसानों के समर्थन में उतरी कांग्रेस राया में मीडिया के समक्ष हुए रूबरू

मथुरा। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयों तथा किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु, बलदेव तहसील के गोकुल, महावन, बलदेव, राया आदि क्षेत्रों में जाकर किसानों की समस्याओं को जाना और नौहझील क्षेत्र के गांव शंकर गढ़ी में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ते हुए, एक जुझारू व्यक्ति देवकीनंदन शर्मा की जान चले जाने के संदर्भ में व दीपावली के दिन राय में हुए पटाखा अग्निकांड के कारण 14 व्यक्तियों की मृत्यु की जाति की लीपापोती पर राया में प्रेस वार्ता कर अपनी बात को रखा। तथा गांव आंगई मैं स्थानीय जनता एवं किसानों को संबोधित किया प्रेस वार्ता व जनता और किसानों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में किसान त्रस्त है, भीषण गर्मी के समय महंगाई के इस दौर में किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच चुका है, किसानों से सरकारी वसूली की जा रही है, बिजली की आपूर्ति में कोई भी सुधार नहीं है, प्रीपेड मीटर लगाकर किसानों को उत्पीड़ित किया जा रहा है, खेत पर लगे पंप पर बिजली मीटर लगाए जाने की बात की जा रही है, जबकि किसान को सिंचाई के लिए नहर, बम्बों और नालों में पानी नहीं छोड़ा गया, किसानों को अविलंब सिंचाई के लिए नहरों बम्बों और नालों में पानी छोड़ा जाए जिससे कि किसान अपने खेतों में बुवाई की तैयारी कर सकें, बिजली के नाम पर किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए और सरकारी वसूली को अभिलंब रोका जाए। प्रेस वार्ता में डा वेदांत शर्मा डॉ दीपक आर्य, प्रवीण ठाकुर, चंद्र मोहन सिकरवार, लोकेश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, डॉक्टर, हरीश पचैरी, ठाकुर प्रियपाल सिंह, राजा गौतम, केके गौतम, कृष्ण कुमार शर्मा, गिर्राज सारस्वत, दिनेश कुमार, भावना उपाध्याय, गोकुलेश उपाध्याय, प्रमोद सिकरवार, राजकुमार प्रधान, सुरजीत, सत्यनारायण सत्तो आदि रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

जिला संवाददाता (vol)

टूंडला। टूंडला एटा मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं शायद ऐसा कोई दिन हो जब इस रोड पर सड़क हादसे न हो रहे हों इस रोड पर यात्रा कर सुरक्षित घर पहुंचना अपने आप में किसी जंग जीतने से कम नहीं है, जाने कितने लोग इस रोड पर सड़क हादसे में काल के गाल में समा गए और कितने ही गंभीर रूप से घायल होकर अपाहिज की जिंदगी बिता रहे हैं। मगर न तो कोई राजनेता इस रोड के चौड़ीकरण के लिए प्रयास कर रहा न ही स्टेट हाइवे इस पर कोइ कार्यवाही करता दिखाई दे रहा है। बता दें इस रोड पर ट्रैफिक इतना बढ़ गया है कि हर समय जाम रहता है राहगीरों को इससे निकलना दूभर हो गया है, संकरी रोड और बढ़ते ट्रैफिक के कारण आए दिन इस रोड पर सड़क हादसे हो रहे हैं।

• टूंडला एटा रोड बना हादसों का रोड आय दिन हो रहें हैं हादसे

राजनेता इस पर चुप्पी साधे बैठे हुए हैं कहीं न कहीं जिसका प्रभाव लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला है। इस रोड पर यात्रा करने वाले लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। बड़े बड़े ओवर लोड भारी डंपर इस सड़क से गुजरते हैं वहीं सड़क काफी संकरी है। शुक्रवार को गांव कोटकी निवासी युवक रवि पुत्र राजकुमार दोपहर को बाइक से टूंडला बाजार से अपने गांव लौट रहा था तभी नवीन सब्जी मंडी के पास एक ओवर लोड डंपर ने कट मार दिया जिससे युवक सामने से आ रही कार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है। वहीं डंपर चालक डंपर लेकर भाग गया कार को पुलिस ने कब्जे में लिया है। हादसा इतना भयावक था कि युवक की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी है।

यमुना के घाटों पर जगह-जगह गंदगी के ढेर

फिरोजाबाद। यमुना घाटों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, वैसे तो सरकार द्वारा यमुना की स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं परंतु हकीकत उससे कोसों दूर नजर आती है। शहर में कई समाजसेवी संस्थाएं प्रशासन के साथ मिलकर के यमुना किनारे स्वच्छता अभियान चलाते हैं। परंतु एक दिन के स्वच्छता अभियान और फोटो खिंचवाने के बाद फिर कोई उसकी सुध नहीं लेता कि वहां पर क्या हो रहा है। 2 दिन बाद गंगा दशहरा का पर्व भी है। इस पर्व पर यमुना किनारे गंगा दशहरा मेले का आयोजन भी किया जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यमुना स्नान करने जाते हैं। परंतु लगता है इस बार उन्हें गंदगी के ढेर पर ही स्नान करना पड़ेगा या वहां से वापस लौटना पड़ेगा क्योंकि यमुना के किनारे लगे गंदगी के ये ढेर तो यही बयां कर रहे हैं कि ना तो घाटों की स्वच्छता का प्रशासन को ध्यान है और ना ही किसी समाजसेवी संस्थाओं को। गंगा दशहरे के मेले के आयोजन मैं मात्र दो दिन शेष बचे हैं। परंतु प्रशासन की तरफ से वहां कोई भी तैयारी नजर नहीं आ रही है।

सभी धर्मगुरुओं को त्योहार शान्तिपूर्ण रूप से मनाने के लिए किया जागरूक

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सभी धर्म के धर्मगुरुओं के संग पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी, जिसमें उन के द्वारा आगामी त्यौहारों को लेकर सभी धर्मगुरुओं को जनपद के सभी आमजनों से आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक करने हेतु अवगत कराया गया। साथ आगामी दशहरा, बकरीद के त्यौहार के दृष्टिगत सड़कों की साफ-सफाई, बिजली-पानी एवं अन्य व्यवस्था सुचारु रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मीटिंग में एसएसपी सौरभ दीक्षित ने अवगत कराया गया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद पुलिस एवं क्यूआरटी मोबाइल लगातार भ्रमणशील रहेगी। किसी भी प्रकार की असुविधा समस्या होने पर तत्काल डायल-112 का उपयोग करें। आपकी हरसम्भव मदद की जायेगी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर/ फेसबुक/इन्स्टाग्राम व्हाटसअप पर सोशल मीडिया सेल द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। अफवाहों से दूर रहें, किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

विज्ञान कैम्प में अदृश्य लिखावट की आंख मिचौली देख विद्यार्थी हुए रोमांचित

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर निःशुल्क विज्ञान कैम्प के उन्नीसवें दिवस पर विद्यार्थियों ने अदृश्य लिखावट की आँख मिचौली देखी।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस विज्ञान कैम्प के उन्नीसवें दिवस पर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए उन्हें विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को सिखाया जा रहा है। जिससे विद्यार्थी में विज्ञान को करके सीखने की प्रवत्ति में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि उन्नीसवें दिवस पर विद्यार्थियों को बताया कि अदृश्य लिखावट का रहस्य क्या है। अदृश्य लिखावट किस प्रकार दृश्य होती है एवं पुनः अदृश्य हो जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अदृश्य लिखावट लिखकर दिखाते हुए बताया कि सर्वप्रथम कोबाल्ट क्लोराइड और अमोनियम क्लोराइड के विलयन को मिलाकर एक गुलाबी रंग का विलयन प्राप्त करते हैं। उसके उपरान्त ब्रुश की सहायता से गुलाबी रंग के पेपर पर कुछ भी लिखकर सुखा लेते हैं। जिससे लिखा हुआ अदृश्य हो जाता है। उसे पढ़ने के लिए उस पेपर को मोमबत्ती की लौ पर हल्का गर्म करने से अदृश्य लिखावट नीले रंग के रूप में दिखाई देने लगती है। उसी पेपर को पुनः ठंडा करने पर दृश्य लिखावट पुनः अदृश्य हो जाती है। इस प्रकार की अदृश्य लिखावट की आँख मिचौली देखकर विद्यार्थी रोमांच से भर गए। इस अवसर पर कु सारिका, साक्षी यादव, रोशनी, उपासना सिंह, अंजली, पूजा, पायल कश्यप, शिवानी, प्रीती, निशा, वर्षा, ललित कुमार, ब्रजमोहन, मोहित सिंह, सोनवीर, अनुज कश्यप, सुशान्त, नीरज कुमार, आर्यन प्रताप सिंह, सागर बाबू आदि उपस्थित रहे।

17 तक हीट वेव का रेट अलर्ट जारी

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग राज्य मौसम पूवार्नुमान केन्द्र लखनऊ के मौसम पूवार्नुमान बुलेटिन से प्राप्त सूचना के अनुसार 13 से 17 जून 2024 के मध्य में अन्य जनपदों के साथ-साथ जनपद मथुरा में हीट वेव (लू) चलने के सम्बन्ध में रेड अलर्ट जारी किया हैं।

हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितिया हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगो को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं।

शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जानें से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जानी है। हीट वेव (लू) से वृध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होतें है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय मथुरा हीट वेव / लू प्रकोप से बचाव हेतु निम्न बातों की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहता है।

हीट वेव से बचाव के लिए क्या करें

कडी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजें से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।

हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडें पहनें।

धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें।

पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें।

खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नाारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमल करें।

रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।

कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तूरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिडकियाँ खुली रखे।

क्या न करें

बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोडें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है।

भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।

उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।

शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय पदार्थो का सेवन करने से बचें क्यो कि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं।

दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुली रखें।

संक्षेप

कंपनियों की बाजार पूंजी 431.67 लाख करोड़ पर

नयी दिल्ली। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को सार्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सामूहिक बाजार पूंजीकरण (एमकैप) भी 431.67 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 538.89 अंक या 0.70 अंक चढ़कर 77,145.46 अंक के अपने सार्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बाद में यह 204.33 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,810.90 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,31,67,541.81 करोड़ रुपये (5.17 लाख करोड़ डॉलर) के सार्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। दो दिनों में निवेशकों की संपत्ति में 4.72 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

न्युवो मेसन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

चरखी दादरी, हरियाणा। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने हरियाणा के चरखी दादरी में राजमिस्त्रियों को चिनाई के बेहतर स्किल्स प्रदान करने के लिए एक नया मेसनरी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम न्युवो मेसन शुरू किया है। असंगठित चिनाई क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी पहल के हिस्से के रूप में न्युवो मेसन - एक मेसनरी स्किल डेवपलमेंट प्रोग्राम है, जिससे बड़ी संख्या में राजमिस्त्रियों को अपने स्किल्स बेहतर करने का मौका मिलेगा। न्युवो मेसन कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए हमारे समर्पण को दर्शाता है। असंगठित क्षेत्र के युवाओं और श्रमिकों को आवश्यक राजमिस्त्री कौशल प्रदान करके, हम वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास करते हैं।

एसबीआई जनरल ने बनाया अजीत शर्मा को ईस्ट 2 का रीजनल हेड

मुंबई। एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने अजीत शर्मा को ईस्ट 2 का रीजनल हेड नियुक्त करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति विस्तार एवं वृद्धि के लिये अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति को मजबूत करने के कंपनी के सपने के अनुरूप है। इस भूमिका में श्री शर्मा ईस्ट 2 बिजनेस का नेतृत्व और संचालन करेंगे। वह अनुपालन के मापदण्डों के मुताबिक चलना और परिचालन सम्बंधी प्रदर्शन के मानदण्डों को हासिल करना सुनिश्चित करेंगे। शर्मा उद्योग के एक अनुभवी पेशवर हैं, जिनके पास विभिन्न उद्योगों में लगभग दो दशकों का अनुभव है। वह मशहूर कंपनियों जैसे कि आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, मेटलाइफ इंडिया, वीसर्व कैपिटल, बजाज आलियांज लाइफ और गेटिट इंफोमीडियरी में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता एवं रणनीतिक नेतृत्व ने इन कंपनियों की तरक्की और सफलता में लगातार योगदान दिया है।

फिटजी के छात्रों का रहा अच्छा प्रदर्शन

नई दिल्ली। जहां जीतना एक आदत बन गई है, वहीं फिटजी को जेईई एडवांस्ड 2024 में अपने छात्रों की शानदार सफलता की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। उनके मूल्य प्रणाली, नैतिकता और अद्वितीय शिक्षण पद्धति द्वारा संचालित फिटजी के तनाव-मुक्त और समग्र दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को भी प्रमाणित करते हैं। छात्रों और शिक्षकों दोनों की कड़ी मेहनत ने लगातार उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं और यह लगातार 28वां वर्ष है जब संस्थान ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की है।

कैटरीना बनीं बॉन ग्रुप की ब्रांड अम्बेसडर

नई दिल्ली। बॉन ग्रुप ने बॉलीवुड अदाकारा कैटरीना कैफ को बॉन ब्रेड्स तथा बेकरी रेंज के साथ-साथ अमेरिकाना बिस्किट्स की ब्रैंड एंबैसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। कैटरीना की मौलिकता, बहुमुखी प्रतिभा और बड़े पैमाने पर आकर्षण दरअसल, हर प्रोडक्ट में एक्सीलेंस और क्वालिटी के प्रति बॉन की प्रतिबद्धता से मेल खाता है। इस तरह कैटरीना उन ब्रैंड्स के आकर्षण को सहज रूप से बढ़ाती हैं जिनका वह प्रचार करती हैं; बॉन ग्रुप एंड अमेरिकाना बिस्किट्स के साथ उनका जुड़ाव ब्रैंड की छवि और विस्तार दोनों को बढ़ाएगा, और युवा आबादी को ब्रैंड के प्रोडक्ट्स के साथ जोड़ेगा।

सेंसेक्स-निफ्टी नये रिकॉर्ड पर

मुंबई। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी का माहौल रहा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने दिन में कारोबार के दौरान नए रिकॉर्ड स्तर को छू लिया।

कारोबारियों ने कहा कि पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊउपभोक्ता सामान और औद्योगिक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी सूचकांकों को आगे बढ़ाने में मदद की। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का निचला स्तर है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट के कारण खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के संतोषजनक दायरे के नीचे बनी हुई है। दिन में कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 538.89 अंक यानी 0.70 प्रतिशत उछलकर 77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। बाद में यह 204.33 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,810.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 75.95 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 158.1 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 23,481.05 अंक के अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। भारत और अमेरिका दोनों जगह मुद्रास्फीति में नरमी की सुस्त रफ्तार से नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें थोड़ी प्रभावित हुई हैं। घरेलू बाजार में रियल्टी और टिकाऊ उपभोक्ता क्षेत्रों को किफायती आवास पर सरकार की घोषणा से बढ़त मिली है। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और नेस्ले सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.89 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में सर्वाधिक 2.15 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.05 प्रतिशत की बढ़त रही। हालांकि, दूरसंचार, बैंक और धातु खंडों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर अधिक आक्रामक होने के बाद यूरोपीय शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। वहीं एशियाई बाजारों में कारोबार मिला-जुला रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी रही।

सीमा शुल्क, जीएसटी, वाणिज्य में रणनीतिक सुधार भारत की समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देंगेः जीटीआरआई

नयी दिल्ली। सीमा शुल्क, जीएसटी, वाणिज्य में रणनीतिक सुधार से भारत की समावेशी समावेशी वृद्धि सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत परिवर्तनकारी युग के मुहाने पर खड़ा है और व्यापक आर्थिक सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। जीटीआरआई के अनुसार, जटिल सीमा शुल्क संरचना को सरल बनाने से लेकर क्रिप्टोकरेंसी के लिए अग्रणी विनियामक सैंडबॉक्स तक और जीएसटी (माल व सेवा कर) सुधारों के जरिए एमएसएमई (लघु, कुटीर एवं मझोले उपक्रम) क्षेत्र को बढ़ावा देने से लेकर हमारी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने तक यह एजेंडा एक मजबूत, जुझारू और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत की नींव रखता है। आर्थिक शोध

संस्थान ने कहा कि वर्तमान बुनियादी सीमा शुल्क संरचना जो 680 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के आयात को प्रभावित करती है उसकी 20 वर्षों में समीक्षा नहीं की गई है। इस कारण 27 से अधिक विभिन्न शुल्क दरें और 100 से अधिक विशिष्ट या मिश्रित शुल्क स्लैब हैं। इसमें कहा गया कि 1.5 करोड़ रुपये से कम टर्नओवर वाली कंपनियां 80 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण कराती हैं। हालांकि संग्रहित कर में उनका योगदान सात प्रतिशत से भी कम है। 1.5 करोड़ रुपये का वार्षिक टर्नओवर 12-13 लाख मासिक टर्नओवर के बराबर है, जो 10 प्रतिशत लाभ मुनाफे पर मात्र 1.2 लाख रुपये बैठता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नई सीमा जीएसटी प्रणाली पर करदाताओं के बोझ को 1.4 करोड़ से घटाकर 23 लाख से कम कर देगी, जिससे 100 प्रतिशत अनुपालन के लिए बिल-मिलान की शुरुआत हो सकेगी। इससे फर्जी बिल और कर चोरी पर रोक लगेगी। कर संग्रह में वृद्धि से सात प्रतिशत कर घाटे की भरपाई हो जायेगी। इसने सरकार से कम मूल्यवर्धित इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को प्रोत्साहन न देने को भी कहा। आर्थिक शोध संस्थान ने सरकार से कम मूल्य वर्धित इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को प्रोत्साहन न देने का भी सुझाव दिया।

रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ बंद

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई और एनएसई दोनों ही सूचकांकों के दिन में कारोबार के दौरान सर्वकालिक उच्चस्तर को छूने के बावजूद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.55 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सीपीआई आंकड़ों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय के कारण डॉलर सूचकांक में अस्थिरता के बावजूद रुपये में डॉलर के मुकाबले जुझारूपन दिखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.52 पर खुला और कारोबार के अंत में सात पैसे की गिरावट के साथ 83.55 प्रति डॉलर

(अस्थायी) पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 11 पैसे सुधरकर 83.48 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 104.81 पर कारोबार कर रहा था। ब्रेंट कच्चा तेल 0.84 प्रतिशत घटकर 81.91 डॉलर प्रति बैरल रह गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर, भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि अप्रैल, 2024 में तीन महीने के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गई है, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। हालांकि, खनन और बिजली क्षेत्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच, बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रही और यह मई में एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई, जिसका कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट थी। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने बुधवार को 426.63 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कर समीक्षा संभव

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नयी दिल्ली में होगी।

परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद यह परिषद की पहली बैठक होगी। जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले की समीक्षा कर सकती है। यह कर एक अक्टूबर, 2023 से लागू हुआ था। जुलाई और अगस्त में अपनी बैठकों में जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को कर योग्य दावों (बेट) के रूप में शामिल करने के लिए

कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी। साथ ही स्पष्ट किया था कि ऐसी आपूर्तियों के मामले में पूरे दांव मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लगेगा। उस समय कहा गया था कि कार्यान्वयन की समीक्षा छह महीने बाद यानी अप्रैल, 2024 में की जाएगी। चूंकि अप्रैल के बाद से जीएसटी परिषद की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए परिषद की 22 जून की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के कराधान की समीक्षा की उम्मीद है। जीएसटी परिषद के समक्ष एक अन्य महत्वपूर्ण लंबित मुद्दा दरों को युक्तिसंगत बनाना है और उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में एक समिति को आवश्यक दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए सुझाव देने का अधिकार दिया गया है। जीएसटी परिषद अपनी 22 जून की बैठक में प्रक्रिया को तेज करने और समिति द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने का निर्णय ले सकती है। जीएसटी व्यवस्था में वर्तमान में 0, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के पांच कर स्लैब हैं। विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर उच्चतम 28 प्रतिशत कर दर के अलावा उपकर भी लगाया जाता है। परिषद को बहुप्रतीक्षित दरों को तर्कसंगत बनाने की चर्चा करनी होगी। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस जैसे कम प्रभाव वाले पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में शामिल करने का प्रारंभिक प्रयास व्यवसाय के लिए अत्यधिक लाभकारी होगा। अक्टूबर से पहले ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के लिए कर देयता, ईएसओपी की कर देयता, कॉरपोरेट गारंटी कर देयता सहित कई स्पष्टीकरणों पर विचार किया जा रहा है। हालिया मुकदमों के कारण विभिन्न दर-संबंधी स्पष्टीकरण भी अपेक्षित हैं।

विकसित अर्थव्यवस्था के लिए कर दरें घटाना जरूरी

नयी दिल्ली। भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा

मिलता है। भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है। दत्ता ने कहा, सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, इनपुट टैक्स क्रेडिट ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। वर्गीकरण के मुद्दों के साथ-साथ कर चोरी भी एक बड़ी चुनौती है...एक अन्य क्षेत्र जिसमें जीएसटी सफल नहीं हो पाया है, वह है ई-कॉमर्स... चुनौतियां हैं और उनका समाधान किया जाना चाहिए। सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा, भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा ... नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है। सरकार को जल्द से जल्द कर की दरें कम करने और करदाताओं का आधार बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट का छठा संस्करण लॉन्च

मुंबई। हरकी ने डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट, 2023-24 का छठे संस्करण लांच करने की आज घोषणा की। यह रिपोर्ट कॉरपोरेट इंडिया में महिलाओं की भागीदारी और विविधता पर उद्योग की एक मानक रिपोर्ट है। यह रिपोर्ट जनवरी, 2023 और जनवरी, 2024 के बीच पूरे भारत में 300 से अधिक कंपनियों से एकत्रित डाटा का एक समग्र संकलन उपलब्ध कराती है। डायव्हर्सिटी बेंचमार्किंग रिपोर्ट 2023-24 में दर्ज रुख डायव्हर्सिटी सर्वे रीडिंग्स पर आधारित है। इस डायव्हर्सिटी सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया कि जिन कंपनियों का सर्वेक्षण किया गया उनमें कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी 34 प्रतिशत है। यह आंकड़ा स्टार्टअप्स और एसएमई में मामूली सुधार के साथ 36 प्रतिशत है।

आरबीआई ग्रेड बी परीक्षा के भ्रामक विज्ञापन के लिए एडु टैप पर लगाया तीन लाख का जुर्माना

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापन देने के लिए एडटेक कंपनी एडु टैप लर्निंग सॉल्यूशंस पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

कंपनी ने विज्ञापन में दावा किया था कि उसके 144 छात्रों का चयन 2023 में आरबीआई ग्रेड बी परीक्षा के लिए हुआ है। सीसीपीए ने 12 जून को जारी आदेश में एडु टैप को सभी इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया से विवादित विज्ञापन को तुरंत हटाने या वापस लेने का निर्देश दिया। कंपनी को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

रूरल बिजनेस फाइनेंस बुक साइज ने 25,000 करोड़ को किया पार

मुम्बई। एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने आज यह घोषणा की है कि उसके रूरल बिजनेस फाइनेंस कारोबार ने अपने बुक साइज में 25000 करोड़ रुपये की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को पार कर लिया है। यह उपलब्धि ग्रामीण उद्यमियों और छोटे व्यवसाय मालिकों को सशक्त बनाने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास पर मजबूत फोकस के साथ, एलटीएफ का रूरल बिजनेस फाइनेंस गांवों में रहने वाली आबादी को आसानी से और किफायती दरों पर फाइनेंसिंग (वित्तपोषण) के समाधान प्रदान करने में सबसे आगे रहा है।

पेज एक का शेष

हमारी कार्रवाई

माह में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र कार्यक्रम होने हैं। स्वाभाविक रूप से यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। शासन-प्रशासन को 24 गुणा 7 एक्टिव मोड में रहने की आवश्यकता है। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता बनाए रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। हमें इनसे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं। पीस कमेटी की बैठक कर लें। मीडिया का सहयोग लें, ताकि शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से ही होना चाहिए। इसके अतिरिक्त कहीं और कुबार्नी न हो। विवादित, संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। हर जिले में कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्थित कार्ययोजना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नमाज परंपरानुसार एक निर्धारित स्थल पर ही हों। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। आस्था का सम्मान करें किंतु किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन न दें। वीडियोग्राफी कराएं, ड्रोन का इस्तेमाल किया जाए। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। हर दिन सायंकाल पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करे। पीआरवी 112 एक्टिव रहे। अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए। गंगा दशहरा के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जानी चाहिए। स्नान कहां करना है, यह सुनिश्चित हो। सतर्कता के दृष्टिगत गोताखोरों की तैनाती भी की जाए। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी का समय है, साथ ही पर्व-त्योहारों का आयोजन भी होना है। ऐसे में गांव, नगर, महानगर, कहीं भी रोस्टरिंग के नाम पर अनावश्यक 'पॉवर कट' न हो। ट्रांसफार्मर खराब होने अथवा फॉल्ट की समस्या का तेजी के साथ निस्तारण कराएं। आम जन की जरूरतों का ध्यान रखें।

राज्य कर्मियों

व्यवस्था एक जनवरी 2006 से प्रभावी वेतन समिति उत्तर प्रदेश (2008) की संस्तुतियों के क्रम में लागू की गई है। इसलिए इस आदेश के दायरे में वे कर्मचारी भी आएंगे जो एक जुलाई 2006 के बाद लेकिन शासनादेश जारी होने से पहले रिटायर हो चुके थे। उन्हें ये लाभ तबसे मिलेगा लेकिन एरियर नहीं मिलेगा। यही व्यवस्था एक जनवरी 2016 के बाद लेकिन शासनादेश जारी होने की तारीख से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों पर भी लागू होगी। संबंधित वर्ष की 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके हैं और उनकी वेतनवृद्धि एक जुलाई और एक जनवरी को देय थी।

गौरतलब है कि मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसकी घोषणा की थी। छठवें वेतन आयोग की संस्तुतियों द्वारा कर्मचारियों की वार्षिक वेतनवृद्धि हर साल एक जुलाई को की गई थी। सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों द्वारा सालाना वेतन वृद्धि एक जनवरी 2016 से लागू की गई। इसके बाद कर्मचारियों को वेतनवृद्धि की तारीख एक जुलाई और एक जनवरी को चुनने का विकल्प दिया गया। मद्रास उच्च न्यायालय, कर्नाटक उच्च न्यायालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस संबंध में दायर अलग-अलग याचिकाओं में 30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आगामी वेतनवृद्धि दिए जाने के आदेश दिए जा चुके हैं।

नीट-यूजी

के लिए 12 जून को यह फैसला किया। उन्होंने कहा कि समिति का मानना था कि कृपांक वापस लिये जाने चाहिए और इन उम्मीदवारों के लिए 23 जून को फिर से आयोजित होने वाली परीक्षा का विकल्प दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताय कि इस संबंध में एक अधिसूचना आज ही जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति का मानना था कि परीक्षा देते समय समय की हानि के आधार पर कृपांक दिए जाने से विषम स्थिति पैदा हुई, क्योंकि इसे केवल उन प्रश्नों तक सीमित रखा जाना था, जो हल नहीं किए गए थे। सभी पहलुओं की जांच करने के बाद, पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि इन लाभार्थी उम्मीदवारों के स्कोरकार्ड रद्द करने की सिफारिश करना उचित होगा। पीठ ने अपने आदेश में कहा सिफारिशों के अनुसार, यह सुझाव दिया गया है कि प्रभावित 1563 उम्मीदवारों के चार जून, 2024 को जारी अंक रद्द किये जाएंगे और वापस ले लिए जाएंगे।

इन प्रभावित 1563 उम्मीदवारों को बिना किसी क्षतिपूर्ति अंक के उनके वास्तविक अंकों के बारे में सूचित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रभावित 1563 उम्मीदवारों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी। पीठ ने कहा, प्रभावित उम्मीदवार जो पुनः परीक्षा के लिए उपस्थित नहीं होना चाहते हैं, उनके परिणाम पांच मई, 2024 को आयोजित परीक्षा में उन्हें दिये गये कृपांक को हटाकर उनके द्वारा प्राप्त वास्तविक अंकों के आधार पर घोषित किए जाएंगे और जो उम्मीदवार परीक्षा में फिर से शामिल होंगे, उनके पांच मई की परीक्षा में प्राप्त अंकों को खारिज कर दिया जाएगा और नये सिरे से प्राप्त प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा। केंद्र ने कहा कि पुनर्परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे और एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग छह जुलाई से शुरू होगी।

एडटेक फर्म फीजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे की ओर से पेश वकील जे साई दीपक ने यादृच्छिक रूप से (रैंडम) कृपांक दिए जाने की आलोचना की और कहा कि उन सभी छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाना चाहिए जो समय नष्ट होने का आरोप लगाते हुए अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा सके। पीठ ने यह कहते हुए अनुरोध ठुकरा दिया कि वह मामले का दायरा उन लोगों तक नहीं बढ़ा सकती जो अदालत नहीं पहुंचे हैं। पीठ ने तीन याचिकाओं पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी किए और उन्हें लंबित याचिकाओं के साथ सम्बद्ध कर दिया। इसने कहा कि इन सभी याचिकाओं पर गर्मी की छुट्टियों के बाद आठ जुलाई को एक साथ विचार किया जाएगा।

प्रश्नपत्र लीक

के एक फॉर्मूले पर आधारित थे, उन गणनाओं का एक आधार है। अगर कोई विसंगति है, तो उसे सुधारा जाएगा और हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अनियमितताओं और अंकों में वृद्धि के आरोपों को लेकर एनटीए आलोचनाओं के घेरे में है। शिक्षा मंत्रालय ने 1,563 छात्रों को दिए गए कृपांक की समीक्षा करने के लिए पिछले सप्ताह चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। प्रधान ने कहा कि समिति की अध्यक्षता यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी ने की और उसमें राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के सचिव के अलावा अन्य लोग भी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि समिति ने प्रत्येक शिकायत की समीक्षा की और उसके बाद समिति ने अपनी सिफारिशें कीं। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि नीट-यूजी, 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है। हालांकि एनटीए ने इस आरोप को नकार दिया।

हिमाचल ने

आपूर्ति के लिए आवेदन दाखिल करने का निर्देश दे चुकी है इसलिए अगर आवेदन तैयार नहीं किया गया है तो आज शाम पांच बजे तक तैयार कर लें और बोर्ड शुक्रवार को बैठक बुलाए और दिल्ली सरकार के जलपूर्ति आवेदन पर जल्द से जल्द निर्णय ले। शीर्ष अदालत, दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त पानी को छोड़ने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था ताकि राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट कम हो सके।

कुवैत से जल्द

परीक्षण करा रहे हैं। उनके अनुसार, घटना में मारे गए भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा, "कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में श्रमिक आवास सुविधा में आज सुबह हुई दुर्भाग्यपूर्ण और आग लगने की दुखद घटना में लगभग 40 भारतीयों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना को दुखद बताया और विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा सहित अन्य लोगों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक भारतीय नागरिकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की और हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने कुवैती समकक्ष अब्दुल्ला अली अल-याह्या से फोन पर बात की और उनसे मृतकों के पार्थिव शरीरों को शीघ्र भारत भेजने का आग्रह किया।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, "कुवैती विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से कुवैत में आग की त्रासदी पर बात की। इस संबंध में कुवैती अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों से अवगत कराया गया।

येदियुरप्पा के

की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। सदाशिवनगर पुलिस द्वारा 14 मार्च को मामला दर्ज किये जाने के कुछ ही घंटों बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने एक आदेश जारी कर मामले को तत्काल प्रभाव से जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया था। येदियुरप्पा के खिलाफ आरोप लगाने वाली 54 वर्षीय महिला का पिछले महीने एक निजी अस्पताल में फेफड़ों के कैंसर के कारण निधन हो गया था। येदियुरप्पा (81) ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि वह कानूनी रूप से इस मामले को लड़ेंगे। अप्रैल में सीआईडी ने येदियुरप्पा को कार्यालय में बुलाकर उनकी आवाज का नमूना एकत्र किया था। इस बीच, सरकार ने मामले में सीआईडी का प्रतिनिधित्व करने के लिए विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) अशोक एच. नायक को नियुक्त किया है। येदियुरप्पा ने प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है और अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

मकान में लगी

कारणों का पता जांच के बाद ही लग पाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गाजियाबाद में हुए अग्निकांड का संज्ञान लिया।

सिराज और अर्शदीप को मिले तरजीह : कुंबले

नयी दिल्ली। पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिये। अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम के पहली पसंद के गेंदबाज है और कुंबले का मानना है कि इस विभाग में अर्शदीप और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिये। कुंबले ने ईएसपीनक्रिकइंफो से कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उसने (अर्शदीप) ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में गेंदबाजी की और उसके पास टी20 क्रिकेट के लिए जिस तरह की विविधता है उससे मुझे लगता है कि वह निश्चित रूप से उसे मोहम्मद सिराज से आगे है।

हमें पता था लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल होगा : रोहित

न्यूयॉर्क। अमेरिका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां सात विकेट की जीत दर्ज करने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को यहां कहा कि उन्हें पता था कि इस पिच पर लक्ष्य कर पीछा करना मुश्किल होगा।अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रन पर रोकने के बाद भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।भारत के लिए मैन ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह ने नौ रन देकर चार विकेट लिये। सूर्यकुमार यादव (नाबाद 50) और शिवम दुबे (नाबाद 31) ने चौथे विकेट के लिए 65 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, हम जानते थे कि इतना रन बनाना मुश्किल होगा। इसे हासिल करने का श्रेय हमें जाता है। सूर्यकुमार और दुबे ने आखिर में अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने मैच में कड़ी टक्कर देने के लिए अमेरिका के खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए, अमेरिका में कई खिलाड़ी के साथ हम खेल चुके हैं। उनके क्रिकेट की विकास को देखकर मैं खुश हूं।

संक्षेप

इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब : मेसी

अटलांटा। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने ईएसपीएन से कहा, मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। उन्होंने कहा,यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। लेकिन मैं इस बारे में नहीं सोचता। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज़ की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।

भारतीय तीरंदाजों का ओलंपिक क्वालीफायर में कोटा का लक्ष्य

अंताल्या (तुर्की)। भारतीय तीरंदाज शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय ओलंपिक क्वालीफायर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पुरुष और महिला टीम का कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक के लिए तीरंदाजी का यह अंतिम क्वालीफायर मुकाबला है। भारत के लिए अब तक धीरज बोम्मदेवरा ने ही पुरुष व्यक्तिगत में ओलंपिक कोटा हासिल किया है। पुरुष टीम में बोम्मदेवरा, प्रवीण जाधव और अनुभवी तरूणदीप राय होंगे। राय का लक्ष्य चौथी बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। उन्होंने एथेंस 2004 में ओलंपिक पदार्पण किया था। महिला वर्ग में सभी की निगाहें पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी पर होंगी, जिन्होंने इस आयोजन से पहले प्रसिद्ध दक्षिण कोरियाई कोच किम ह्युंग-टाक की देख रेख में दो सप्ताह का अभ्यास किया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद वापसी करते हुए दीपिका ने इस साल अप्रैल में शंघाई में विश्व कप में रजत पदक हासिल किया था। महिला टीम में उनके साथ भजन कौर और अंकिता भकत शामिल होंगी। ओलंपिक जाने वाली टीम में तीन तीरंदाज शामिल होते हैं। महिलाओं के आयोजन में चार देशों के पास कोटा हासिल करने का मौका होगा।।

बांग्लादेश ने दिया 160 रन का लक्ष्य

एजेंसी

न्यूयॉर्क। बांग्लादेश ने टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड को जीत के लिए 160 रन का टारगेट दिया है। किंग्सटाउन में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया है। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाए। शाकिब अल हसन ने नाबाद 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 38 बॉल पर हाफ सेंचुरी जमाई। शाकिब ने 19 पारियों के बाद टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी बनाई है। तंजीद हसन ने 35 और महमूदुल्लाह ने 25 रन बनाए। आर्यन दत्त और पॉल वान मीकरन ने 2-2 विकेट लिए। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे बास डी लीडे के ओवर से 12 रन आए।

इस तरह बांग्लादेश ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाते हुए नीदरलैंड को 160 रन का टारगेट दिया। शाकिब 64 और जेकर अली 14 रन बनाकर नाबाद लौटे। जेकर अली ने 19वें ओवर में तीन चौके जमाए। वान बीक के इस ओवर से 14 रन आए और बांग्लादेश का स्कोर 147/5 पहुंच गया। 18वें ओवर में शाकिब ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 38 बॉल पर हाफ सेंचुरी जमाई। शाकिब ने 19 पारियों के बाद टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी बनाई है। अगली ही बॉल पर महमूदुल्लाह 25 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पॉल वान मीकरन ने साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट के हाथों कैच कराया। उन्होंने 41 रन की साझेदारी तोड़ी। 14वें ओवर में बांग्लादेश ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ओवर की आखिरी बॉल पर महमूदुल्लाह के चौके के साथ टीम ने 100 रन का आंकड़ा हासिल किया।

13वें ओवर में बांग्लादेश ने चौथा विकेट गंवा दिया है, टीम अभी 100 रन के स्कोर तक नहीं पहुंच सकी है। टिम प्रिंगल ने ओवर की पहली बॉल पर तौहीद दोय (9 रन) को बोल्ड कर दिया। बांग्लादेश ने 9वें ओवर में तीसरा विकेट भी गंवा दिया है। यहां तंजीद हसन 35 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पॉल वान मीकरन ने बास डी लीडे के हाथों कैच कराया। तंजीद हसन ने पावरप्ले के बाद 7वां ओवर डालने आए बास डी लीडे की बॉल पर लगातार दो चौके जमाए। इस ओवर से कुल 12 रन आए और बांग्लादेश का स्कोर 66/2 पहुंच गया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही बांग्लादेश ने मिलीजुली शुरूआत की है। शुरूआती 6 ओवर के बाद टीम का स्कोर 54/2 है। शाकिब और तंदीज ने पावरप्ले का आखिरी ओवर डाल रहे वान बीक के ओवर से 19 रन लिए। शाकिब ने इस ओवर में 4 चौके लगाए। चौथे ओवर की पहली बॉल पर बांग्लादेश ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां लिटन दास एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आर्यन दत्त ने साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट के हाथों कैच कराया। लिटन आर्यन की लेंथ बॉल पर स्वीप करना चाहते थे और बॉल टॉप ऐज के साथ स्क्वैयर लेग की दिशा पर गई, जहां साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने शानदार कैच पकड़ा। तीसरे ओवर की 5वीं बॉल तंजीद हसन की हेलमेट पर लगी। किंगमा ने 133.5ह्यस्रँ की स्पीड से बाउंसर डाली, लेकिन तंजीद इसे संभाल नहीं सके और बॉल उनके हेलमेट पर लगी। इस ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर 23/1 रहा। बांग्लादेश ने दूसरे ओवर की दूसरी बॉल पर पहला विकेट गंवा दिया है। यहां कप्तान नजमुल हुसैन शांतो एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आर्यन दत्त ने स्लिप पर खड़े विक्रमजीत सिंह के हाथों कैच कराया। इस ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर 5/1 रहा। मैच का पहला ओवर डालने आए विवियन किंगामा ने महज 3 रन खर्च किए। बांग्लादेश की ओर से तंदीज हसन और कप्तान नजमुल हसन शांतो ओपन करने आए हैं।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीद हसन, जेकर अली, लिटन दास (विकेट कीपर), तौहीद ह्रदोय, शाकिब अल हसन, महमूदुल्लाह, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, तंजीम हसन साकिब और मुस्तफिजुर रहमान। नीदरलैंड : स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान व विकेटकीपर), माइकल लेविट, मैक्स ओडॉड, विक्रमजीत सिंह, बास डी लीडे, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, लोगन वान बीक, टिम प्रिंगल, आर्यन दत्त, पॉल वैन मीकेरेन और विवियन किंगमा। नीदरलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया है। बारिश की वजह से टॉस में हुई है। मैच की पहली गेंद 8:15 बजे फेंकी जाएगी। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 मुकाबले में आज बांग्लादेश और नीदरलैंड में से जो भी जीतता वो सुपर-8 में जगह बनाने की दावेदारी मजबूत कर लेगा। वहीं हरने वाली टीम के लिए अगले स्टेज में पहुंचने की उम्मीद को झटका लगेगा। अर्नोस वेल ग्राउंड की पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार साबित होती है।

ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रणय

सिडनी। भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन को सीधे गेम में हार कर ऑस्ट्रेलिया ओपन

बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने जिल्बरमैन को 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया। अगले दौर में उनका मुकाबला जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से होगा।

पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई।

अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो से 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में पांडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से 5-21, 9-21 से हार गई।

अमेरिका को हराकर भारत सुपर आठ में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (चार ओवर में नौ रन पर चार विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के बीच मुश्किल पिच पर 65 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां अमेरिका को 10 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रन पर रोकने के भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 111 रन बनाये जो सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर है। टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक के बाद छह अंकों के साथ भारत सुपर आठ में पहुंच गया। अमेरिका तीन मैच में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 10 रन तक विराट कोहली (शून्य) और कप्तान रोहित शर्मा (तीन) के विकेट गंवा दिया था। दोनों को बायें हाथ के तेज गेंदबाज सौरव नेत्रवलकर (18 रन पर दो विकेट) ने आउट किया। सूर्यकुमार यादव 49 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी खेल एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ऋषभ पंत (18) के साथ तीसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी के बाद दुबे के साथ मिल कर टीम को जीत दिलायी। सूर्यकुमार ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये तो वहीं दुबे ने 35 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का जड़ा नाबाद 31 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच अर्शदीप का यह प्रदर्शन टी20 विश्व कप में किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम था, जिन्होंने 2014 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन पर चार विकेट लिये थे। अर्शदीप को हार्दिक पंड्या का अच्छा साथ मिला जिन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये। अक्षर पटेल को एक सफलता मिली। अमेरिका के लिए नितीश कुमार ने 23 गेंद में 27 जबकि सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने 30 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत काफी खराब रही। कोहली का खराब लय इस मैच में जारी रहा जबकि रोहित भी बल्ले से योगदान नहीं दे सके।

अफगानिस्तान की नजरें सुपर आठ में जगह पक्की करने पर

टरूबा (त्रिनिदाद)। अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पायेगी। इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है।

अंडर-20 एशियाई कप में भारत को मिली जगह

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत को गुरुवार को 2025 एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 फुटबॉल क्वालीफायर के लिए ग्रुप जी में ईरान, मंगोलिया और मेजबान लाओस के साथ रखा गया है। टूर्नामेंट का आयोजन 21 से 29 सितंबर तक किया जाएगा। महाद्वीपीय अंडर-17 प्रतियोगिता के क्वालीफायर में भारत को ग्रुप डी में थाईलैंड, ब्रुनेई दारुस्सलाम और तुर्कमेनिस्तान के साथ जगह मिली है जिसकी मेजबानी थाईलैंड 19 से 27 अक्टूबर के बीच करेगा। दोनों क्वालीफायर के लिए ड्रॉ कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में आयोजित किए गए। मुख्य अंडर-20 टूर्नामेंट की मेजबानी चीन अगले साल छह से 23 फरवरी तक करेगा जबकि सऊदी अरब तीन से 20 अप्रैल तक अंडर-17 टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। अंडर-17 क्वालीफायर के लिए 43 टीमों को 10 ग्रुप में बांटा गया है जिसमें सात में चार-चार जबकि तीन में पांच-पांच टीम को जगह मिली है। दस ग्रुप विजेता और सभी समूहों में से पांच सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें फाइनल्स में पहुंचेंगी।

भारत का लक्ष्य लगातार चौथी बार एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना होगा। भारत एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में दो बार क्वार्टर फाइनल (2002 और 2018) में पहुंचा है। यह टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारत 18 से 28 सितंबर तक भूटान में आयोजित होने वाली सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में भाग लेगा। अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 45 टीमों को 10 ग्रुप में विभाजित किया गया है। इसमें चार-चार टीम के पांच ग्रुप और पांच-पांच टीम के पांच समूह बनाए गए हैं। दस ग्रुप विजेता और सभी ग्रुप में से दूसरे स्थान पर रहने वाली पांच सर्वश्रेष्ठ टीमें फाइनल्स में पहुंचेंगी। भारत 2006 में टूर्नामेंट की मेजबानी करने के बाद पहली बार एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा। टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में ईरान के साथ संयुक्त चैंपियन होना था। एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर से पहले भारत 16 से 28 अगस्त तक नेपाल में सैफ अंडर-20 चैम्पियनशिप में भाग लेगा।

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल

लंदन। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। बाइस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑलइंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने एक बयान में कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। नडाल ओलंपिक में कार्लोस अल्कारेज के साथ युगल और एकल वर्ग में खेलेंगे। विंबलडन एक से 14 जुलाई तक चलेगा।

विंबलडन की इनामी राशि रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड

एजेंसी

लंदन। ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें पुरुष एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑलइंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

वेस्टइंडीज ने लगातार दूसरी बार न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी

न्यूयॉर्क। वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के 29वें मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हरा दिया। वेस्टइंडीज की कीवी टीम के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले, दोनों टीमों के बीच केवल एक मैच 2012 वर्ल्ड कप में खेला गया था, जो वेस्टइंडीज ने सुपर ओवर में जीता था। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 150 रन का टारगेट दिया। जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी।

इसी के साथ वेस्टइंडीज सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर लिया। विंडीज सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने वाली चौथी टीम बन गई. इससे पहले, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत सुपर-8 में पहुंच चुके हैं. शेरफेन

रदरफोर्ड टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 39 बॉल पर नाबाद 68 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अल्जारी जोसेफ : वेस्टइंडीज की ओर से जोसेफ ने सबसे ज्यादा विकेट झटके। उन्होंने कीवी टीम को खुल कर खेलने ही नहीं दिया। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में महज 19 रन देकर 4 विकेट झटके। उनका बेस्ट ओवर 18वां रहा। जब उन्होंने चौथी और पांचवीं बॉल पर लगातार दो विकेट लिए। उन्होंने चौथी बॉल पर न्यूजीलैंड के टॉप स्कोरर ग्लेन फिलिप्स को पवेलियन भेजा।

गुडाकेश मोती : जोसेफ के बाद गुडाकेश वेस्टइंडीज के दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट झटके। लेकिन, गुडाकेश के तीनों विकेट काफी महत्वपूर्ण विकेट थे। उन्होंने कप्तान केन विलियमसन, डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र को पेवलियन भेजा।

ट्रेंट बोल्ड : न्यूजीलैंड के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ड ने इस मैच में 4 ओवर में 3 विकेट झटके. उन्होंने इस दौरान 1 मेडन ओवर भी कराया. बोल्ट ने 4.00 की इकॉनमी से महज 16 रन दिए। ग्लेन फिलिप्स : न्यूजीलैंड के टॉप स्कोरर फिलिप्स रहे, लेकिन वो अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे. फिलिप्स मैच को 136 रन तक लेकर गए. उन्होंने 33 बॉल पर 40 रन की पारी खेली। 4. टर्निंग पॉइंट

मैच का टर्निंग पॉइंट 19वां और 20वां ओवर रहा। 18 ओवर तक वेस्टइंडीज ने 112 रन बनाए थे। इसके बाद केन विलियम्सन ने 19वें ओवर में डेरिल मिचेल से गेंदबाजी कराई। यहीं रदरफोर्ड ने मैच पलट दिया। उन्होंने इस ओवर में तीन छक्के जड़े और कुल 19 रन बटोरे। वहीं, 20वें ओवर में मिचेल सैंटनर को गेंदबाजी सौंपी।

पेनल्टी रन ने भारत को प्रभावित नहीं किया : लॉ

न्यूयॉर्क। अमेरिका के मुख्य कोच स्टुअर्ट लॉ ने यहां टी20 विश्व कप मैच में भारत के हाथों अपनी टीम की करीबी हार के लिए ओवर तेजी से पूरा नहीं कर पाने के कारण पांच रन के पेनल्टी को जिम्मेदार ठहराने से इनकार करते हुए कहा कि उनके खिलाड़ियों को मैदानी अंपायरों की चेतावनियों के बाद सतर्क हो जाना चाहिए था। कम स्कोर वाले इस मैच में भारत ने अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रन पर रोकने के बाद 18.2 ओवर में तीन विकेट गंवा कर जीत दर्ज की। भारत को आखिरी 30 गेंद में 35 रन की जरूरत थी लेकिन भारत को पांच पेनल्टी रन मिल गये और चीजें आसान हो गयी। अमेरिका को तीसरी बार ओवर शुरू करने में 60 सेकंड से अधिक की देरी करने पर अंपायर ने उनके खिलाफ पांच पेनल्टी रन दे दिये। लॉ ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें इससे पहले के मैचों में कुछ चेतावनियां मिली थीं और हमें ओवर को जल्दी शुरू करना चाहिये था।

सशस्त्र बल हर चुनौती के लिए तैयार

राजनाथ सिंह ने संभाला रक्षामंत्री का कार्यभार, सेना के आधुनिकीकरण व सुरक्षा के लिए उठायेंगे ठोस कदम

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि नयी सरकार सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में अपना ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों और प्रणालियों से लैस किया जा रहा है और वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

रक्षा मंत्री सिंह ने अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार 2028-29 तक रक्षा निर्यात को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने के लिए पूरा प्रयास करेगी, जो अभी 21,083 करोड़ रुपये है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा विवाद के बीच सिंह ने वीरता और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सैन्य कर्मियों की सराहना की।

भारत के रक्षा परिदृश्य में हिंद महासागर क्षेत्र की बढ़ती महत्ता को रेखांकित करते हुए सिंह ने फैसला किया कि वह रक्षा मंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के तहत पहली यात्रा विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान की करेंगे, जहां वह अधिकारियों और नौसैनिकों से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, हमारा लक्ष्य रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के सुरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाना होगा। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और सेवारत तथा सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों के कल्याण पर हमारा ध्यान बना रहेगा। बाद में, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रक्षा मंत्री सिंह से मुलाकात की और समझा जाता है कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और निर्मला सीतारमण सहित उन वरिष्ठ भाजपा नेताओं में से एक हैं, जिन्हें वही मंत्रालय दिए गए हैं जो पिछली सरकार में भी उनके पास थे। सिंह ने कहा कि सरकार भारत के रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हमारा रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह ऐतिहासिक है। हमारा लक्ष्य 2028-2029 तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के रक्षा उपकरणों का निर्यात होगा। सिंह का, साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय कार्यालय में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायुसेना प्रमुख मार्शल वी आर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने स्वागत किया।

भारी बारिश से तीस्ता नदी उफान पर उत्तर बंगाल के कई इलाके जलमग्न

दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)। भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी में उफान आने से उत्तरी पश्चिम बंगाल के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिसके कारण प्रशासन को कलिम्पोंग-दार्जिलिंग मार्ग पर यातायात की आवाजाही रोकनी पड़ी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उत्तरी सिक्किम में भारी भूस्खलन के कारण हुई तबाही में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा पांच अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई, क्योंकि दार्जिलिंग और कलिम्पोंग को जोड़ने वाले तीस्ता बाजार और गिल खोला जैसे अन्य इलाकों में कई सड़कें जलमग्न हो गईं, जबकि उफनती तीस्ता नदी के कारण आसपास बने घरों को खतरा पैदा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस बुधवार रात से ही प्रभावित इलाकों में घोषणाएं कर रही है और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह कर रही है। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कें और घर जलमग्न हो रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस, नागरिक सुरक्षा दल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क किया जा चुका है।

संक्षेप

भारतीयों को रिकॉर्ड छात्र वीजा, संख्या बढ़ने के अनुमान : अमेरिका

नयी दिल्ली। पिछले साल रिकॉर्ड 1,40,000 छात्र वीजा जारी करने के बाद, भारत स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास इस साल भारतीय छात्रों के आवेदनों में संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस साल अनुमानित कुल संख्या पिछले साल के बराबर या उससे अधिक होगी। भारत में अमेरिकी मिशन ने बृहस्पतिवार को देश भर में अपना आठवां वार्षिक छात्र वीजा दिवस मनाया। इसके तहत नयी दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई के वाणिज्य दूतावास अधिकारियों ने छात्र वीजा आवेदकों के साक्षात्कार लिए। दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में सुबह से ही छात्रों की लंबी कतार देखी गई। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ते हैं और पिछले साल भारत में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने 1,40,000 से अधिक छात्र वीजा जारी किए जो किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक था। अमेरिकी दूतावास में कार्यवाहक महावाणिज्यदूत सैयद मुजतबा अंद्राबी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि अनुमान है कि दिन भर में लगभग 4,000 छात्रों का साक्षात्कार होगा।

अदालत ने इकबाल कासकर को जबरन वसूली मामले में किया बरी

ठाणे। ठाणे की एक विशेष अदालत ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को जबरन वसूली के एक मामले में बरी कर दिया। बुधवार को अपने आदेश में, विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत के न्यायाधीश अमित एम शेटे ने कहा कि कासकर को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया गया। न्यायधीश ने बताया कि अभियोजन पक्ष उसके खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा। ठाणे नगर पुलिस थाने में दर्ज 3 अक्टूबर 2017 के एक मामले के तहत इकबाल कासकर पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 (जबरन वसूली) और 387 (जबरन वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति की जान लेने या गंभीर चोट पहुंचाने का भय दिखाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि कासकर और अन्य आरोपियों ने उत्तर मुंबई के गोराई इलाके में 38 एकड़ जमीन से संबंधित सौदे को लेकर एक बिल्डर को धमकाया और उससे तीन करोड़ रुपये की जबरन वसूली की थी।

आप सरकार पानी की बर्बादी रोकने में विफल : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई ने राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और उस पर पानी की बर्बादी रोकने में विफल रहने तथा इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। भाजपा की दिल्ली इकाई की सचिव एवं नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पानी की कमी के कारण लोगों को टैंकर माफिया द्वारा लूटा जा रहा है। इससे पहले दिन में पुलिस ने मुनक नहर क्षेत्र में टैंकर माफिया की गतिविधियां रोकने के लिए गश्त शुरू की और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने दक्षिण

दिल्ली के निवासियों को पानी की आपूर्ति करने वाले पाइपलाइन नेटवर्क का निरीक्षण किया। आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली सरकार शहर भर में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट व उप-विभागीय मजिस्ट्रेट द्वारा गश्त के जरिए सुनिश्चित कर रही है कि, मुख्य पाइपलाइन से रिसाव के कारण एक बूंद पानी भी बर्बाद न हो।

कश्मीर में बड़ा खतरा बनकर उभरा है लिक्विड आईईडी

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के आंतकी परिदृश्य में तरल विस्फोटक 17 साल बाद फिर से वापसी करता दिख रहा है, क्योंकि हाल ही में पुलिस ने एक आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का पता लगाना मुश्किल होता है और इसलिए इसे डिफिकल्ट टू डीकेटेक्ट (डी2डी) श्रेणी में रखा गया है। इस महीने की शुरुआत में पुलवामा में हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी कमांडर रियाज डार उर्फ सथार और उसका साथी रईस डार मारा गया था। इसके बाद पुलिस ने आतंकवादियों के एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया था। इसी ओजीडब्ल्यू से तरल आईईडी बरामद हुआ है। रियाज डार 2014 में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हो गया था और उसने मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादियों अबू दुजाना और अबू इस्माइल के साथ काम किया था। वह कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। रियाज पर 10 लाख रुपये से अधिक का नकद इनाम घोषित था। वहीं, रईस डार पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम घोषित था। पुलिस ने मुठभेड़ के तुरंत बाद



लश्कर आतंकवादियों के लिए काम करने वाले ओजीडब्ल्यू के खिलाफ कार्वाई की और उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान एक ओजीडब्ल्यू ने बताया कि आतंकवादियों को पुलवामा के निहामा के रहने वाले बिलाल अहमद लोन, सज्जाद गनी और शाकिर बशीर ने पनाह और रसद प्रदान की थी। उन्होंने बताया कि इससे आतंकियों के ओजीडब्ल्यू नेटवर्क का खुलासा हुआ और इन तीनों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान ओजीडब्ल्यू ने पुलिस को बताया कि लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों ने तरल आईईडी तैयार किया है।

एलन मस्क व स्पेसएक्स पर मुकदमा

एजेंसी

न्यूयॉर्क। स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई। कार्यस्थल की अन्य चिंताओं के अलावा खुले पत्र में अधिकारियों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मस्क के सार्वजनिक व्यवहार की निंदा करने और कर्मचारियों से उनके अस्वीकार्य आचरण के लिए जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया गया था। इसमें मस्क के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को हल्के में लेना भी शामिल था।

चीन-पाक के संयुक्त बयान को भारत ने किया खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने चीन और पाकिस्तान के नवीनतम संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनुचित संदर्भों को बृहस्पतिवार को दृढ़ता से खारिज कर दिया और जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगें। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के बीच वार्ता के बाद गत सात जून को बीजिंग में संयुक्त बयान जारी किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने सात जून को चीन और पाकिस्तान के बीच संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनुचित संदर्भों को देखा है। हम ऐसे संदर्भों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर हमारी स्थिति सुसंगत है और संबंधित पक्षों को अच्छी तरह से पता है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। जायसवाल संयुक्त बयान पर मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

इंटरटेनमेंट...

छ दिन में 'मुंज्या' ने कमाये 32.47 करोड़

मुंबई। सुपरनैचुरल कॉमेडी फिल्म 'मुंजया' को माउथ पब्लिसिटी का जबरदस्त फायदा मिल रहा है। फिल्म लगातार वर्किंग डेज में भी अच्छी कमाई कर रही है। पहले वीकेंड पर 20 करोड़ रुपए कमाने के बाद फिल्म ने सोमवार, मंगलवार और बुधवार को लगातार 4 करोड़ + का बिजनेस किया है। फिल्म ने बुधवार को 4 करोड़ 11 लाख रुपए कमाए।

इसके साथ ही 6 दिनों में इसने 32 करोड़ 47 लाख रुपए का कलेक्शन कर लिया है। यह कलेक्शन हाल फिलहाल में रिलीज हुई 'भैया जी' और 'सावी' जैसी फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन से भी बेहतर है। बिना किसी बड़े स्टार के होते हुए भी शरवरी और अभय वर्मा स्टारर इस फिल्म ने अच्छा कलेक्शन किया है। फिल्म में 'बाहुबली' फेम कटप्पा

का भी एक्सटेंडेड कैमियो है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोद्दार ने किया है। वहीं इसे अमर कौशिक और दिनेश विजान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह 'स्त्री', 'रूही' और 'भेड़िया' के बाद मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की चौथी फिल्म है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म की कहानी अंत में जाकर वरुण धवन स्टारर 'भेड़िया' से कनेक्ट की जाती है।

सलमान खान को किया जा रहा टारगेट

मुंबई। सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर 14 अप्रैल को फायरिंग हुई थी। हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ग्रुप ने ली थी। 14 अप्रैल को सलमान खान के बांद्रा स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग हुई थी। घटना के दो महीने बाद सलमान ने मुंबई पुलिस को बयान दिया है।

सलमान ने पुलिस से कहा- 'बार-बार अलग-अलग लोगों के निशाने पर आने से मैं थक गया हूं। पहले भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं, जुमार्ने लगे हैं। कई केसों में फंसा हूं। मैं फ्रस्ट्रेट हो चुका हूं। मैं पहले से ही कोर्ट से सजा पा चुका हूं।' एक्टर ने बताया कि 14 अप्रैल की सुबह गोलियों की आवाज सुनकर ही उनकी नींद खुली थी। वे बालकनी में आए, लेकिन वहां कोई नहीं था। 1998 में सलमान ने फिल्म 'हम साथ साथ हैं' की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया था। लॉरेंस गैंग तभी से लगातार

सलमान को टारगेट कर रहा है। सलमान की बालकनी पर पुलिस को गोलियों के निशान मिले थे। वहीं सीसीटीवी में गोलियां चलाने वाले शूटर्स नजर आए थे। घटना के वक्त अरबाज खान अपने जुहू स्थित घर पर मौजूद थे। उन्होंने अपने बयान में पुलिस से कहा है कि वो अपने भाई को पूर्व में लॉरेंस गैंग से मिली धमकियों के बारे में जानते थे।

टी-20 वर्ल्ड कप के बाद 12 रियलिटी शो देंगे दस्तक

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद, आने वाले छह महीनों में कई बड़े रियलिटी शोज टेलीविजन पर दस्तक देंगे। अमिताभ बच्चन, सलमान खान, शिल्पा शेट्टी कई बड़े सेलेब्स एक बार फिर से टीवी पर लौटेंगे।

वहीं, श्रेया घोषाल, हिमेश रेशमिया, अनु मलिक समेत कई सिंगर्स भी अलग-अलग शोज में जज की कमान संभालते नजर आएंगे। बता दें, जून महीने के बाद, 'बिग बॉस', खतरों के खिलाड़ी', 'कौन बनेगा करोड़पति', 'इंडियन आइडल' समेत 12 रियलिटी शोज टीवी पर आने के लिए तैयार है। वैसे, मेकर्स साल के दूसरे भाग को ही ज्यादातर रियलिटी शो प्रीमियर करने के लिए क्यों चुनते हैं? 'नच बलिए', 'सुपर डांसर', 'इंडियाज बेस्ट डांसर', 'सुपरस्टार सिंगर' जैसे शोज को प्रोड्यूस कर चुके हेमंत रुपरेल की मानें तो इसकी सबसे बड़ी वजह है 'विज्ञापन'। बातचीत के दौरान, हेमंत कहते हैं, 'इस बात में

कोई दो राय नहीं कि रियलिटी शो प्रभावशाली होते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा ब्रांड्स की नजर उन पर होती है। यह एक ऐसा जॉनर है जिस पर ब्रांड ज्यादा खर्च करते हैं। वैसे, एंटरटेनमेंट के अलावा इन ब्रांड्स की नजर क्रिकेट पर भी होती है। ऐसे में जब आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) या वर्ल्ड कप जैसे बड़े इवेंट होते है, तो ब्रांड्स अपना ज्यादातर निवेश उस सेक्टर में करते हैं। यदि, इन क्रिकेट इवेंट्स के बीच कोई चैनल अपना बड़ा शो लॉन्च करे, तो विज्ञापन से मिलने वाले रेवेन्यू पर गहरा असर पड़ता है। इसलिए, ज्यादातर चैनल अपने शोज का स्लॉट इन इवेंट्स को ध्यान में रखकर करते हैं।'उन्होंने आगे कहा, 'वैसे, कौन-सा शो कौन-से स्लॉट पर आएगा, इसका फैसला चैनल ही करता है। ज्यादातर चैनल पूरे साल की प्लानिंग बनाते है। इस प्लान में वे अलग-अलग स्लॉट में अलग-अलग शोज की प्लेसमेंट करते है। बतौर प्रोडक्शन हाउस ओनर, हम केवल उनकी डिमांड पर शोज बनाते हैं।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com